CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 16-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMPJK1 User: cci Time: 01-15-2026 22:45 Color:

महानगर > मुंबई > शुक्रवार, 16 जनवरी 2026 > पौष 27, शक संवत 1947, माघ कृष्ण त्रयोदशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 14 > मूल्य ₹6.00 > पेज 16 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

ईरान ने अचानक बंद किया अपना एयरस्पेस

▶ देखें अंदर

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

ED रेड में 'बाधा' पर बंगाल सरकार को नोटिस

▶ देखें अंदर

iPhone 17 PRO

Go to IndiaiStore.com to find Apple Authorised Reseller stores near you.

Available with benefits up to ₹10000*

Up to ₹4000* instant cashback on credit cards of

AXIS BANK | ICICI Bank

+

Exchange bonus up to ₹6000*

*Terms and conditions apply.
Please scan the QR Code for terms and conditions.

INDIA iSTORE

INGRAM | Redington

नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । मुंबई । शुक्रवार, 16 जनवरी 2026

> नौकरशाही में अधिकार और जिम्मेदारियां स्पष्ट न हो, तो विभागों के बीच टकराव पैदा होता है और इससे शासन व्यवस्था ठप पड़ सकती है- *मैक्स वेबर, जर्मन समाजशास्त्री*

टकराव पर सवाल

पॉलिटिकल कंसल्टिंग फर्म I-PAC के यहां छापेमारी मामला वैसे तो अभी सुप्रीम कोर्ट में चल ही रहा है, लेकिन कोर्ट की अब तक की कार्यवाही भी काफी कुछ कहती है। इससे इतना संकेत जरूर मिलता है कि दोनों में से किसी भी पक्ष को पूरी तरह पाक-साफ कहना मुश्किल है।

गंभीर आरोप । इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल पुलिस की ईडी के खिलाफ दर्ज केस में जांच करने से रोक दिया है और राज्य सरकार से दो हफ्ते में जवाब मांगा है। ईडी ने सीएम ममता बनर्जी और राज्य पुलिस पर जांच में दखल देने और सबूतों की चोरी जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। दूसरी तरफ ममता का आरोप है कि I-PAC के पास तृणमूल कांग्रेस का डेटा था और ईडी को इसकी जानकारी थी।

ईडी बनाम बंगाल पुलिस

संवैधानिक प्रतिबद्धता । अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 3 फरवरी की तारीख तय की है। जाहिर है, आरोपों की सच्चाई जानने के लिए हमें अदालती फैसले का इंतजार करना होगा लेकिन जिस तरह से यह मामला अभी तक चला है, उससे लॉ एनफोर्समेंट एजेंसीज की भूमिका को लेकर सवाल तो उठते ही हैं। राजनीति में आरोप लगना-लगाना सामान्य बात है, लेकिन दो एजेंसियों - ईडी और राज्य पुलिस का यूं आमने-सामने आ जाना गंभीर मसला है। सही हो या गलत, उनके कामकाज के अंदाज से ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि वे इस या उस राजनीतिक दल के प्रभाव में हैं।

घेरे में दोनों पक्ष । अगर सवाल पुलिस के दखल का है, तो घेरे में ईडी के एक्शन की टाइमिंग भी है। अदालत में भी इस पॉइंट को उठाया गया, कि जिस कोल स्कैम की जांच ईडी कर रही है, उसमें आखिरी बयान फरवरी 2024 में दर्ज किया गया था। इतने लंबे गैप के बाद अब कार्रवाई क्यों? बंगाल में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं, तो यह पूछा जाना स्वाभाविक है।

सुधार की गुंजाइश । आंकड़ों को देखा जाए तो पिछले साल मार्च में सरकार ने संसद में बताया था कि 10 बरसों में राजनेताओं के खिलाफ ईडी ने 193 केस दर्ज किए और सजा मिली सिर्फ 2 में! वहीं, पिछले साल मई में ही एक मौके पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी रही कि केंद्रीय एजेंसी संविधान के संघीय ढांचे का उल्लंघन कर रही है। हालांकि ऐसे किसी खास मामले के आधार पर किसी केंद्रीय एजेंसी के बारे में कोई अंतिम राय बना लेना ठीक नहीं होगा, लेकिन इसमें शक नहीं कि ईडी को भी अपनी कार्यशैली में सुधार पर विचार करने की जरूरत है।

नियमों के सख़्ती से पालन बिना न ट्रैफिक सुधरेगा, न गिग वर्कर्स की स्थिति

सिर्फ़ टैगलाइन बदलेगी, हालात नहीं


AI Image

भारत में समय की पाबंदी लोगों की सहूलियत के हिसाब से चलती है। ऐसे में हैरानी की बात है कि पूरा देश इस समय 10 मिनट में ग्रोसरी डिलिवरी की बहस में उलझा हुआ है। सरकार ने क्विक कॉमर्स कंपनियों से कहा है कि वे अपने विज्ञापनों में '10 मिनट डिलिवरी' की टैगलाइन इस्तेमाल न करें। यह जानकर अच्छा लगा कि देश अचानक से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक हो गया है, वरना आमतौर पर यह कोई मुद्दा ही नहीं है। लेकिन, हकीकत यह है कि मार्केटिंग में बदलाव करने से जमीनी स्तर पर बदलाव नहीं आने वाला।

अनुपम मानुर

जवाबदेही की कमी । 10 मिनट में डिलिवरी का वादा केवल मार्केटिंग का तरीका है। इसमें कोई कानूनी प्रतिबद्धता नहीं है और न ही ग्राहकों के प्रति जवाबदेही। डोमिनो ने 30 मिनट में डिलिवरी या फ्री का वादा किया था। वहां पता था कि समय पर सामान नहीं मिलने पर क्या होगा, लेकिन 10 मिनट वाले केस में ऐसा कुछ नहीं है।

मार्केटिंग का खेल । हां, ऐसी टैगलाइन कंपनियों पर दबाव जरूर बनाती है, क्योंकि ग्राहक एक तय समय-सीमा में डिलिवरी की उम्मीद करने लगते हैं। लेकिन, एक बार जब ग्राहकों की उम्मीदें एक खास टाइम लिमिट से जुड़ चुकी हैं, तब टैगलाइन बदलने से ज्यादा असर नहीं पड़ना चाहिए। मार्केटिंग डिपार्टमेंट इसी तरह की दूसरी लाइन दे सकते हैं, जैसे - 'आपकी चाय ठंडी होने के पहले डिलिवरी' या फिर 'एड ब्रेक खत्म होने के पहले आपके दरवाजे पर'।

डेटा का उपयोग । अल्ट्रा-फास्ट डिलिवरी का वादा इस तरह पूरा नहीं किया जाता कि एजेंट पूरे शहर में तेज रफ्तार से दौड़ते रहें या लंबी दूरी तय करें। इसके पीछे है डेटा का समझदारी से इस्तेमाल, कम लागत वाला श्रम और घनी आबादी वाले इलाकों में छोटे गोदाम। क्विक कॉमर्स कंपनियां ग्राहकों की मांग को देखकर उन्हीं इलाकों में डार्क स्टोर खोलती हैं, जहां से डिलिवरी आसान हो।

समय का दबाव । एल्गोरिदम के स्तर पर देखा जाए, तो ग्राहकों को कभी 10 मिनट का तय समय नहीं दिखाया जाता। डार्क स्टोर की दूरी, ट्रैफिक, दिन का समय, मौसम और राइडर की उपलब्धता के हिसाब से यह बदलता रहता है। सबसे अहम बात यह है कि राइडर्स को वह समय नहीं दिखता, जिसका वादा ग्राहकों से किया गया है यानी उन पर डेडलाइन पूरा करने का दबाव नहीं होता।

> **10 मिनट डिलिवरी वाली बहस**
> - केवल डिलिवरी एजेंट ही ट्रैफिक नियम नहीं तोड़ते
> - गिग वर्क की प्रकृति के कारण जल्दी में होते हैं एजेंट
> - ग्राहकों को जल्दी डिलिवरी की उम्मीद अब भी रहेगी

काम की प्रकृति । डिलिवरी बॉय अगर जल्दबाजी में दिखते हैं, तो इसकी वजह गिग वर्क की प्रकृति है। इस काम में डिलिवरी के हिसाब से भुगतान मिलता है। जितनी जल्दी एक डिलिवरी पूरी होगी, उतनी ही जल्दी राइडर दूसरी डिलिवरी ले पाएगा। अब वादा चाहे 10 मिनट का हो या आधे घंटे का, जब काम की प्रकृति नहीं बदली तो व्यवहार कैसे बदल जाएगा।

सेक्टर की जिम्मेदारी । दूसरे देशों के मुकाबले भारत में गिग वर्कर्स की स्थिति काफी अलग है। यहां इस काम को फ्रीलांस नहीं, बल्कि कमाई का मुख्य जरिया माना जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था रोजगार के पर्याप्त मौके नहीं पैदा कर पाई, लेकिन इसकी पूरी जिम्मेदारी एक सेक्टर पर डालना ठीक नहीं। यह बात सही है कि देश के युवा बड़ी संख्या में ऐसे काम कर रहे हैं, जिसमें आगे बढ़ने का रास्ता नहीं है। इसे आदर्श स्थिति नहीं मान सकते, लेकिन विकसित देशों की तरह श्रम मानक लागू करने की मांग भी सही नहीं है।

बदहाल ट्रैफिक । भारत में ट्रैफिक नियम तोड़ना आम समस्या है। पुलिसवाले तक रॉन्ग साइड गाड़ी चलाते दिख जाते हैं। नियमों का पालन कराने की व्यवस्था कमजोर है। अब राइडर्स चूंकि खास ड्रेस पहनते हैं, तो वह पहचान में आ जाते हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि केवल वही नियम तोड़ रहे हैं। और यह मान लेना भी गलत होगा कि '10 मिनट' न कहने से अब वे ट्रैफिक नियमों का पालन करने लगेंगे।

कंपनियों से मांग । हमारी मांग यह होनी चाहिए कि देरी से डिलिवरी पर क्या पेनाल्टी होगी, कंपनियां बताएं। वे अपने राइडर्स को ट्रैक करती हैं, तो उनको ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करें। कंपनियों को बताना चाहिए कि कितने डिलिवरी एजेंट सड़क हादसों का शिकार होते हैं। इससे पता चलेगा कि क्या उनमें हादसों की दर ज्यादा है।

सरकार को छूट । फर्मों से टैगलाइन हटाने को कहना आसान सरकारी कदम है। इससे सरकार को ज्यादा मुश्किल काम से छूट मिल जाती है, मसलन - नियमों को सख्ती से लागू करना, इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार या पुलिस की जवाबदेही तय करना। इससे एक खतरा भी है - कहीं स्लोगन हटाकर यह न मान लिया जाए कि समस्या खत्म हो गई।

(लेखक बेंगलुरु के तक्षशिला इंस्टिट्यूशन में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर हैं)

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें

www.speakingtree.nbt.in

अहंकार के कारण श्रीकृष्ण को नहीं पहचान पाया दुर्योधन

जयति गोयल

जिसका मन निर्मल है, उसके लिए हर नदी, हर कूप और हर तालाब का पानी गंगाजल के समान पवित्र है। हम कृष्ण और राम के चरित्र की कथाएं तो बड़े प्रेम से सुनते हैं, पर यह देखने का साहस कम ही करते हैं कि उनकी दी हुई सीख को अपने जीवन में कितना उतार पाए। दिन भर झूठ, फरेब और स्वार्थ में उलझे रहने के बाद शाम को मंदिर जाकर कुछ पत्र-पुष्प भगवान को अर्पित कर देते हैं, चौखट पर माथा टेककर क्षमा मांग लेते हैं और संतुष्ट हो जाते हैं। भजन-कीर्तन करते हैं और यह मान लेते हैं कि हम भक्त हो गए।

बेशक इन सबका अपना महत्व है, पर प्रश्न है- पूजा जब ईश्वर की करनी है, तो कर्म अपने स्वार्थ के लिए क्यों? संतुलित दृष्टि से देखें तो कर्म के प्रति निष्ठा, आचरण की पवित्रता और पूजा-पाठ - तीनों का अपना महत्व है। हमारे शास्त्रों में कर्मकांड भी किसी निश्चित उद्देश्य की पूर्ति के लिए ही निर्धारित किए गए हैं। लेकिन बिना अपेक्षा के कर्म की भी बात की गई है।

AI Image

संसार में ईश्वर जब हर जगह है, तो केवल मंदिरों, पूजा-घरों या धार्मिक आयोजनों में हम क्यों भटक रहे हैं? जब हमारा प्रत्येक कर्म ईमानदारी और करुणा से भरा होता है, तब वही कर्म पूजा बन जाता है। और जब कर्म ही पूजा बन जाए, तब मंदिर और प्रयोगशाला, दोनों में कोई भेद नहीं रह जाता।

गीता के प्रसंग में देखें तो अर्जुन और दुर्योधन, दो भिन्न प्रवृत्तियों के प्रतीक हैं। अर्जुन संवेदना, करुणा और सरलता का प्रतीक है, जबकि दुर्योधन लोभ, अहंकार और अंधे मोह में डूबा हुआ है - इतना कि भगवान सामने होते हुए भी उन्हें पहचान नहीं पाता। स्पष्ट है कि जहां मन निर्मल नहीं, वहां न राम टिक सकते हैं, न कृष्ण।

इसलिए जिनका मन निर्मल है, उन्हें ईश्वर को खोजने के लिए न तीर्थों की यात्रा करनी पड़ती है और न गंगा में डुबकी लगाने, न मंदिरों में भटकने की जरूरत होती है। ईश्वर वहीं प्रकट हो जाता है, जहां मन निर्मल और कर्म पवित्र होता है।

LGBTQ+ विषयों की किताबें भी ख़ूब बिक रहीं

ई-बुक के आने से प्रिंटेड साहित्य और किताबों के भविष्य पर खतरे की आशंका बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि परंपरागत किताबों के पाठक कम हो गए हैं। इसलिए, अब प्रकाशन समूह भी नए जमाने के पाठकों को साधने के लिए उनके पसंदीदा विषयों पर जोर दे रहे हैं। Gen-Z पाठकों को किताबों से जोड़ने के लिए भी प्रकाशक नए तौर-तरीके आजमा रहे हैं।

राम त्रिपाठी

दौर बरकरार । राजकमल प्रकाशन के मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक माहेश्वरी इससे इत्तेफाक नहीं रखते। उन्हें लगता है कि छपी किताबों का रुतबा बरकरार है। प्रिंट की दुनिया कभी खत्म होने वाली नहीं है। लेकिन, वाणी प्रकाशन की CEO अदिति माहेश्वरी बताती हैं कि कोरोना के समय ई-बुक की तरफ लोगों का रुझान बढ़ा था। मगर, अब पाठक दोबारा किताबें खरीदने लगे हैं।

प्रिंट प्रामाणिक । प्रिंट की मजबूती का कारण पूछने पर अशोक बताते हैं कि प्रिंट भरोसेमंद है। खबर सच है या नहीं यह आज भी अखबार से ही पता चलता है। नए जमाने की किताबों पर अदिति बताती हैं कि आज कहानियों के अलावा साहित्य की मांग है। लोगों की दिलचस्पी इतिहास, समाजशास्त्र और जीवनी पढ़ने में है। LGBTQ+ विषयों से जुड़ी किताबें भी खूब बिक रही हैं।

सांस्कृतिक समझ । कहा जा रहा है कि कहानी, कविता के साहित्य के प्रति पाठकों का उत्साह घट रहा है। लेकिन अशोक के मुताबिक, अब जीवन से जुड़े विषयों को लोग खूब पढ़ रहे हैं। लोग आत्मकथा, जीवनी, संस्मरण पसंद कर रहे हैं। वहीं, अदिति का कहना है कि पाठक अब सांस्कृतिक समझ बढ़ाना चाहते हैं। इसलिए, वे ऐसी किताबें पसंद कर रहे, जिनसे उन्हें अन्य संस्कृतियों के बारे में जानकारी मिले।

कॉमन रूम

AI Image

नए लेखक बने पसंद । Gen-Z पाठकों की बात करें तो उन्हें नए लेखकों की किताबें पसंद आ रही हैं। अशोक का कहना है कि उन्हें जीवन से जुड़ी ऐसी सामग्री चाहिए, जिसे वह खुद के साथ जोड़ सकें। इसके अलावा, नए जमाने के पाठकों को करियर ग्रोथ और मेंटल स्टेबिलिटी वाली किताबें ज्यादा पसंद आती हैं। हिंदी में अनुवाद किए गए दूसरी भाषा के उपन्यास की भी खूब बिक्री होती है।

AI का दौर । पिछले 5-6 वर्षों में साहित्य में आए बदलावों पर करीबी नजर रखने वाले अशोक माहेश्वरी का कहना है कि अब कविताएं भी अलग तरीके से लिखी जा रही हैं। इसके अलावा, बिक्री बढ़ाने के लिए नए प्रयोग भी किए जा रहे हैं। प्रकाशन समूह भी AI ला रहे हैं। AI के साथ साहित्य में प्रयोग किए गए हैं। ये पाठकों को रास आ रहे हैं। लेकिन, मौलिक साहित्य को इससे बचाने की जरूरत है।

तिराहा

धनात् धर्मः !

कंपकपाती ठंड में पतित पावनी में डुबकी लगा सुधर्मा कुछ कदम ही चली थी कि रेत रज से पट गई। रेत सुधर्मा की आस्था से विह्वल हो उनके आलिंगन को नहीं आई थी, अपितु वर्जित क्षेत्र में नव पट्टाभिषेकी के विदेशी वाहन की अनियंत्रित गति की उपज थी। 'संत की चरण रज है, स्नान सफल हुआ,' सुखनंदन ने स्थिति संभाली। 'घंटा चरण रज! ये वाहन रज है, रोज सड़कों पर मिलती है। इतनी विलासिता! इससे अच्छा गृहस्थ हो जाते', सुधर्मा आग बबूला थीं।

प्रेम शंकर मिश्र

'प्रिये! सिद्धांत कहता है, सन्मार्ग तिनि संतः यानी संत वह जो सन्मार्ग पर चले। व्यवहार कहता है, सन्मार्ग वह जिस पर सक्षम चले। जिसे तुम विलासिता कह रही हो, यह तो सत्य का प्रयोग है। जिसे हम मायाजाल या भौकाल कहते हैं, यह तो भक्तों को भाव से जोड़ने का एक मार्ग भर है। जिसे तुम कोस रही हो, उसका संघर्ष समझो। आसक्ति की चाशनी में डूब कर विरक्ति का पकवान बनाने के लिए कितना समन्वय करना पड़ता होगा। वैसे भी हमारे यहां कहा गया है, धनात् धर्म!'

'दान का दर्शन भी यही कहता है - सुपात्रदानात् च भवेत् धनाढ्यो। कुपात्र दानात् च भवेत् दरिद्रो। अतः उद्योगपति कुपात्र कर्मचारियों के वेतन पर धन का अपव्यय करने के स्थान पर सीएम, पीएम कोष, पार्टी फंड, 'पहुंचे' वेशधारियों को दान देते हैं। इससे कृपा, प्रतिष्ठा, छूट व सानिध्य लाभ होता है, जो अंततः सुख का कारक होता है। धनात् धर्मः तद सुखम् - परलोक की राह यह भले न दिखा पाएं, पर इहलोक की हर सत्ता या सत्ता के लालसाधारी की राह इनसे होकर गुजरती है।' रेत झाड़ते हुए सुखनंदन ने समझाया।

'फिर आसक्ति व विरक्ति में अंतर कहां?' 'नहीं सुंदरी, यह हमारी संकुचित दृष्टि व वैचारिक दरिद्रता है। बानाधारी तो 'तेन त्यक्तेन भुंजीथा' अर्थात त्याग के साथ उपभोग का मंत्र जीते हैं। उनके आशीर्वाद से किसी को 300 करोड़ का लाभ हुआ, तो उसने आस्था वश तीन करोड़ का वाहन दान कर दिया। इसमें बाबा की लालसा कहां, यह तो शिष्य की भावना है। भावना का निरादर पाप है।'

कांटे की बात

> मतदान के बाद जो इंक लगाई जाती है, उसे नेल पॉलिश रिमूवर, सैनिटाइजर से मिटाया जा रहा है, चुनाव आयोग किसलिए है। इसका मतलब यह है कि आयोग और सत्ताधारी पक्ष की मिलीभगत है। यह सीधे-सीधे लोकशाही की हत्या हो रही है।

उद्धव ठाकरे, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख

समझ की शख्सियत

ट्रंप को चुनौती देने वाले फ्रेडरिक कौन

ग्रीनलैंड को अमेरिका खरीदना चाहता है, पर वहां के पीएम जेंस फ्रेडरिक नीलसन का कहना है कि हम बिकाऊ नहीं और चुनने की नौबत आई, तो डेनमार्क को चुनेंगे। इससे खफा डॉनल्ड ट्रंप पूछ रहे - ये फ्रेडरिक कौन है? आइए जानते हैं :

सबसे युवा प्रधानमंत्री

पिछले साल अप्रैल में जब जेंस फ्रेडरिक नीलसन ने सत्ता संभाली, तब उनकी उम्र केवल 34 साल थी। वह ग्रीनलैंड के सबसे युवा पीएम हैं, लेकिन विचारों से उतने ही परिपक्व। इससे पहले उद्योग और खनिज संसाधन मंत्री रह चुके हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ ग्रीनलैंड में सोशल साइंस की पढ़ाई के दौरान ही वह सामाजिक मुद्दों से जुड़ गए थे। पढ़ाई के बाद Democrats party के सदस्य बने।

अमेरिका पर रुख

ग्रीनलैंड की जिस खनिज संपदा पर ट्रंप की नजर है, उस पर नीलसन छात्र राजनीति के दौर से बात करते रहे हैं। उनकी पार्टी खुद को सोशल-लिबरल और प्रो-बिजनेस बताती है। अमेरिका के साथ व्यापार होना चाहिए, पर ग्रीनलैंड का कोई भी फैसला ग्रीनलैंडर्स करेंगे। पिछले चुनाव में नीलसन की पार्टी को 30% वोट मिले थे। उन्होंने दूसरे दलों के साथ गठबंधन करके सरकार बनाई है। इससे केवल एक ही दल बाहर है - Naleraq, जो अमेरिका के साथ ज्यादा सहयोग के पक्ष में है।

जनता जंक्शन

इरफान

यंग प्रेजिडेंट की टीम में क्या सीनियर भी होंगे

पूनम पाण्डे

BJP के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन को अगले हफ्ते राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाना है। अभी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ही हैं। नितिन नवीन BJP में युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। 45 की उम्र में उन्हें जिम्मेदारी सौंपकर पार्टी ने पीढ़ीगत बदलाव का संकेत दिया है। लेकिन अब सबकी निगाहें नई राष्ट्रीय टीम पर टिकी हैं। नितिन नवीन के जरिए BJP का ये संदेश तो साफ है कि नई पीढ़ी तैयार करने में पार्टी पीछे नहीं रहेगी ताकि आगे चलकर संगठन संभालने वालों की कमी ना रहे। लेकिन सवाल है कि इसकी कितनी झलक नितिन नवीन की नई टीम में दिखेगी।

विशुद्ध राजनीति

कसौटी

जोश और अनुभव दोनों

माना जा रहा है कि पार्टी की जो नई राष्ट्रीय टीम बनेगी उसमें युवा ज्यादा हो सकते हैं पर सीनियर्स को भी अनदेखा नहीं किया जाएगा। एक नेता ने कहा कि पार्टी को युवा जोश चाहिए तो सीनियर्स के अनुभव की भी जरूरत है। ऐसे में नितिन नवीन के सामने चुनौती युवा और सीनियर्स की टीम को साथ लेकर चलने की होगी।

BJP का संसदीय बोर्ड सबसे अहम होता है। किसे टिकट देना है, किसे सीएम उम्मीदवार बनाना है, पार्टी संविधान के मुताबिक ये सभी फैसले संसदीय बोर्ड में ही लिए जाते हैं। BJP के संसदीय बोर्ड में इस वक्त जेपी नड्डा (उम्र 65 साल) के अलावा पीएम नरेंद्र मोदी (75), अमित शाह (61), राजनाथ सिंह (74), सर्बानंद सोनोवाल (63), बीएस येदियुरप्पा (82), के. लक्ष्मण (69), इकबाल सिंह लालपुरा (71), सुधा यादव (60), सत्यनारायण जटिया (79) और बीएल संतोष (55) हैं। यानी लगभग सभी 60 साल से ज्यादा उम्र के हैं। नितिन नवीन खुद 45 साल के हैं तो इस बार संसदीय बोर्ड में कौन-कौन शामिल होते हैं, यह भी देखना होगा।

पार्टी का संविधान कहता है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष वही बन सकता है जो कम से कम चार अवधियों तक सक्रिय सदस्य और कम से कम 15 साल तक पार्टी का प्राथमिक सदस्य रहा हो। BJP के सांगठनिक चुनाव में सबसे पहले प्राथमिक समिति के चुनाव होते हैं। फिर मंडल स्तर पर और फिर जिला स्तर पर चुनाव होते हैं। इसके साथ ही प्रदेश स्तर का निर्वाचन मंडल चुना जाता है। प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए उस प्रदेश में विधानसभा की जितनी सीटें हैं, उतने सदस्य होते हैं। अगर कोई महिला चुन कर नहीं आती तो महिला का समायोजन करना होता है। उस प्रदेश में विधानसभा की जितनी सीटें आरक्षित हैं उतने ही उस आरक्षित समुदाय के लोग इस निर्वाचन मंडल में होते हैं। ये सब मिलकर प्रदेश अध्यक्ष को चुनते हैं।

मतदान के आसार कम

इसी समय राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन मंडल का भी चुनाव होता है जिसे राष्ट्रीय परिषद कहते हैं। यही परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करती है। जितनी लोकसभा सीटें हैं उतने सदस्य राष्ट्रीय परिषद में होते हैं और अगर कोई महिला चुनकर नहीं आई तो उनका समायोजन करना होता है। लोकसभा में जितनी आरक्षित सीटें हैं उतने ही सदस्य आरक्षित समुदाय के होते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए उम्मीदवारों का नामांकन ऐसे कम से कम पांच राज्यों की राष्ट्रीय परिषद इकाइयों से प्रस्तावित होना चाहिए, जहां संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हों। साथ ही उम्मीदवार को नामांकन पत्र में अपनी सहमति देनी होती है। हालांकि BJP के अब तक के इतिहास में कभी भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए मतदान की स्थिति नहीं आई है। हर बार राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव निर्विरोध ही हुआ है। लेकिन चुनाव की प्रक्रिया पूरी करनी होती है।

एकदा

संकलन : दिलीप लाल

संवेदना से साहित्य

शरत चंद्र चट्टोपाध्याय का जीवन इस बात का प्रमाण है कि सच्ची साहित्यिक साधना केवल कल्पना से नहीं, बल्कि जीवन को बहुत पास से देखने और जीने से जन्म लेती है। 13 वर्षों (1906-1919) तक वह बर्मा (म्यांमार) में रहे। रंगून और पेगु में उन्होंने कई नौकरियां कीं। बाद में बर्मा लोक निर्माण लेखा कार्यालय में काम मिला। उनका ज्यादा समय रंगून के उन इलाकों में बीता, जहां मेहनतकश मिस्त्री और कारीगर रहते थे। वह उनके बीच केवल लेखक नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद साथी की तरह रहते थे। इसी दौर में उन्होंने बर्नार्ड फ्री लाइब्रेरी से समाजशास्त्र, दर्शन, मनोविज्ञान और राजनीति जैसी गंभीर विषयों की पुस्तकें पढ़ीं। 1912 में जब उनका लकड़ी का घर जल गया और 'चरित्रहीन' की पांडुलिपि सहित सब कुछ नष्ट हो गया, तब भी वह टूटे नहीं, उसे उन्होंने दोबारा लिखा। 1913-14 में पत्रिका जमुना के लिए लिखी एक कहानी ने उन्हें रातों-रात प्रसिद्ध कर दिया। 16 जनवरी 1938 को कलकत्ता में लीवर कैंसर से शरत चंद्र का निधन हो गया, लेकिन उनका साहित्य आज भी सिखाता है कि सच्चा लेखक वही है, जो सत्ता नहीं, संवेदना के पक्ष में खड़ा हो।

Subrata Dhar

रीडर्स मेल

www.edit.nbt.in

विश्वसनीय नहीं रहे ट्रंप

भारत-अमेरिका के रिश्तों में उतार चढ़ाव के बीच अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के बयान नई उम्मीद जगाते अवश्य हैं, लेकिन हालिया अनुभव बताता है कि वाशिंगटन के संकेत अक्सर विरोधाभासी रहे हैं। ट्रंप एक ओर व्यापार वार्ता दोबारा शुरू होने और भारत को रणनीतिक साझेदार मानने की बात करते हैं, तो दूसरी ओर 500% टैरिफ जैसे बयान भरोसे को झटका देते हैं। इसका सीधा असर आर्थिक माहौल और शेयर बाजार पर दिख रहा है, जहां निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है और एफआईआई की बिकवाली जारी है। ट्रंप प्रशासन की 'दोस्ती की भाषा' और 'दबाव की नीति' के बीच यह दोहरापन भारत के लिए चिंता का विषय है।

अमृतलाल मारू 'रवि', ईमेल से

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 16-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMARTH User: c-suman.v Time: 01-15-2026 23:17 Color:

फटाफट खबरें

बेरोजगारी दर बढ़कर 4.8%

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : 15 साल और इससे ऊपर के लोगों में बेरोजगारी दर दिसंबर में 4.8% रही, जो नवंबर में 4.7% थी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी पीरियाडिक लेबर फोर्स सर्वे में यह जानकारी मिली। ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी दर बिना बदलाव के साथ 3.9% रही। वहीं, शहरों में यह 6.5% से बढ़कर 6.7% हो गई। 15 साल और इससे ज्यादा उम्र के लोगों में वर्कर पॉपुलेशन रेशियो नवंबर के 75.4% से बढ़कर दिसंबर में 76% हो गया।

19-22 मार्च तक इलेक्ट्रिसिटी समिट

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : राष्ट्रीय राजधानी में इस साल मार्च में भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट का आयोजन होगा। पावर मिनिस्टर मनोहर लाल खट्टर ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस वैश्विक सम्मेलन और प्रदर्शनी में दुनियाभर के विशेषज्ञ जुटेंगे। उन्होंने इस मौके पर समिट के लिए ब्रोशर और टीजर फिल्म भी जारी की। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के यशोभूमि में 19 से 22 मार्च तक होने वाले समिट की थीम 'इलेक्ट्रिफाइंग ग्रोथ, एम्पावरिंग सस्टेनेबिलिटी, कनेक्टिंग ग्लोबली' है।

टाइगर ग्लोबल चुकाए टैक्स : SC

Flipkart सौदे पर सुप्रीम कोर्ट ने पलटा हाई कोर्ट का फैसला



NBT रिपोर्ट : सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इनकम टैक्स के उस फैसले को सही ठहराया है, जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी निवेश कंपनी टाइगर ग्लोबल को 2018 में फ्लिपकार्ट से बाहर निकलते समय हुए मुनाफे (कैपिटल गेंस) पर भारत में टैक्स देना होगा। जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने दिल्ली हाई कोर्ट के अगस्त 2024 के फैसले को पलट दिया। हाई कोर्ट ने टाइगर ग्लोबल के पक्ष में फैसला सुनाते हुए टैक्स की मांग को रद्द कर दिया गया था। टाइगर ग्लोबल ने फ्लिपकार्ट में अपनी 1.6 बिलियन डॉलर की हिस्सेदारी वॉलमार्ट को बेची थी।

NBT Explainer

Q कोर्ट ने क्या कहा? : सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जब यह तथ्य सामने आ गया है कि जिन शेयरों को बेचकर कंपनी ने मुनाफा कमाया, उन्हें कानून के खिलाफ जाकर एक खास व्यवस्था के तहत ट्रांसफर किया गया था। ऐसी स्थिति में कंपनी टैक्स छूट (DTAA के आर्टिकल 13(4) के तहत) का दावा नहीं कर सकती।

Q क्यों है अहम? : सुप्रीम कोर्ट का ये फैसला अमेरिकी कंपनी के लिए एक बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। ET के मुताबिक, यह फैसला उन सभी के लिए बड़ा सबक है जो मॉरिशस या सिंगापुर के रास्ते भारत में पैसा लगाते हैं। कोर्ट का यह फैसला भारतीय टैक्स विभाग के लिए बड़ी जीत है।

Q क्या है पूरा विवाद? : टाइगर ग्लोबल ने अक्टूबर 2011 से अप्रैल 2015 के बीच फ्लिपकार्ट सिंगापुर के शेयर खरीदे थे। बाद में इन शेयरों को लक्जमबर्ग की एक कंपनी 'फिट होल्डिंग्स SARL' को ट्रांसफर कर दिया गया। साल 2018 में जब वालमार्ट ने भारतीय ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट में बड़ी हिस्सेदारी खरीदी, तब टाइगर ग्लोबल इस से बाहर निकल गई थी। टाइगर ग्लोबल ने फरवरी 2019 में अथॉरिटी फॉर अडवांस रूलिंग्स (AAR) का दरवाजा खटखटाया था। AAR ने तब अपने फैसले में कहा था कि टाइगर ग्लोबल ग्रुप का ढांचा यह दिखाता है कि यह कंपनी और इसकी मालिक कंपनियां केवल टैक्स बचाने की एक योजना का जरिया भर थीं। AAR ने यह भी माना था कि इस कंपनी का असली कंट्रोल और मैनेजमेंट मॉरिशस में नहीं, बल्कि अमेरिका स्थित TGM LLC के पास था। दिल्ली हाई कोर्ट ने फैसले में कहा था कि TGM LLC केवल एक इन्वेस्टमेंट मैनेजर के तौर पर काम कर रही थी और उसे पैरेंट या होल्डिंग कंपनी नहीं माना जा सकता।

Q क्या थी आपत्ति? : भारत में इनकम टैक्स विभाग ने इस पर सवाल उठाए। विभाग का कहना था कि अमेरिकी कंपनी टाइगर ग्लोबल ने मॉरिशस की कंपनी को सिर्फ टैक्स बचाने के लिए एक मुखौटे की तरह इस्तेमाल किया है। विभाग का मानना था कि मॉरिशस में इस कंपनी का कोई असली वजूद नहीं है। टाइगर ग्लोबल ने टैक्स छूट के लिए मॉरिशस सरकार से मिला टैक्स रेजिडेंसी सर्टिफिकेट (TRC) भी दिखाया, लेकिन टैक्स विभाग ने उसे मानने से इनकार कर दिया था।

इस फैसले का होगा दूरगामी असर

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से साफ है कि विदेशी कंपनियां टैक्स संधि का फायदा उठाकर भारत में कमाई पर टैक्स देने से बच नहीं सकतीं। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि अगर यह पाया जाता है कि कोई सौदा सिर्फ टैक्स बचाने के लिए किया गया है, तो उसे संधि का फायदा नहीं मिलेगा। इस फैसले से आने वाले समय में विदेशी निवेश के तरीकों और कंपनियों को खरीदने-बेचने के तरीके में बड़ा बदलाव आएगा।

2018 का सौदा

- **SC का फैसला:** टाइगर ग्लोबल को फ्लिपकार्ट सौदे से हुए मुनाफे पर भारत में टैक्स देना होगा।
- **HC का आदेश रद्द:** SC ने दिल्ली हाई कोर्ट के अगस्त 2024 के फैसले को पलट दिया जो कंपनी के हक में था।
- **वजह:** कोर्ट ने माना कि शेयरों का ट्रांसफर टैक्स बचाने की एक ऐसी व्यवस्था थी जिसे कानूनन सही नहीं माना जा सकता।
- **अक्टूबर 2011 से अप्रैल 2015:** इस दौरान टाइगर ग्लोबल ने फ्लिपकार्ट सिंगापुर के शेयर खरीदे थे।

टैरिफ के बीच भारत का निर्यात बढ़ा, अमेरिका में दिखा असर

दिसंबर में निर्यात बढ़कर 38 बिलियन डॉलर से ज्यादा

AI Image

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : अमेरिकी टैरिफ और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद दिसंबर में भारत से वस्तुओं का निर्यात सालभर पहले के इसी महीने से 1.87% बढ़कर 38.5 बिलियन डॉलर का रहा। वहीं, गोल्ड इंपोर्ट करीब 12% घटकर 413.4 करोड़ डॉलर रहने पर भी कुल आयात 8.7% बढ़कर 63.55 बिलियन डॉलर का रहा। इसके चलते व्यापार घाटा सालभर पहले के 20.6 बिलियन डॉलर से बढ़कर 25.04 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। गुरुवार को कॉमर्स मिनिस्ट्री ने यह जानकारी दी।

गोल्ड इंपोर्ट 12% कम, सिल्वर का आयात 80% बढ़ा

नवंबर में निर्यात करीब 20% बढ़ा था। दिसंबर में सिल्वर का इंपोर्ट 79.66% बढ़कर 75.8 करोड़ डॉलर का रहा। इस वित्त वर्ष में अप्रैल से दिसंबर तक वस्तुओं का कुल निर्यात सालाना 2.44% बढ़कर 330.29 बिलियन डॉलर हो गया। दिसंबर में चीन को निर्यात 67.35% बढ़कर 204.7 करोड़ डॉलर का रहा। वहां से आयात 20.01% बढ़कर 1169.2 करोड़ डॉलर का रहा। वहीं, दिसंबर में अमेरिका को निर्यात सालभर पहले से 1.83% घटकर 688.6 करोड़ डॉलर रहा। अमेरिका का 50% टैरिफ 27 अगस्त को लागू हुआ था। उसके बाद सितंबर से दिसंबर तक अमेरिका को निर्यात 25.6 बिलियन डॉलर का रहा, जो सालभर पहले की इसी अवधि में 25.8 बिलियन डॉलर पर था।

'चुनौतियों के बावजूद बढ़ रहा एक्सपोर्ट' : कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने कहा कि चुनौतियों के बावजूद एक्सपोर्ट बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, 'इस वित्त वर्ष में वस्तुओं का निर्यात 450 बिलियन डॉलर के पार जा सकता है और सेवाओं सहित कुल निर्यात 850 बिलियन डॉलर से ज्यादा होने की उम्मीद है।' FIEO के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा, 'अप्रैल-दिसंबर के दौरान निर्यात में बढ़ोतरी निर्यातकों की क्षमता का प्रमाण है।' दिसंबर में मुख्य रूप से पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स, जेम्स एंड जूलरी, चावल, प्लास्टिक और लेदर प्रोडक्ट्स के निर्यात में कमी आई। वहीं, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, समुद्री उत्पादों और दवाओं का निर्यात बढ़ा।

'US से ट्रेड डील के बेहद करीब'

कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत और अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के 'बेहद करीब' पहुंच गए हैं। कहा कि जब दोनों पक्ष तैयार होंगे, तो डील का ऐलान हो जाएगा। अग्रवाल ने कहा कि अभी लंबित मुद्दों पर वर्चुअल तरीके से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह बेहद करीब है, लेकिन हम कोई डेडलाइन नहीं दे सकते क्योंकि यह तब होगा, जब दोनों पक्ष तैयार हों और उन्हें लगे कि इसके ऐलान का सही समय आ गया है।' ईरान से बिजनेस करने वाले देशों पर 25% टैरिफ लगाने के अमेरिकी राष्ट्रपति के ऐलान के बारे में अग्रवाल ने कहा कि ईरान को काफी कम निर्यात होता है और वह भी मानवीय आधार पर होता है।

जियो फाइनेंशल के मुनाफे में 9% की आई गिरावट

AI Image

NBT रिपोर्ट, मुंबई: जियो फाइनेंशल सर्विसेज लिमिटेड ने गुरुवार को अपने तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2025) के नतीजे घोषित किए। कंपनी को इस तिमाही में 269 करोड़ रुपये का कुल मुनाफा हुआ है, जो पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले 9 फीसदी कम है।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में उसे 295 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। हालांकि, कंपनी की कुल आमदनी पिछले साल के 449 करोड़ रुपये से करीब दोगुनी होकर 901 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। आमदनी के साथ-साथ कंपनी के खर्चों में भी बड़ी बढ़ोतरी देखी गई है। साल भर पहले जो खर्च 131 करोड़ रुपये थे, वे अब बढ़कर 566 करोड़ रुपये हो गए हैं। इस तिमाही के दौरान कंपनी का ऑपरेटिंग प्रॉफिट 7 फीसदी बढ़कर 354 करोड़ रुपये रहा।

वहीं, HDFC लाइफ इंश्योरेंस का शुद्ध मुनाफा 418.2 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल इसी दौरान यह 421.3 करोड़ रुपये था। इस बार मुनाफे में कोई खास बदलाव नहीं आया है और यह लगभग पिछले साल के स्तर पर ही बना हुआ है। वहीं, आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स ने प्रॉफिट आफ्टर टैक्स (PAT) में 72% की वार्षिक वृद्धि दर्ज करते हुए 37 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी का PAT 21.5 करोड़ रुपये था।

निफ्टी IT इंडेक्स 13% नीचे, आगे क्या?

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

AI Image

नई दिल्ली : इंफॉर्मेशन टेक्नॉलजी कंपनियों के शेयर पिछले सालभर में करीब 13% नीचे आ गए हैं। निफ्टी IT इंडेक्स सालभर पहले 43401 अंकों पर था। बुधवार को 1% से अधिक गिरावट के साथ यह 37833 पॉइंट्स पर रहा। वहीं, TCS, इंफोसिस और HCL टेक जैसी बड़ी कंपनियों के दिसंबर तिमाही के नतीजों के बाद ब्रोकरेज हाउसेज इन्हें खरीदने की सलाह दे रहे हैं। उनका कहना है कि इनमें 18 से 28% तक तेजी आ सकती है।

इंफोसिस का आउटलुक कैसा?

इंफोसिस के बारे में एमके ग्लोबल ने कहा, 'इंफी का रेवेन्यू 0.6% बढ़कर 5.1 बिलियन डॉलर रहा। यह अनुमान से अधिक रहा। बड़ी डील्स की टोटल कॉन्ट्रैक्ट वैल्यू 4.8 बिलियन डॉलर के साथ दमदार रही।' एमके ग्लोबल ने इंफोसिस के लिए 'बाय' रेटिंग बनाए रखते हुए 1750 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। इंफोसिस के लिए एलारा कैपिटल ने 'एक्यूमुलेट' रेटिंग बनाए रखते हुए टारगेट प्राइस 1700 रुपये से बढ़ाकर 1770 रुपये कर दिया है। उसने कहा, 'BFSI और एनर्जी सेगमेंट्स में इंफोसिस को रिकवरी दिख रही है।' उसने यह भी बताया है कि टॉप 25 बैंकिंग क्लाइंट्स में से टॉप 15 के लिए वह प्रेफर्ड AI पार्टनर है।' वहीं, PL कैपिटल ने कहा, 'इंफोसिस के लिए वित्त वर्ष 2027 का आउटलुक बेहतर दिख रहा है। हमने 1900 रुपये के टारगेट प्राइस के साथ बाय रेटिंग दी है।'

TCS में कितना दम? : TCS के लिए PL कैपिटल ने 'बाय' रेटिंग बनाए रखते हुए 4040 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। उसने कहा, 'रेवेन्यू ग्रोथ हमारे अनुमान से बेहतर रही। BFS में ग्रोथ मोमेंटम बना हुआ है और चौथी तिमाही से यह फिर पॉजिटिव जोन में आ जाना चाहिए।' TCS के लिए एमके ग्लोबल ने 'ऐड' रेटिंग बनाए रखते हुए 3500 रुपये का टारगेट प्राइस तय किया है। उसने कहा, 'दमदार ऑर्डर बुक और AI में लीडरशिप के चलते रेवेन्यू ग्रोथ आगे भी अच्छी होनी चाहिए।'

HCL पर क्या है राय? : HCL टेक के लिए PL कैपिटल ने 'बाय' रेटिंग देते हुए 1910 रुपये का टारगेट प्राइस तय किया है। उसने कहा, 'कंपनी की नई डील्स और AI रेवेन्यू बढ़ने के चलते वित्त वर्ष 2027 और 2028 में भी मोमेंटम बने रहना चाहिए।' हालांकि एलारा कैपिटल ने HCL टेक को 1500 रुपये के टारगेट प्राइस के साथ 'सेल' रेटिंग दी है। उसने कहा, 'HCL टेक ने इस वित्त वर्ष के लिए रेवेन्यू ग्रोथ गाइडेंस लोअर एंड पर 3% से बढ़ाकर 4% किया है, लेकिन अपर एंड पर इसे 50 बेसिस पॉइंट्स घटाकर 4.5% पर ला दिया है।'

एक्सपर्ट की राय

- पिछले एक साल में आईटी कंपनियों के शेयर करीब 13% टूटे हैं।
- दिसंबर तिमाही के नतीजों के बाद ब्रोकरेज हाउसेज ने निवेश की सलाह दी।
- गिरते बाजार में भी बढ़ा भरोसा, 28% तक बढ़ सकते हैं शेयरों के दाम।
- एक साल की सुस्ती के बाद अब दौड़ेंगे, एआई और नई डील्स से बदलेगी तस्वीर।

अनलिस्टेड शेयरों पर सेबी देगा दखल!

एनबीटी रिपोर्ट, मुंबई: सेबी के अपने औपचारिक अधिकार क्षेत्र से काफी हद तक बाहर अनलिस्टेड शेयरों के सेगमेंट को लेकर केंद्र के साथ बातचीत कर रहा है। अनलिस्टेड शेयरों और IPO वैल्यूएशन के बीच प्राइसिंग में मिसमैच को लेकर चिंताओं के बीच सेबी कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के साथ चर्चा कर रहा है कि वह भारत के अनलिस्टेड शेयर बाजार में कितनी दखल दे सकता है या नहीं दे सकता है।

बाजार नियामक कर रहा केंद्र से बातचीत

गुरुवार को असोसिएशन ऑफ इन्वेस्टमेंट बैंकर्स ऑफ इंडिया (AIBI) के सालाना कन्वेंशन 2025-26 के मौके पर सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडे ने अनलिस्टेड शेयरों और IPO बुक-बिल्डिंग प्रोसेस के दौरान सामने आए वैल्यूएशन के बीच प्राइसिंग में अंतर को एक बड़ी चिंता बताया। पांडे ने कहा, 'इस पर कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के साथ चर्चा चल रही है। हमें देखना होगा कि क्या हमारे पास ऐसे क्षेत्र में दखल देने की रेगुलेटरी शक्तियां हैं जो अनलिस्टेड क्षेत्र है और यह अनलिस्टेड क्षेत्र कितना बड़ा है।'

वहीं, सेबी चेयरमैन ने SME IPO में रिस्क, वैल्यूएशन और फंड के इस्तेमाल के बारे में ज्यादा डिस्क्लोजर करने की बात कही। सेबी चेयरमैन ने कहा कि रेगुलेटर को अभी भी ऐसे डिस्क्लोजर गैप दिख रहे हैं जो ट्रांसपेरेंसी और इन्वेस्टर की समझ को कम करते हैं और बार-बार रेगुलेटरी सवालों के कारण फंड जुटाने की टाइमलाइन भी लंबी हो जाती है। उन्होंने कहा कि रेगुलेटर ने कुछ खास एरिया की पहचान की है जहां खुलासे को और मजबूत किया जाना चाहिए।

मुंबई

लोकतंत्र की 'स्याही' पर गरमाई सियासत

न मिटने वाली इंक के बजाय मार्कर का हुआ इस्तेमाल | विपक्ष और आम मतदाताओं ने उठाए सवाल

Neeraj.Tiwari@Timesofindia.com

मुंबई : BMC चुनाव के दौरान मतदान की पहचान मानी जाने वाली स्याही इस बार विवादों के घेरे में आ गई। परंपरागत इंक की जगह उंगली पर मार्कर से निशान लगाए जाने को लेकर विपक्षी दलों ने तीखी आपत्ति दर्ज कराई है। सोशल मीडिया पर ऐसे कई विडियो वायरल हुए हैं, जिनमें मतदाता उंगली पर लगे मार्कर के निशान को आसानी से मिटाते दिखे।

गुरुवार को मुंबई के 227 प्रभागों में हुए BMC चुनाव में मतदान के बाद मतदाताओं की उंगली पर मार्कर से निशान लगाया गया। इससे पहले लोकसभा, विधानसभा और अन्य सभी चुनावों में स्थायी स्याही का इस्तेमाल होता रहा है, जो नाखून और त्वचा पर कम से कम 10-15 दिन तक रहती थी। यह निशान न सिर्फ मतदान करने का प्रमाण माना जाता रहा है, बल्कि दोबारा वोटिंग की आशंका को भी खत्म करता रहा है। लेकिन इस बार मार्कर के इस्तेमाल ने उसी भरोसे को कमजोर कर दिया।

शिवसेना (UBT) ने उठाए सवाल

विपक्षी दलों का कहना है कि मार्कर का निशान आसानी से मिटाया जा सकता है, जिससे चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं। शिवसेना (UBT) नेता साईनाथ दुर्गे ने इसे गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि कई मतदान केंद्रों पर स्थायी स्याही की जगह साधारण मार्कर का उपयोग किया गया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मतदान केंद्रों पर नजर रखने की अपील भी की थी।

मुख्यमंत्री ने दी सफाई

इस विवाद पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और पारदर्शी है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा तय की गई प्रक्रिया के तहत ही मतदान कराया जा रहा है और इसमें किसी तरह की गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं है। मार्कर में भी इंडेलिबल इंक का ही इस्तेमाल किया गया है, जो चुनाव आयोग के मानकों के अनुरूप है। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि जानबूझकर भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है। मुख्यमंत्री के मुताबिक, "एक वोटर दोबारा वोट करे, ऐसी कोई स्थिति नहीं बन सकती, क्योंकि मतदान से पहले कई स्तरों पर पहचान और जांच की प्रक्रिया होती है।" उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग पिछले कई वर्षों से अलग-अलग चुनावों में इस तरह की तकनीक का इस्तेमाल करता रहा है। उन्होंने वायरल विडियो पर कहा कि कुछ लोग जबरन दाग मिटाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इससे चुनाव व्यवस्था पर सवाल उठाना गलत है।

सत्ता के लिए सरकार की साजिश: राज

मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने भी इस मुद्दे पर सरकार और प्रशासन पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता हासिल करने के लिए हर तरह की चालबाजी अपनाई जा रही है। राज ठाकरे का कहना है कि स्याही खरीदी गई थी, लेकिन इसके इस्तेमाल को लेकर राजनीतिक दलों को पूरी जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने दावा किया कि बार-बार मांग के बावजूद कुछ जरूरी संसाधन उपलब्ध नहीं कराए गए, जो चुनाव प्रक्रिया को संदेह के घेरे में डालते हैं।

10 वर्षों से मार्कर का उपयोग: राज्य चुनाव आयोग

हालांकि राज्य चुनाव आयोग ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि हम पिछले कई वर्षों से मार्कर का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह कोई बाजार में मिलने वाला आम मार्कर नहीं है, इसमें उसी स्याही का इस्तेमाल किया गया है, जिसका इस्तेमाल पहले से किया जाता रहा है। राज्य चुनाव आयोग के कमिश्नर दिनेश वाघमारे ने NBT से बातचीत में कहा है कि पिछले 10 वर्षों से मार्कर का इस्तेमाल किया जा रहा है और इसमें भी इंडेलिबल इंक का ही उपयोग होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक स्याही पूरी तरह सूख न जाए, उसे छेड़ना नहीं चाहिए। इसके बावजूद कोई व्यक्ति निशान मिटाकर दोबारा वोट नहीं कर सकता, क्योंकि मतदान से पहले कई स्तरों पर जांच होती है।

हमें भी मिली शिकायतें, लेकिन डबल वोटिंग संभव नहीं : BMC

BMC आयुक्त भूषण गगरानी ने कहा है कि चुनावी किट राज्य चुनाव आयोग की ओर से उपलब्ध कराई जाती है और BMC की जिम्मेदारी उसकी निगरानी तक सीमित है। उन्होंने माना कि कुछ शिकायतें जरूर मिली हैं, लेकिन इस पर अंतिम निर्णय राज्य चुनाव आयोग को ही लेना है। उन्होंने बताया कि अगर कोई भी व्यक्ति चुनाव की स्याही को मिटाकर दोबारा पोलिंग बूथ के नजदीक आया है, तो उस पर ऐक्शन लिया जाएगा।

स्याही और मार्कर में अंतर

एक केमिकल एक्सपर्ट ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि चुनावों में पहले जिस स्याही का इस्तेमाल किया जाता था, वह इंडेलिबल इलेक्शन इंक होती थी, जिसमें सिल्वर नाइट्रेट जैसे रसायन होते हैं। इससे बने स्थायी दाग10-15 दिनों तक नहीं मिटते थे। वहीं, मार्कर में प्रयुक्त इंक सतह पर टिकती है और रासायनिक रूप से त्वचा से नहीं जुड़ती। हालांकि, राज्य निर्वाचन आयोग के एक रिटायर्ड अधिकारी ने बताया कि मार्कर का इस्तेमाल कन्वेनिएंट होता है, इसलिए इसका चलन हुआ, लेकिन स्याही सही होने से वह भी मिटती नहीं थी। इस बार का कोई आइडिया मुझे नहीं है।

मतदान के दौरान ही चुनाव आयोग पर भड़के उद्धव ठाकरे

प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य चुनाव आयुक्त के निलंबन की मांग

Rajkumar.Singh@Timesofindia.com

मुंबई : मुंबई सहित राज्य की 29 महानगरपालिका में मतदान के दौरान ही गुरुवार को उद्धव सेना के प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे चुनाव आयोग पर बरस पड़े। उन्होंने चुनाव के दौरान हुई समस्याओं को लेकर आयोग पर अपनी भड़ास निकाली। ठाकरे ने चुनावों में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए इसे लोकतंत्र की 'हत्या' का प्रयास करार दिया। साथ ही ठाकरे ने चुनाव आयोग और सरकार के बीच मिलीभगत का आरोप लगाया और राज्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे को निलंबित करने की मांग की।

उद्धव ठाकरे ने बीएमसी चुनावों में धांधली का आरोप लगाते हुए कहा कि वोट करने के बाद मतदाताओं की उंगली से स्याही मिट गई है। उनका कहना है कि चुनाव आयोग सोया नहीं है, बल्कि सोने का नाटक कर रहा है। बांद्रा में भी इंक निकालने की बात सामने आई है, जहां पर सैनिटाइजर से ही स्याही निकल जा रही है। उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी बीजेपी पर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि बीजेपी ने काफी गड़बड़ियां करने की पूरी कोशिश की है। पुरुष मतदाताओं के सामने महिला वोटरों की फोटो लगी है। बीजेपी बोर्ड लगाकर वोटिंग कर रही है। ठाकरे ने सवाल किया कि राज्य चुनाव आयुक्त पगार किस बात की ले रहे हैं। किसके पैसे खा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार चुनाव आयुक्त के साथ नौकर जैसा बर्ताव कर रही है। पैसे बांटे जा रहे हैं। साम-दाम-दंड-भेद जैसी परिस्थिति हो गई है।

मंत्री तक वोट नहीं कर पाए

उद्धव ठाकरे ने कहा कि फडणवीस सरकार में मंत्री गणेश नाईक को मतदान करने नहीं मिला, क्योंकि वोटर लिस्ट में उनका नाम ही नहीं था। हालांकि दूसरे सेंटर पर उनका नाम था, वहां उन्होंने मतदान किया।

कैंडिडेट के पति का वोटिंग के दिन निधन

NBT रिपोर्ट, मुंबई : बीएमसी चुनाव के लिए मतदान के दिन गुरुवार की सुबह वडाला विधानसभा क्षेत्र के प्रभाग क्रमांक 181 से शिवसेना (शिंदे गुट) उम्मीदवार पुष्पा कोली के पति कृष्णा कोली का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

चुनावी सरगर्मी के बीच हुए इस हादसे से न केवल परिवार, बल्कि प्रभाग के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भी शोक की लहर दौड़ गई। कई कार्यकर्ताओं ने चुनावी गतिविधियां रोककर संवेदना व्यक्त की।

चुनाव ड्यूटीः भूखे रहे NSS स्टूडेंट्स!

Navin.Pandey@Timesofindia.Com

मुंबई : गुरुवार को मतदान केंद्रों पर चुनाव कर्मियों की सहायता के लिए तैनात राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कॉलेज स्टूडेंट्स को प्रशासन ने लगभग भुला ही दिया। सुबह से शाम तक लोकतंत्र की सेवा में लगे इन युवाओं के लिए न तो भोजन की व्यवस्था थी और न ही उनकी सुध लेने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी था।

दक्षिण मध्य मुंबई के एनएसएस स्टूडेंट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, हमने राष्ट्रसेवा के लिए खुशी-खुशी ड्यूटी स्वीकार की। अन्य कर्मियों को टोकन का खाना उपलब्ध कराया जाए और हमें इस योग्य भी नहीं समझा जाए, तो यह बहुत अपमानजनक लगता है।

EVM और काउंटिंग रिपोर्ट मिलाकर होगी मतगणना

राज्य चुनाव आयोग के सचिव ने कहा- रिजर्व दिन न रखने से कोई फर्क नहीं पड़ता

Brijesh.Tripathi@Timesofindia.com

मुंबई : लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनावों में आमतौर पर मतदान और मतगणना के बीच कई दिनों का अंतर होता है, लेकिन इस बार राज्य चुनाव आयोग ने महानगर पालिकाओं में वोटिंग के अगले ही दिन मतगणना का फैसला किया है। जबकि चुनाव आयोग अक्सर वोटिंग के बाद देर रात या अगले दिन फाइनल मतदान प्रतिशत घोषित करता है। राज्य चुनाव आयोग के सचिव सुरेश काकानी ने कहा कि जब तक सभी महानगर पालिकाओं से मतदान का पूरा डेटा नहीं आ जाता, तब तक फाइनल वोटिंग प्रतिशत जारी नहीं किया जाएगा। काकानी के अनुसार, वोटिंग बूथ पर रिटर्निंग अधिकारी फॉर्म 16A की कॉपी उम्मीदवार को देता है, जिसमें कुल मतदान का विवरण दर्ज रहता है।

मतगणना से पहले ईवीएम में दर्ज वोटों का मिलान उम्मीदवार के काउंटिंग एजेंट से किया जाता है। ऐसे में रिजर्व दिन रखने या न रखने से कोई फर्क नहीं पड़ता।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

मतदान के अगले ही दिन मतगणना कराना चुनाव आयोग के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है, खासकर तब जब मतदान के दिन फाइनल प्रतिशत भी घोषित नहीं हो पाया हो। बीएमसी चुनाव में भी ईवीएम, इंक और वोटरों के नाम गायब होने के आरोप भी चुनाव आयोग पर लगे। ऐसे में शुक्रवार को मतगणना पर सवाल न उठे, इसके लिए आयोग अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है।

गड्ढों से होकर वोट देने पहुंचे लोग

Priya.Pandey@Timesofindia.Com

मुंबई: बीएमसी चुनाव के दिन कई इलाकों में मतदाता गड्ढों से भरी सड़कों से गुजरते हुए मतदान केंद्र तक पहुंचे। स्थानीय नागरिकों से बातचीत करने पर साफ पता चला कि सड़कों के गड्ढे और विकास ही उनका सबसे बड़ा मुद्दा है। कुर्ला, चेंबूर, खार और बांद्रा जैसे क्षेत्रों में लोगों ने शिकायतें की हैं कि वर्षों से सड़कों की हालत सुधारने की मांग की जा रही है, लेकिन चुनाव के समय छोड़कर उस पर कोई गंभीर कार्रवाई नहीं होती। एक बुजुर्ग मतदाता ने बताया कि गड्ढों से मुक्ति पाने के लिए आज हम फिर गड्ढों से होकर ही वोट देने जा रहे हैं। उम्मीद है कि इस बार हमारी आवाज सुनी जाएगी और भविष्य में चीजें बेहतर होंगी।

दिल्ली शिक्षा निदेशालय
दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार
शिक्षा निदेशालय: पुराना सचिवालय: दिल्ली
(राजपत्रित अधिकारी प्रकोष्ठ)

शिक्षा निदेशालय, दिल्ली स्कूल ट्रिब्यूनल, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार में पीठासीन अधिकारी के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। न्यायिक सेवा के इच्छुक सेवारत/सेवानिवृत्त उम्मीदवार, जिन्होंने जिला न्यायाधीश या किसी समकक्ष न्यायिक पद पर कार्य किया हो, पीठासीन अधिकारी, डीएसटी के पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

नोट:- इच्छुक उम्मीदवार विभाग की वेबसाइट पर नीचे दिए गए लिंक से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं:

https://www.edudel.nic.in>Public circular.

उप शिक्षा निदेशक (जीओसी)

DIP/Shabdarth/Classified/0405/25-26

मुझे इस बात पर हैरानी हुई कि न्यूजीलैंड इतनी आसानी से जीत गया क्योंकि पहले सभी को लगा था कि भारत पिच की धीमी गति का फायदा उठा पाएगा। न्यूजीलैंड के सभी बोलर्स ने पिच की धीमी गति का अच्छी तरह से इस्तेमाल किया। -सुनील गावसकर, पूर्व कप्तान, भारत

79

रन पर ऑल आउट कर दिया था भारत ने न्यूजीलैंड को साल 2016 विशाखापत्तनम में खेले गए वनडे मैच में। यह दोनों देश के बीच हुए वनडे मुकाबलों का लोएस्ट टीम टोटल है

MEGA स्पोर्ट्स QUIZ

आज के सवालों पर पांच लकी विजेताओं की छपेंगी तस्वीरें

1. अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 में भारत ने अपना पहला मैच किस शहर में खेला?
A) जोहानिसबर्ग B) हरारे C) बुलावायो D) डरबन

2. दिसंबर महीने के लिए आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ किसे चुना गया है?
A) मिचेल स्टार्क B) जो रूट C) विराट कोहली D) जस्टिन ग्रीव्स

3. के. श्रीकांत इंडिया ओपन बैडमिंटन 2026 में किस देश के प्लेयर से हारकर बाहर हुए?
A) फ्रांस B) स्वीडन C) इंग्लैंड D) डेनमार्क

कल के जवाब

1. B) 5 2. A) वियतनाम

लकी विनर्स

1. दर्शील गुप्ता, अर्जुन नगर, दिल्ली
2. कियान सोमानी, गोरेगांव, मुंबई
3. सचिन बाजपाई, सीतापुर, यूपी

आप अपने जवाब हमें

9319282367

पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। इस Mega स्पोर्ट्स Quiz के 'पांच लकी विनर्स' के नाम, पता और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे।

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

फटाफट खबरें

ISL को मान्यता

■ नई दिल्ली: अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बताया कि एशियन फुटबॉल कॉन्फेडरेशन ने इंडियन सुपर लीग (ISL) के 2025-26 के संक्षिप्त सीजन को मान्यता दे दी है। हालांकि न्यूनतम 24 मैच पूरे नहीं होने के कारण भारतीय क्लबों को एशियन चैंपियंस लीग-2 में सीधे नहीं, बल्कि क्वॉलिफायर के जरिए जगह मिलेगी। ISL इस साल 14 फरवरी से शुरू होना।

गॉफ–वीनस भिड़ंत संभव

■ मेलबर्न: ऑस्ट्रेलियन ओपन के ड्रॉ में कोको गॉफ और वीनस विलियम्स के बीच दूसरे दौर की संभावित भिड़ंत चर्चा में है। साल 2019 में विंबलडन में 15 साल की गॉफ ने वीनस को हराकर सनसनी मचाई थी। तीसरी वरीय गॉफ पहले राउंड में कामिला राखिमोवा से खेलेंगी, जबकि 45 वर्षीय वीनस वाइल्ड कार्ड से ओल्गा डैनिलोविच से भिड़ेंगी।

नीरज साउथ अफ्रीका गए

■ नई दिल्ली: मिशन ओलिंपिक सेल की मंजूरी के बाद जैवलिन थ्रो स्टार नीरज चोपड़ा सीजन शुरू होने से पूर्व ट्रेनिंग के लिए साउथ अफ्रीका रवाना हो गए हैं। इस 32 दिवसीय कैंप में वह नए कोच जय चौधरी के साथ प्रैक्टिस करेंगे।

खिलाड़ियों के विद्रोह के बीच BPL भी अधर में

BCB में बवाल के बाद डायरेक्टर पर ऐक्शन

अड़ गए क्रिकेटर

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के डायरेक्टर नजमुल इस्लाम के बयान को लेकर बांग्लादेश के प्लेयर्स का प्रोटेस्ट

■ एजेंसियां, ढाका: संकट से जूझ रहा बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) एक नई समस्या में फंस गया है। उसकी टॉप टी20 लीग के रुकने का खतरा मंडरा रहा था, जब सीनियर राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने डायरेक्टर नजमुल इस्लाम को अपमानजनक टिप्पणियों के लिए बर्खास्त नहीं करने पर बोर्ड के खिलाफ विद्रोह कर दिया। BCB ने हालांकि उन्हें अपनी वित्त समिति के प्रमुख के पद से हटा दिया। BCB के अहम पद से नजमुल को हटाए जाने के बावजूद गुरुवार को होने वाले बांग्लादेश प्रीमियर लीग (BPL) के दो मैच स्थगित कर दिए गए और खिलाड़ियों के कड़े रुख के कारण टूर्नामेंट अनिश्चितताओं से घिर गया। हालांकि, देर रात नजमुल ने सार्वजनिक तौर पर माफी मांग ली। इससे खिलाड़ियों का रुख थोड़ा नरम पड़ा।

एक पद से हटाए गए नजमुल: BPL में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी BCB डायरेक्टर के पद से नजमुल को तुरंत हटाने की अपनी मांग पर एकजुट थे। खिलाड़ियों और जनता के दबाव में BCB को कार्रवाई करनी पड़ी और नजमुल को बोर्ड की वित्त समिति के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया। नजमुल हालांकि बोर्ड के निदेशक बने हुए हैं और अनुशासनात्मक कारणों से उन्हें इस पद से हटाया जा सकता है। BCB ने बयान में कहा, 'बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड यह सूचित करना चाहता है कि हाल के घटनाक्रमों की समीक्षा के बाद और संगठन के सर्वोत्तम हित में BCB अध्यक्ष ने नजमुल इस्लाम को वित्त समिति के अध्यक्ष के रूप में उनकी जिम्मेदारियों से तत्काल प्रभाव से मुक्त करने का फैसला किया है।' इसमें आगे कहा गया, 'अगले आदेश तक बोर्ड अध्यक्ष वित्त समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष का पद संभालेंगे। BCB दोहराता है कि क्रिकेटरों के हित उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।'

खिलाड़ियों के खिलाफ दिया था बयान: खिलाड़ियों का यह हंगामा तब शुरू हुआ जब नजमुल ने 'सुरक्षा चिंताओं' के कारण अगले महीने होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत जाने से बांग्लादेश के इनकार को दोहराते हुए देश के टूर्नामेंट से हटने पर खिलाड़ियों को पारिश्रमिक से जुड़ी चिंताओं को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को मुआवजा नहीं दिया जाएगा क्योंकि उन्होंने अब तक मिले समर्थन को सही साबित नहीं किया है और एक भी इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) प्रतियोगिता नहीं जीत पाए हैं। इस बयान से काफी हंगामा हुआ और बांग्लादेश क्रिकेटर्स के संघ ने उन्हें तुरंत हटाने की मांग की।

मैच शिफ्ट करवाने का मामला भी नहीं सुलझा

बांग्लादेश भारत जाने से इनकार कर रहा है और सुरक्षा चिंताओं का हवाला दे रहा है क्योंकि BCCI के निर्देश पर पेसर मुस्तफिजुर रहमान को इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) से बाहर कर दिया गया था। मुस्तफिजुर को बाहर करने के लिए 'चारों ओर की घटनाओं' का हवाला दिया गया। BCB अब भी ICC के साथ बातचीत कर रहा है जिससे कि कोई रास्ता निकाला जा सके क्योंकि वैश्विक संचालन संस्था ने भारत में बांग्लादेश के चार मैच को श्रीलंका में स्थानांतरित करने में अनिच्छा जताई है। इस मामले को लेकर भी नजमुल घेरे में है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

टीम के पूर्व कप्तान तमीम को बताया था 'भारत का एजेंट'

नजमुल इस्लाम ने बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को 'भारत का एजेंट' बताया था। तमीम ने टी20 वर्ल्ड कप को लेकर भारत के साथ गतिरोध को संयम से संभालने की बात कही थी और चेतावनी दी थी कि आज लिए गए फैसलों का असर 10 साल तक दिखेगा। बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर असोसिएशन (CWAB) ने नजमुल के बयान की निंदा की थी। बांग्लादेश के टेस्ट कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने भी व्यावहारिक रवैया अपनाने की अपील की थी और यह भी बताया था कि मौजूदा हालात की वजह से खिलाड़ी बहुत अधिक तनाव में हैं। CWAB के अध्यक्ष मोहम्मद मिथुन ने नजमुल के खिलाफ कार्रवाई होने से पहले कहा, 'हम BCB के साथ कई मुद्दों पर बात कर रहे हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं मिला। अब हम निराश हैं। क्रिकेटर सम्मान के लिए खेल रहे हैं। वह ऐसी टिप्पणी नहीं कर सकते।'

सिर्फ लक्ष्य जीते, अव्यवस्था हो गई 'लाइव'

सात्विक और चिराग की जोड़ी सहित बाकी भारतीय प्लेयर्स का सफर दूसरे राउंड में थमा

Rupesh.Singh@timesofindia.com

मुकाबले के दौरान कोर्ट पर गिरी पक्षी की बीट को साफ करते हुए ऑफिशल्स

क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचे लक्ष्य सेन

■ नई दिल्ली: इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के लगातार तीसरे दिन खेल से ज्यादा सुर्खियां खराब व्यवस्था ने बटोरी जब भारतीय शटलर एचएस प्रणॉय और सिंगापुर के लोह कीन यू के बीच मुकाबले को कोर्ट पर चिड़ियों की बीट गिरने की वजह से एक नहीं बल्कि दो बार रोकना पड़ा। यह घटना ऐसे समय सामने आई, जब एक दिन पहले बैडमिंटन असोसिएशन ऑफ इंडिया (BAI) के महासचिव संजय मिश्रा ने दावा किया था कि यह वेन्यू कबूतरों से मुक्त है।

रेफरी ने खुद किया हस्तक्षेप: प्रणॉय और पूर्व वर्ल्ड चैंपियन लो कीन यू के बीच दूसरे दौर में मैच चल रहा था तभी ये व्यवधान हुए। आमतौर पर बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिलाड़ी के अनुरोध पर कोर्ट को साफ किया जाता है। अगर कोर्ट पर खून गिर जाए तो रेफरी खुद हस्तक्षेप करते हैं, क्योंकि दाग साफ किए बिना खेल जारी नहीं रह सकता। हालांकि, यह एक दुर्लभ घटना थी जब मैच के बीच में पक्षियों की बीट साफ करनी पड़ी और यह सारा मामला 'लाइव' हो गया। मैच के बाद प्रणॉय ने कहा, 'मुझे लगता है कि पक्षियों की बीट की वजह से ही खेल रोका गया।' यह मुकाबला अंततः वह लो कीन यू से 18-21, 21-19, 21-14 से हार गए। कीन यू ने कहा कि उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

BWF ने प्लेयर्स से की बात: बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (BWF) ने अव्यवस्था के मसले पर बयान जारी कर बताया, 'इंडिया ओपन 2026 के दौरान मैच वेन्यू की मौजूद परिस्थितियों की समीक्षा के लिए खिलाड़ियों और टीमों से बातचीत की है। BAI ने इन चिंताओं को दूर करने के लिए तुरंत कदम उठाए हैं। खिलाड़ियों ने सकारात्मक सुधारों की भी सराहना है।'

सेन छोड़ बाकी हुए बाहर: खेल के लिहाज से भी भारतीयों के लिए यह निराशाजनक दिन रहा, जहां लक्ष्य सेन को छोड़कर सात्विक-चिराग की जोड़ी व अनुभवी किदांबी श्रीकांत सहित कोर्ट पर उतरे हर भारतीय खिलाड़ी को अपने-अपने मुकाबले में शिकस्त झेलनी पड़ी। मिक्स्ड डबल्स में गायत्री गोपीचंद और ट्रीसा जॉली की जोड़ी भी बाहर हो गई। लक्ष्य ने जापान केंटा निशिमोतो को 21-19, 21-11 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। श्रीकांत को फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ 21-14, 17-21, 21-17 से हार का सामना करना पड़ा। सात्विक और चिराग की जोड़ी भी दूसरे दौर में जापान के हिरोकी मिडोरिकावा और क्योहेई यामाशिता से 27-25, 21-23, 19-21 से हार गई।

हेनिल के 'पंजे' से भारत ने की शानदार शुरुआत

अंडर-19 वर्ल्ड कप

■ एजेंसियां, बुलावायो (जिंबाब्वे): तेज गेंदबाज हेनिल पटेल की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने बारिश से प्रभावित अंडर-19 वर्ल्ड कप मुकाबले में अमेरिका को छह विकेट से हराकर अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। हेनिल ने सात ओवर में एक मेडन सहित 16 रन देकर पांच विकेट झटके और अमेरिकी बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी।

दिए शुरुआती झटके: पहले गेंदबाजी का फैसला भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे के लिए पूरी तरह सही साबित हुआ। अमेरिका की टीम 35.2 ओवर्स में सिर्फ 107 रन पर सिमट गई। हेनिल ने शुरुआती ओवर में ही अमरिंदर गिल (1) को स्लिप में कैच कराया, जबकि दीपेश देवेंद्रन ने साहिल गर्ग (16) को आउट कर भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। इसके बाद हेनिल ने कप्तान उत्कर्ष श्रीवास्तव (0) और विकेटकीपर अर्जुन महेश (16) को एक ही ओवर में आउट कर अमेरिका को बैकफुट पर धकेल दिया। यहां से अमेरिका की टीम वापसी नहीं कर पाई।

कुंडू की जुझारू पारी: जवाब में भारत का लक्ष्य बारिश के कारण डकवर्थ लुईस सिस्टम से 37 ओवर में 96 रन तय हुआ। सूर्यवंशी (2) जल्दी आउट हो गए, जबकि कप्तान म्हात्रे (19) और विहान मल्होत्रा (18) भी सस्ते में पविलियन लौटे। हालांकि अभिज्ञान कुंडू ने एक छोर संभाले रखा और 41 गेंदों में नाबाद 42 रन बनाकर भारत को 17.2 ओवर में जीत दिला दी।

प्लेयर ऑफ द मैच रहे हेनिल पटेल

भारत Vs अमेरिका

5 विकेट लिए 17 रन देकर हेनिल पटेल ने। यह अंडर-19 वर्ल्ड कप में किसी भारतीय बोलर का बेस्ट प्रदर्शन है

206 रन बने भारत, अमेरिका के मैच में। यह दोनों देशों के बीच वनडे में सबसे कम रन है

ब्रीफ स्कोर

अमेरिका: 35.2 ओवर्स में 107 रन (नितीश सुदिनी 36, अदनित झाब 18, हेनिल पटेल 5/16, आरएस अंबरीश 1/14)

भारत: 17.2 ओवर्स में 99/4 (अभिज्ञान कुंडू 42*, विहान मल्होत्रा 18, ऋत्विक अप्पिडी 2/24, उत्कर्ष 1/17)

खास पिच पर तैयारी से मिली मदद:मिचेल

न्यूजीलैंड के बैटर डेरिल मिचेल

भारत Vs न्यूजीलैंड
वनडे इंटरनैशनल सीरीज

■ एजेंसियां, राजकोट: न्यूजीलैंड के बैटर डेरिल मिचेल ने कहा कि लिंकन में न्यूजीलैंड क्रिकेट की खास तौर पर तैयार की गई 'पिच मार्की फैसिलिटी' में तैयारी करने से उन्हें स्पिन की अनुकूल पिचों पर खेलने में महारत हासिल करने में मदद मिली। वर्ल्ड नंबर-2 वनडे बैटर मिचेल ने भारत के खिलाफ उसकी सरजमीं पर शानदार बल्लेबाजी करते हुए पिछले चार मैच में 130, 134, 84 और 131* रन बनाए हैं। चौंतीस साल के मिचेल ने कहा, 'साउथ आइलैंड के लिंकन में मार्की में कई सुबह हमने धूल भरी पिचों पर अभ्यास किया, जिससे कि दुनिया के इस हिस्से के लिए रणनीति बनाने के तरीके खोज सकें। यह वो चीज है जो बहुत से लोग नहीं देखते...आप जो मेहनत करते हैं, चकाचौंध वाली लाइटों और टीवी से दूर लेकिन मुझे लगता है कि जब आपको उसका इनाम मिलता है तो यह हमेशा अच्छा लगता है।'

सुंदर टी20 सीरीज से बाहर: वॉशिंगटन सुंदर न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैच की टी20 सीरीज से बाहर हो गए हैं। सुंदर पसली की चोट से उबर रहे हैं। वह वडोदरा में वनडे सीरीज के पहले मैच के दौरान चोटिल हुए थे। यह स्पष्ट नहीं है कि सुंदर टी20 वर्ल्ड कप तक फिट हो पाएंगे या नहीं।

नितीश कुमार रेड्डी के साथ हम उन्हें तैयार करने और मैच खिलाने के बारे में बात करते रहते हैं। हालांकि, जब आप उन्हें मैच देते हैं तो वह कुछ खास नहीं कर पाते हैं। -रायन टेन डेसकाटे, असिस्टेंट कोच, भारत

नितीश को मिला सपोर्ट

पूर्व खिलाड़ियों आकाश चोपड़ा, रॉबिन उथप्पा और मनोज तिवारी ने कहा कि ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी को मौका दिया जाना चाहिए और क्रिकेट जगत को जल्दबाजी में उन्हें लेकर कोई फैसला नहीं करना चाहिए। ये प्रतिक्रियाएं राजकोट में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में रेड्डी के साधारण प्रदर्शन के बाद आई हैं जहां उन्होंने 20 रन बनाए और दो ओवर में कोई विकेट नहीं ले पाए। उथप्पा ने कहा, 'ऑलराउंडर बनना आसान नहीं है। आपको दो कौशल में महारत हासिल करनी होती है। रविंद्र जाडेजा रातों-रात ऐसे नहीं बने, ना ही हार्दिक पंड्या। वे इंटरनैशनल क्रिकेट में बिताए समय की वजह से पूर्ण खिलाड़ी बने। नितीश रेड्डी को भी उस समय की जरूरत है।'

कप्तान हरमन के डबल से सूरमा की दूसरी जीत

हॉकी इंडिया लीग 2026

सूरमा के कप्तान हरमनप्रीत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की बदौलत हॉकी जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने हॉकी इंडिया लीग (HIL) में HIL GC (हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग काउंसिल) को 3-1 के अंतर से हराया। यह सूरमा की लीग के मौजूदा सीजन की दूसरी जीत है। शुरुआती दो मुकाबले हारने के बाद सूरमा ने अपनी पहली जीत हैदराबाद तूफान्स के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में दर्ज की थी। हालांकि, इस जीत के बावजूद सूरमा आठ टीमों की अंक तालिका में अभी सातवें स्थान पर है, जबकि HIL GC की टीम दूसरे स्थान पर कायम है। हरमन ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर सूरमा का खाता खोला। टीम का दूसरा गोल गुरजंत सिंह ने किया और 38वें मिनट में हरमन ने एक और गोल कर सूरमा को 3-0 से आगे कर दिया। HIL GC के लिए एकमात्र गोल केन रसेल ने किया।

फाइनल में जगह के लिए भिड़ेंगे पंजाब और सौराष्ट्र

विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26

पंजाब टीम के प्रभसिमरन सिंह

टेलिकास्ट: दोपहर 1:30 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

■ एजेंसियां, बेंगलुरु: आखिरी ग्रुप मैच में मुंबई को एक रन से हराने और फिर क्वॉर्टर फाइनल में मध्य प्रदेश के खिलाफ दमदार जीत दर्ज करने के बाद पंजाब शुक्रवार को विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में सौराष्ट्र के खिलाफ बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ उतरेगा। लगातार दो प्रभावशाली जीत ने पंजाब के खेमे का मनोबल काफी ऊंचा किया है, लेकिन उसके सामने युवा और जुझारू सौराष्ट्र की कड़ी चुनौती होगी।

अभिषेक के उतरने की उम्मीद कम: करिश्माई सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के खेलने की संभावना कम है, ऐसे में विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह के कप्तानी संभालने की उम्मीद है। क्वॉर्टर फाइनल में उनकी अगुआई में पंजाब ने 345 रन का बड़ा स्कोर खड़ा कर मध्य प्रदेश को 183 रन से हराया था। दूसरी ओर, फॉर्म में चल रहे ओपनर हार्विक देसाई की अगुआई में सौराष्ट्र आत्मविश्वास से भरी है। मौजूदा सीजन में तीन शतक और दो अर्धशतक जड़ चुके देसाई टीम की सबसे बड़ी ताकत है।

जायंट्स के लिए चैलेंजर्स का सामना आसान नहीं होगा

विमिंस प्रीमियर लीग

RCB की पेसर लॉरेन बेल

टेलिकास्ट: शाम 7:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियो हॉटस्टार पर

■ एजेंसियां, नवी मुंबई: लगातार हार के सिलसिले से उबरने की कोशिश में जुटी गुजरात जायंट्स के सामने विमिंस प्रीमियर लीग में शुक्रवार को फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) की कड़ी चुनौती होगी। RCB की टीम हर मैच के साथ और संतुलित नजर आ रही है। यूपी वॉरियर्ज के खिलाफ 144 रन के लक्ष्य को उसने 13 ओवर से पहले हासिल कर अपने इरादे साफ कर दिए। कप्तान स्मृति मंधाना का फॉर्म में लौटना टीम के लिए सबसे बड़ी राहत है। पावरप्ले में लॉरेन बेल ने अपनी स्विंग का जलवा दिखाया है। गुजरात जायंट्स मुंबई इंडियंस के खिलाफ खराब फील्डिंग से मिली हार को पीछे छोड़ना चाहेगी। गुजरात को अगर बेंगलुरु की बल्लेबाजी ताकत का सामना करना है तो सोफी डिवाइन, बेथ मूनी और कप्तान एश्ले गार्डनर को जिम्मेदारी लेनी होगी।

गुजरात ने जीता खिताब

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: द ब्लाइंड वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित दृष्टिहीनों के नैशनल क्रिकेट टूर्नामेंट सियाराम कप का खिताब गुजरात ने जीत लिया। फाइनल में गुजरात ने कर्नाटक को 125 रन से हराकर लगातार 15वें वर्ष इस टूर्नामेंट में अपना दबदबा बरकरार रखा। ब्रेबोर्न स्टेडियम में आयोजित समापन समारोह में सियाराम समूह के प्रमुख रमेश पोद्दार, मुंबई महानगरपालिका के उपायुक्त अशोक भोरे और रोटरी क्लब पियर की अध्यक्ष नूपुर देसाई मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत में संचालक अर्जुन मुद्रा ने अतिथियों का स्वागत किया। संस्था के अध्यक्ष अरुण बासकर ने संस्था की गतिविधियों और स्पर्धा के उद्देश्य की जानकारी दी।

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आज सायं 5 बजे तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास का योग आता है। सायं काल 5 बजकर 30 मिनट पर चंद्रमा धनु राशि में प्रवेश करेगा इसके फलस्वरूप मंगलोत्सवों में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

TAURUS 20 Apr - 19 May
आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सुकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम की वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष मंगलमय परिवर्तन व मनोवांछित सिद्धि होगी।

GEMINI 21 May - 21 Jun
आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्टिक काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी। अपने से सीनियर का सहयोग पाने का प्रयास करें।

CANCER 22 Jun - 22 July
आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उस का फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण फर्क होगी। ऑफिस में आपके विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे। रात्रि में किसी शुभ कार्यक्रम में जाने का अवसर मिल सकता है।

LEO 23 July - 22 Aug
आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म-अध्यात्म के मामले में पढ़ाई-लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात्रि का समय मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
आज अपनी वाणी व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आसपास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का भी आप खास ध्यान रखें। किसी शुभ कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें। रात्रि के समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। भविष्य के किसी प्रोजेक्ट पर अपने किसी साथी से चर्चा जरूर करें। हो सकता है उस काम की नींव भी आज के दिन ही डल जाए। जमीन-जायदाद के मामले में पारिवारिक और आसपास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
आर्थिक दृष्टि से आज का दिन शुभ है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। इसलिए प्रयत्नशील रहें। परिवार में सुख-शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं। नौकरी व व्यापार में कुछ नवीनता ला सके तो आगे फायदा लाभ होगा। काम में भी नई जान आएगी। आपकी तत्काली देख स्थितियों का मनोबल मिलेगा।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनेस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएंगे तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानना आपके हाथ में है।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आज का दिन सामान्य है। भागीदारी में किया व्यापार आज काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निपटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। माता-पिता की सलाह जरूर लें। उनका आशीर्वाद उपयोगी सिद्ध होगा।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
आज आपको स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने की जरूरत है। मौसम परिवर्तन से स्वास्थ्य संबंधी कष्ट हो सकते हैं। खान-पान में लापरवाही न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। आज के दिन जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच-समझ कर करें।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। आज के दिन आप अपनी बुद्धि का प्रयोग कर आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है। किसी सार्थक व्यक्ति की सहायता कर सके तो शुभ रहेगा।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

वर्ष के स्वामी सूर्य और मंगल ग्रह बने हैं। राशि से बारहवें घर में सूर्य व बुध का द्विग्रही योग जनवरी के शेष दिनों में आपको कुछ बड़े खतरे व जोखिम उठाने पड़ सकते हैं। इस दौरान आप जितना जोखिम उठाएंगे, उतना फायदा मिलने के योग हैं। फरवरी माह के अंत तक किसी राजकीय विवाद का भी अंत हो जाएगा। मार्च महीने की शुरुआत से लेकर अप्रैल महीने के मध्य तक कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होंगी आप ही सुलझा लेंगे। इस दौरान कार्यक्षेत्र में नवीनता ला सकते हैं। मई महीने की शुरुआत से लेकर जून महीने के अंत तक अपने व्यवसाय, कारोबार को लेकर कुछ कष्ट होगा। जुलाई-अगस्त में कुछ परिवार के मामले हल हो सकते हैं। सितंबर से लेकर अक्टूबर महीने में मित्रों की सहायता से काम काज में मजबूती प्राप्त होगी। नवंबर में किसी यात्रा का आनंद उठाएंगे। दिसंबर के अंत तक किसी नए कार्य क्षेत्र की योजनाएं बनेंगी। जनवरी 2027 शुरू से मध्य तक महिलाओं के लिए वर्ष जीवन स्तर को बढ़ाने वाला सिद्ध होगा। घर-परिवार के सदस्यों की आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे। त्रिग्रही योग की शांति के लिए श्री मृत संजीवनी जाप सवा लक्ष कराएं। पीपल के पेड़ के नीचे रविवार को चार चांदी के चौकोर पत्तर रख दें। समाज में शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(शनिवार, 17 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 28, शक संवत 1947, माघ कृष्ण, चतुर्दशी, शनिवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 4, रजब 26, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 17 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल प्रातः 9 बजे से 10 बजकर 30 मिनट तक। चतुर्दशी तिथि अर्धरात्रोत्तर 12 बजकर 4 मिनट तक उपरांत अमावस्या तिथि का आरंभ। पूर्वाषाढ़ नक्षत्र अगले दिन सूर्योदय तक। व्याघात योग रात्रि 9 बजकर 18 मिनट तक उपरांत हर्षण योग का आरंभ। विष्टि करण प्रातः 11 बजकर 16 मिनट तक तक उपरांत चतुष्पाद करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात धनु राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार - प्रदोष व्रत, मेरु त्रयोदशी।

सुडोकू

		3			2	6	1	
			8				7	
5	1		7					
				9	3		4	
8								2
	3		2	4				
					7		6	8
	4				6			
	7	1	3			9		

TELEVISION



big magic

09:00 बालू डाकू	14:30 हम पांच
10:00 बंदबुध बुड़बक	15:00 अजब देश की गजब कहानी
11:00 रुद्र के रक्षक	16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी
11:30 अलादीन	18:30 रुद्र के रक्षक
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा	21:00 वीरा
13:30 भ से भड़े	

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 16-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMKHEL User: cci Time: 01-15-2026 22:54 Color:

कृति ने नुपुर से कहा, तुम दो घरों की खुशियां हो

बहन नुपुर सेनन की शादी होने पर कृति सेनन इमोशनल हो गईं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'तुम्हें इतना सुंदर और जिंदगी का अपना, सबसे खूबसूरत अध्याय सबसे अच्छे लाइफ पार्टनर के साथ शुरू करते देख मेरा दिल भर आया है। खुशी है कि अब तुम दो-दो घरों में खुशियां फैलाओगी।'

परिवार के साथ डोसा बनाते दिखे राम चरण

राम चरण हाल ही में अपने परिवार के लिए डोसा बनाते हुए दिखाई दिए। सोशल मीडिया पर उनका एक विडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह तवे पर डोसा बना रहे हैं। दरअसल मौका था मकर संक्रांति का। इस अवसर पर कोनिडेला परिवार की तरफ से अपने करीबियों के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान परिवार के तमाम लोग डोसा बनाते दिखाई दिए। रामचरण ने भी इस मौके पर डोसा बनाया। डोसे की शेप देखकर साफ पता चलता है कि उन्हें डोसा बनाने में महारत हासिल है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है। इससे पहले भी रामचरण परिवार के लिए डोसा बनाते दिखाई दिए हैं। साल 2024 में भी इसी मौके पर मेगास्टार चिरंजीवी के बेंगलुरु वाले घर पर रामचरण पहुंचे थे। वहां भी परिवार के लिए एक खास डोसा मेकिंग प्रतियोगिता रखी गई थी।

डोसा बना ऐसा कि सबने की तारीफ

विडियो में राम चरण जिस तरह से डोसा को शेप दे रहे थे, इससे उनकी कुकिंग स्किल भी पता चलती है। डोसा एकदम गोल बना था। सोशल मीडिया पर फैंस उनकी इस स्किल की खूब तारीफ कर रहे हैं।

BMC चुनाव में सितारों ने निभाई ज़िम्मेदारी

Pics: Kaustubh Naik

महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव के दिन तमाम फिल्मी सितारे वोट डालने पहुंचे। मुंबई में बीएमसी (बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कारपोरेशन) चुनाव में अक्षय कुमार सुबह सबसे पहले वोट डालने पहुंचे गए। दिवंगत खन्ना ने भी वोट डाला। इसके अलावा, आमिर खान, तमन्ना भाटिया, सुनील शेट्टी, गुलजार, सैफ-करीना, रणवीर कपूर, सान्या मल्होत्रा समेत कई स्टार्स वोट डालते नजर आए।

तस्करी की नई दुनिया, मगर फॉर्मूले वही पुराने

Upma.Singh
@timesgroup.com

फर्लो एयरपोर्ट पर इतने लाख का सोना पकड़ा गया। फलां आदमी शहीर में इतने किलो ड्रग्स बरामदर ला रहा था। तस्करी की ऐसी खबरें हम अक्सर सुनते रहते हैं। बीते साल ही कन्नड़ अभिनेत्री रन्या राव के सोने की तस्करी के किस्से सुर्खियों में रहे। तस्करी के इसी काले धंधे और इन पर लगाम लगाने वाले कस्टम अधिकारियों की चुनौतियों को रोचक ताना-बाना दिखाती है, वेब सीरीज तस्करी: द स्मगलर्स वेब। नीरज पांडे और राघव जयरथ निर्देशित यह सीरीज एक ओर जहां तस्करी के अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से रूबरू कराती है, वहीं कस्टम ऑफिसर्स की जिंदगी, काम के तरीकों, चुनौतियों को भी गहराई से दिखाती है। हालांकि, बाद में ट्विस्ट और कमर्शल मसालों के चक्कर में फॉर्मूलों में फंस जाती है।

कहानी की शुरुआत रोचक है, जहां मुंबई एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी रोकने के लिए एक ईमानदार कस्टम अधिकारी प्रकाश कुमार (अनुराग सिन्हा) को लाया जाता है। प्रकाश इस मिशन को अंजाम देने के लिए अपने जैसे ही ईमानदार और साहसी अफसरों अर्जुन मीणा (इमरान हाशमी), रविंदर गुप्तार (नंदीश सिंह संधू), मिताली (अमृता खानविलकर) की टीम खड़ी करता है। अर्जुन और इस टीम के आते ही मुंबई कस्टम का नक्शा बदल जाता है और एक बड़े छापेमारी के चलते दुबई में बैठकर मुंबई में बेखौफ तस्करी करने वाले बड़ा चौधरी (शरद केलकर) की काली बादशाहत को नोर का झटका लगता है। अब अर्जुन और बड़ा चौधरी की वे मुठभेड़ क्या रंग लाती है, यह सीरीज देखकर पता चलेगा।

कस्टम और तस्करी की दुनिया के काले कारनामों की ओर हिंदी सिनेमाकारों की नजर कम ही गई है, इस लिहाज से कहानी में एक नयापन है। ड्रग्स और पर कस्टम ऑफिसर्स किस तरह से तस्करों की शातिराना चालों का पता लगाते हैं? इनके सामने क्या-क्या चुनौतियां होती हैं? यह देखना रोचक लगता है। लेकिन बाद में बड़ा चौधरी और अर्जुन के बीच जो चूहे-बिल्ली का खेल शुरू होता है, वहां से कहानी बॉलिवुड फॉर्मूला वाली कमर्शल फिल्मों की तरफ मुड़ जाती है। बाद के एपिसोड में आने वाले ट्विस्ट भी कोई खास झटका नहीं देते, बल्कि प्रिडिक्टेबल साबित होते हैं। हालांकि, तेज रफ्तार से बढ़ता स्क्रीनप्ले और एक्टर्स की शानदार अदाकारी आखिर तक बांधे रखती है। इमरान हाशमी ने अर्जुन मीणा के रूप में सधा हुआ अभिनय किया है। वह हीरोइनम दिखाने के मोह में नहीं फंसे हैं। वहीं, नंदीश सिंह संधू, अमृता खानविलकर और जोया अकरोज भी अपने-अपने किरदारों में चमके हैं। इसी तरह, अनुराग सिन्हा अपने मैनरिज्म और बॉडी लैंग्वेज के चलते रियल कस्टम ऑफिसर से लगते हैं लेकिन शरद केलकर का किरदार स्क्रीन नहीं पैठ कर पाता।

वेब-सीरीज

तस्करी: द स्मगलर्स वेब (16+)

रेटिंग ★★½☆☆

निर्देशक: नीरज पांडे, राघव जयरथ
कलाकार: इमरान हाशमी, शरद केलकर, जोया अकरोज, अमृता खानविलकर, नंदीश संधू, अनुराग सिन्हा, जमील खान आदि।
स्ट्रीमिंग साइट: नेटफ्लिक्स
अवधि: 7 एपिसोड (40 मिनट)
जॉनर: क्राइम ड्रामा, थ्रिलर

क्यों देखें
कस्टम अधिकारियों की जिंदगी को करीब से जानने और इमरान हाशमी की उम्दा परफॉर्मेंस के लिए।

मनोरंजन



आजसे सिनेमाघरो में

गुड न्यूज

एक साथ गूंजी हज़ारों ढोल की थाप

गुवाहाटी में बागुरुंबा नृत्य की रिहर्सल के दौरान 10,000 कलाकार एक साथ ताल से ताल मिलाते नजर आए। रंग-बिरंगे रक्षापंट और गले में ढोल लटकाए इन युवाओं के चेहरों पर अपनी संस्कृति के प्रति गर्व साफ देखा जा सकता है।

इंटरनैशनल रेस ने दूर की कनेक्टिविटी की परेशानी, पर्यटकों के साथ लौट रही है गांवों की रौनक

रेस ने रोशन की गांवों की किस्मत

Rupesh.Singh
@timesofindia.com

रेस की तैयारी के तहत सड़कों को चौड़ा किया गया, ऊंचाई बढ़ाई गई और गुणवत्ता ऐसी रखी गई, जो सालों तक टिक सके

■ नई दिल्ली: छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्मस्थली पुणे केवल एक शहर नहीं बल्कि मराठा साम्राज्य की जीवित विरासत है। रायगढ़ और तोरणा की तलहटी में बसे गांवों के लोग पीढ़ियों से वीरता की कहानियों के साथ बड़े हुए, लेकिन उनकी रोजमर्रा की जिंदगी टूटी-फूटी सड़कों, सीमित आवाजाही और अक्सरों की कमी से जूझती रही। नतीजा यह हुआ कि पर्यटक एक बार आते तो थे, लेकिन खराब रास्तों की वजह से लौटने का जोखिम नहीं उठाते थे।

भोर तहसील के जामली गांव के प्रदीप कोल्हे बताते हैं, 'लोग इतिहास पढ़कर आते थे, लेकिन सड़क इतनी खराब थी कि अनुभव नकारात्मक हो जाता था। धीरे-धीरे लोग आना ही छोड़ देते थे।' लेकिन एक साइकल रेस इन गांवों की तस्वीर और तकदीर बदलने का कारण बन जाएगी, ये शायद ही किसी ने सोचा रहा होगा। इस महीने 19 से 23 जनवरी तक होने जा रही 437 किमी की भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय प्रो स्टेज एलीट रोड साइक्लिंग रेस 'पुणे हैड टूर' के आयोजन के साथ इन गांवों की तस्वीर बदलने की शुरुआत हुई। इस रेस का मार्ग दुरंदाज के गांवों और कशीन घाटी से होकर गुजरा जहां कभी बुनियादी कनेक्टिविटी भी एक सपना थी।

मुलशी तहसील के कशीन गांव के रोहित तेमघरे कहते हैं, 'पहले यहां बैलगाड़ी तक नहीं पहुंच पाती थी। आज पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर की साइकल रेस हमारे गांव से गुजर रही है। रेस की तैयारी के तहत सड़कों को चौड़ा किया गया, ऊंचाई बढ़ाई गई और गुणवत्ता ऐसी रखी गई, जो सालों तक टिक सके। 65 वर्षीय उपसरपंच शिवाजी कोल्हे कहते हैं, 'हमारे युवा रोजगार के लिए शहर चले गए थे। इनमें सड़कों में पहली बार गांव में ऐसी सड़क बनी है। इस बदलाव से गांवों में सफाई अभियान चल रहे हैं, स्वच्छता द्वार बनाए जा रहे हैं और बच्चों के लिए छोटी साइकिलिंग प्रतियोगिताएं हो रही हैं। जो लोग कभी पहले मुंबई-पुणे शहर चले गए थे, उन्हें इस ऐतिहासिक पल को देखने के लिए वापस बुलाया जा रहा है।

विचार

सफलता के लिए कोई लिफ्ट नहीं है, आपको सीढ़ियां लेनी ही होंगी। शॉर्टकट छोड़कर धैर्य और लगातार प्रयास से ही मंजिल मिल सकती है। – जिग जिगलर (Zig Ziglar)

ज़रा हंस लें

टीचर: विद्यार्थी में 15 साल के कपड़े अपने पैरों पर खड़े हो जाते हैं। **मिंटू:** मास्टर जी, हमारे देश में तो दो साल का बच्चा भागने भी लगता है...

व्हीलचेयर पर सवार होकर घर-घर खाना पहुंचा रहे लक्ष्मणन

खुद को बेकार समझने वाले लक्ष्मणन आज दूसरों को दे रहे जीने की सीख

L R Shankar

Muskaan.Ahmed
@timesofindia.com

लाचारी पछाड़ व्हीलचेयर पर होकर सवार लिख रहे कामयाबी की कहानी

■ चेन्नै की सड़कों पर शाम सात बजे जैसे ही ट्रैफिक का दबाव बढ़ता है, 33 वर्षीय लक्ष्मणन अन्नमधु आनी मोटराइज्ड व्हीलचेयर पर निकल पड़ते हैं। सीनियर की तंग गलियां, ऊबड़-खाबड़ सड़कें और तेज रफ्तार गाड़ियां–हर चुनौती के बीच लक्ष्मणन लोगों के घरों तक खाना पहुंचाते हैं। पोलियो के कारण पैरों से दिव्यांग लक्ष्मणन बताते हैं कि वह तीन घंटे में करीब 40 किलोमीटर का सफर तय करते हैं, जिसके बाद व्हीलचेयर की बैटरी खत्म हो जाती है।

दो साल पहले लक्ष्मणन जेमैटो से जुड़े। इससे पहले वह एक टेलीफोन एक्सचेंज में कॉन्ट्रैक्ट पर काम करते थे, जहां उन्हें सिर्फ 5,000 रुपये महीने मिलते थे। नौकरी छूटने के बाद वह मानसिक रूप से टूट गए थे, लेकिन फूड डिलिवरी में दिव्यांगों को अवसर मिलने की जानकारी ने उनकी जिंदगी बदल दी। आज वह करीब 20,000 रुपये महीना कमा रहे हैं और बताते भी कर पा रहे हैं। लक्ष्मणन सुबह 8 से दोपहर 3 बजे और फिर शाम 7 से रात 10 बजे तक काम करते हैं। उनका कहना है कि वह तब तक काम करेंगे, जब तक शरीर साथ देगा।

पश्चिम रेलवे

निविदा सूचना

वरिष्ठ डीएसटी / एस / एमएमसी, मुंबई मंडल, मुंबई 400008, ई-निविदा सूचना संख्या: BG_217_2_SMM_R1, दिनांक: 13.01.2026 आमंत्रित करता है। कार्य और स्थान: कंटोन्मेंट टॉवर को नए स्थान पर स्थानांतरित करने के बाद पार्ट ई-सेक्शन के संबंध में सिग्नलिंग कार्य, ताकि मौजूदा परिचालन बाधाओं को दूर किया जा सके और अंधेरी पार्ट मुंबई सेंट्रल परिचालन रिमोट से पोइंटमोटर का विस्तार किया जा सके। कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 2,27,04,456.36/- ईएमडी: ₹ 2,63,500/-, जमा करने की तिथि और समय: 05.02.2026, 15:00 बजे तक। खोलने की तिथि और समय: 05.02.2026 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 1005

हमें ट्वीट करें: facebook.com/WesternRly

पूर्वोत्तर रेलवे

ऑनलाइन ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/रिपेयर, वाराणसी मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिए ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :–
क्रम सं. : 1, ई-निविदा सूचना सं. एवं निविदा कार्य का विवरण : टेण्डर नं. - "30-जीओपी-एनकेमध्यूएस-2025-26-1" "रीमूवल/डिस्मान्टलिंग ऑफ रोलर बेयरिंग एंड एक्सल बॉक्स हाउसिंग एंड कंटीनिंग ऑफ फ्रंट एंड रियर कवर ऑफ आई सी एफ एंड मेसू कोचिंग स्टॉक इन मैकेनिकल वर्कशॉप, गोरखपुर फॉर 1 ईयर", अनुमानित लागत : रु. 15,87,287.52, धरोहर राशि : रु. 31,800.00, निविदा सम्पादन की तिथि एवं अवधि : 09.02.2026, 11.00 बजे, निविदा प्रपत्र का मूल्य : रु. शून्य, संविदा की अवधि : 12 माह।
उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या http://www.ireps.gov.in पर देखें।
उप मुख्य यांत्रिक इंजी./रिपेयर, यांत्रिक कारखाना, गुवाहाटी/यांत्रिक-124 पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर
दैनी में बीड़ी/सिगरेट न पियें

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 16-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMIND User: ccl Time: 01-15-2026 23:31 Color:

NBT AI टाइम मशीन

आज है नैशनल स्टार्टअप डे

आज के दिन भारत मे हर साल राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साल 2022 मे की थी, ताकि देश के युवाओ मे उद्यमिता और इनोवेशन को बढ़ावा दिया जा सके। तारीख इसलिए चुनी नई क्योंकि इसी दिन 2016 मे 'स्टार्टअप इंडिया' अभियान की नीव रखी गई थी। आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है।

NBT

Front Page-2

आगे भारत बनेगा इनोवेशन इकॉनमी

ChatGPT के अनुसार, भविष्य मे भारतीय स्टार्टअप्स दुनिया और स्पेस की तस्वीर बदल देंगे। स्पेस-टेक स्टार्टअप्स चंद्रमा और मंगल पर बस्तियां बसाने मे मदद करेंगे। बायो-इंजिनियरिंग मे नई तकनीके इंसानी उम्र को 150 साल तक बढ़ा देंगी। क्वांटम कम्प्यूटिंग और ब्रेन-चिप्स के जरिये संचार पलक झपकते ही संभव होगा। ऊर्जा के क्षेत्र मे स्टार्टअप्स 'परमाणु संलयन' जैसे स्रोतो से पूरी तरह प्रदूषण मुक्त दुनिया बनाएंगे। संक्षेप मे, भारत एक 'इनोवेशन इकॉनमी' बनेगा।



AI Images

SPEED News

अमेरिकी सीनेट में रिपब्लिकन सांसदों ने

File

वेनेजुएला पर और हमले रोकने वाले प्रस्ताव को खारिज कर दिया, हालांकि पार्टी के दो सांसदो ने समर्थन किया।

File

ट्रंप प्रशासन ने 75 उच्च-जोखिम वाले

देशो के लोगो के लिए प्रवासी वीजा पर रोक लगाई है। यह रोक सिर्फ स्थायी रूप से अमेरिका मे बसने वालो पर लागू होगी।

रूस ने जासूसी के आरोप में मॉस्को

File

स्थित ब्रिटिश दूतावास के एक राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश दिया। अफसरो ने उसका संबंध ब्रिटिश खुफिया एजेंसी से बताया।

अमेरिका के न्यू जर्सी में भारतीय मूल की

महिला प्रियदर्शनी नटराजन को अपने दो नाबालिग बेटो की हत्या के आरोप मे गिरफ्तार किया गया है।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

ईरान में भारतीय इंजिनियर गिरफ्तार, बेहाल परिवार ने लगाई गुहार

■ NBT रिपोर्ट,गाजियाबाद

ईरान और अमेरिका के बीच चल रही तनातनी के बाद बने युद्ध के हालातों के बीच गाजियाबाद के निवासी और दुबई की तेल कंपनी मे मरीन इंजिनियर थर्ड केतन मेहता को ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट मे कोस्ट गार्ड ने गिरफ्तार कर लिया है। 6 जनवरी को गिरफ्तारी के बाद केतन के बारे मे परिवार को 7 जनवरी को जानकारी मिली थी। इसके बाद से उनसे कोई संपर्क नहीं हुआ। केतन के पिता मुकेश मेहता ने विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री से बेटे को सुरक्षित भारत लाने के लिए मदद की गुहार लगाई है।

ट्रांस हिंडन मे बीपुरा के पास डीएलएफ कॉलोनी मे रहने वाले मुकेश मेहता के बेटे मरीन इंजिनियर केतन मेहता दुबई की तेल कंपनी MT BRILLIANT ROAR मे थर्ड इंजिनियर के पद पर कार्यरत है। यह कंपनी Prime Tanker LLC की और से पिछले काफी समय से ईरान से तेल लाने का कार्य करती है। मेहता के अनुसार, केतन ने जून 2025 मे मरीन इंजिनियर के रूप मे कंपनी जॉइन की थी। इसके बाद से वह वहीं है। उधर, 31 दिसंबर को केतन ने फोन कर बताया था जहाज ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट पर डीजल लेने आया है। 3-4 दिन मे लौट जाएंगे। इसके बाद उनसे बात नहीं हुई। 6 जनवरी को जानकारी मिली कि बंदरगाह पर कोस्ट गार्ड ने उनके बेटे समेत 16 क्रू मेंबर को गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद से उनके बेटे के बारे मे न तो कंपनी से और न ही अन्य किसी स्तर से कोई जानकारी मिल पा रही है।

बेटे की वापसी के लिए पिता ने PM से लगाई गुहार

ईरान में जारी प्रदर्शन के समर्थन में जर्मनी में लोगों ने भी मार्च निकाला। दुबई की तेल कंपनी में इंजिनियर के रूप में कार्यरत है केतन मेहता (इनसेट)

मुकेश (पिता) और रजनी (मां)

'हर बीतता दिन डरा रहा'

पिता ने कहा कि बेटे से हमारा संपर्क नही हो रहा है। हमे नही पता कि बेटा सुरक्षित है या नही, उसे पर्याप्त भोजन और चिकित्सा संबंधित सुविधाएं मिल रही है या नही? हर बीतता दिन परिवार के लिए एक डरावने सपने जैसा है। यह केवल एक कानूनी मसला नही है, बल्कि भारतीय नागरिको से जुड़ा एक गंभीर मानवीय संकट है।

सरकार से मदद की अपील

विदेश मंत्रालय समेत नौवहन महानिदेशालय (DG Shipping) और प्रधानमंत्री से अपील की है कि वे इस मामले मे तत्काल हस्तक्षेप कर बेटे की शीघ्र रिहाई के लिए प्रयास करें और उसे भारत ले आएं। केतन की मां रजनी भी बेटे की सुरक्षा को लेकर परेशान है।

'तेहरान में शवों तक के लिए लाखों रुपये चुका रहे लोग'

भारत में रह रहे ईरानी लोगों ने बताया, भूख और डर के साये में जनता

n NBT रिपोर्ट

ईरान की राजधानी तेहरान मे विरोध प्रदर्शन अब सिर्फ सरकार के खिलाफ नहीं, बल्कि जीवन की लड़ाई बन गए हैं। भारत और फिनलैंड मे रहने वाले ईरानी प्रवासी बताते हैं कि अस्पताल शवों से भरे है और सड़कों पर मलबा हटाने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल हो रहा है। परिवारों को मृतक बच्चों के शवों के लिए करीब 3,60 लाख रुपये चुकाना पड़ रहा है। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय लोग खासी दयनीय स्थिति मे हैं। रोजमर्रा का खाना भी मुश्किल से मिलता है। सुरक्षा बल गोलियां चला रहे है। श्रीनगर के कई परिवारों ने बताया कि छात्र अपने होस्टल तक सीमित हैं और बाहर नही निकल रहे। इंटरनेट ब्लैकआउट और महंगी उड़ानों के कारण, छात्रों तक सहायता पहुंचाना कठिन हो गया है। तेहरान में हालात अब जीवन और मौत की लड़ाई बन चुके है।

एंबेसी ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया था

AP

तेहरान के मेयर ने कहा कि विरोध प्रदर्शनों से 20 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ।

'तेल की कीमतों में हो सकता है इजाफा'

जानकारो के अनुसार, शिपिंग इंश्योरेंस लागत बढ़ सकती है, जिससे कि तेल की कीमतो मे इजाफा हो सकता है। भारत घाहहार बंदरगाह और इंटरनेशनल नॉर्थ साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरीडोर असर प्रभावित होता है तो इससे भारत की सेंट्रल एशिया मे कनेक्टिविटी पर असिथरता से नया खतरा पैदा हो सकता है।

बैलेंस बनाना आखिर मुश्किल क्यों?

ईरान में हालात तेजी से नाजुक होते जा रहे हैं और कई देश अपने नागरिकों को वापस बुला रहे हैं। भारत भी स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है। इसी बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची का प्रस्तावित भारत दौरा मौजूदा हालात के चलते टल गया है, हालांकि उन्होंने बुधवार रात विदेश मंत्री जयशंकर से फोन पर स्थिति पर चर्चा की। विशेषज्ञों के मुताबिक ईरान की अस्थिरता भारत के लिए दीर्घकालिक जोखिम पैदा कर सकती है। Strait of Hormuz और लाल सागर में तनाव बढ़ने से वैश्विक व्यापार और समुद्री यातायात प्रभावित होने की आशंका है।

ईरान की अस्थिरता भारत के लिए चिंता

अंतरराष्ट्रीय मामलो के जानकार अनिल त्रिगुणायत कहते है कि ईरान मे अगर अस्थिरता आती है तो इसारे लिए सही नही है। हमे वेस्ट एशिया नीति मे स्थिरता के महत्व को प्राथमिकता देनी चाहिए। US सग सबधो की असहजता के चलते विदेश नीति मे बैलेंस भारत के लिए चुनौती बना हुआ है।

मिडिल ईस्ट की ओर अमेरिकी वॉरशिपः रिपोर्ट

File

वॉरशिप पर एक साथ 90 लड़ाकू विमान तैनात करने की क्षमता

■ NBT रिपोर्ट: ईरान मे गहराते राजनीतिक संकट और बढ़ते जनविरोध के बीच अमेरिका ने मिडिल ईस्ट मे अपनी मैन्य तैयारियों को और मजबूत करने का संकेत दिया है। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन ने दक्षिण चीन सागर मे तैनात एक अमेरिकी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप को हटाकर फ्रूस सेंट्रल कमांड (CENTCOM) के कार्यक्षेत्र, यानी मिडिल ईस्ट की ओर भेजने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि यूएसएस अब्राहम लिंकन इस मिशन पर तैनात किया जा रहा विमानवाहक पोत है।

US ने सैन्य तैयारियों को और मजबूत करने का संकेत दिया

ट्रंप का दावा, ईरान में फांसी और हत्याएं रुकीं

■ एपी, वॉशिंगटन

File

ईरान मे जारी सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच फांसी की सजा और कथित हत्याओं को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा दावा किया है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि ईरान में प्रदर्शनकारियों को फांसी देने की योजना पर रोक लगा दी गई है और हत्याएं भी रुक गई है।

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब एक दिन पहले ही उन्होंने ईरान के प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा था कि मदद आ रही है और अमेरिका, इस्लामिक गणराज्य की कथित घातक कार्रवाई के जवाब में उचित कदम उठाएगा।

बोले, हम नजर रखेंगे और देखेंगे कि प्रक्रिया क्या है

वाइट हाउस में शासकीय आदेशों और कानूनों पर हस्ताक्षर के दौरान ट्रंप ने कहा कि हमें बताया गया है कि ईरान में हत्याएं रुक रही है। वे अब ऐसा कुछ नही करने जा रहे है। उन्होंने आगे कहा कि फांसी की कोई योजना नहीं है और न ही किसी को फांसी दी जाएगी। मुझे यह जानकारी विश्वसनीय सूत्रों से मिली है। उन्होंने जोड़ा कि हम मामले पर नजर रखेंगे और देखेंगे कि प्रक्रिया क्या है।

इस बार निशाना नहीं चूकेगाः ईरान

■ आईएएनएस, तेहरानः ईरान के तख्ता हालात चिंताजनक है। अमेरिका की ओर से सैन्य कार्रवाई की आशंका के बीच अब ईरान ने एक तस्वीर के जरिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को चेतावनी दे दी है। ईरान ने 2024 में पेंसिलवेनिया में ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले की एक तस्वीर दिखाई, जिसमे उन्हें एक कैंपेन रैली मे मारने की कोशिश करते हुए दिखाया गया था। चेतावनी दी गई कि इस बार निशाना चूकेगा नही। इस बीच तनावपूर्ण हालात मे ब्रिटेन ने तेहरान मे अपने दूतावास को कुछ समय के लिए बंद कर दिया है।

फटाफट खबरें

'जन नायकन' पर सुनवाई से इनकार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को विजय अभिनीत तमिल फिल्म 'जन नायकन' के निर्माता की उस याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया, जिसमे मद्रास हाई कोर्ट के अंतरिम आदेश को चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट ने फिल्म को सेंसर बोर्ड से प्रमाणपत्र देने के सिंगल बेंच के निर्देश पर रोक लगा दी थी।

आग से तीन बच्चों सहित 6 की मौत

■ भाषा, शिमला : हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के नौराधार क्षेत्र के एक गांव मे बुधवार रात घर मे आग लगने से 3 बच्चो सहित छह लोगो की जलकर मौत हो गई। रांगड़ाह के एसडीएम ने गुरुवार को बताया कि शुरुआती जांच से लगता है कि तलगना गांव के घर मे आग बुधवार देर रात चूल्हे के कारण लगी थी। मृतको में मूहस्वामी की बेटी-दामाद भी है।

52 नक्सलियों ने किया सरेंडर

■ भाषा, बीजापुर : छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में गुरुवार को 52 नक्सलियो ने सरेंडर कर दिया। इनमें से 49 पर 1.41 करोड़ रुपये का इनाम था। एसपी जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि सरेंडर करने वालो मे 21 महिलाएं भी है।

UCC में बदलाव करेगा उत्तराखंड

■ NBT रिपोर्ट, देहरादूनः उत्तराखंड की कैबिनेट ने गुरुवार को यूनिफॉर्म सिविल कोड मे संशोधन को मंजूरी दी। इसके तहत जनवरी 2025 से पहले शादी करने वालो को अब छह माह के बजाय एक साल मे शादी का रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

कंटेनर से टकराई बस, 2 की मौत

■ NBT न्यूज, नूह: दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह घने कोहरे मे बड़ा हादसा हुआ। जयपुर से दिल्ली की ओर जा रही बस गांव शेखपुर के पास अपने आगे चल रहे कंटेनर से टकरा गई। इस हादसे मे बस मे सवार दो लोगो की मौके पर ही मौत हो गई।

भारत में लोकतंत्र सफल क्योंकि शासन के केंद्र में जनता है: PM

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत ने विविधता को अपने लोकतंत्र की ताकत बनाया है। भारत में लोकतंत्र सफल है क्योंकि शासन के केंद्र में देश की जनता है। भारतीय लोकतंत्र एक बड़े पेड़ की तरह है जिसकी जड़ें गहरी है। पीएम ने राष्ट्रमंडल देशों की संसद के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 29वें सम्मेलन का शुभारंभ किया।

तमाम विदेशी मेहमानों का स्वागत करते हुए उन्होंने बाद दिलाया, जब भारत को आजादी मिली थी, तो कई लोगों को संदेह था कि देश की इतनी ज्यादा विविधता के बीच लोकतंत्र टिक पाएगा या नहीं। हालांकि, यही विविधता भारतीय लोकतंत्र की ताकत बन गई। एक और बड़ी चिंता थी कि अगर किसी तरह भारत में लोकतंत्र कायम भी रह जाए तो विकास संभव नहीं होगा। हालांकि, भारत ने इसे गलत साबित कर दिया। मोदी ने कहा, कोविड-19 महामारी के दौरान, जब पूरी दुनिया इस महामारी से जूझ रही थी। तब भारत ने 150 से अधिक देशों को दवाएं और टीके उपलब्ध कराए। 2024 में हुए आम चुनावों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ये मानव इतिहास का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक चुनाव था।

दोषी सेंगर के खिलाफ और सबूत देगी रेप पीड़िता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: उन्नाव रेप केस मे पीड़िता ने गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट मे अर्जी दायर कर दोषी कुलदीप सेंगर की सजा के खिलाफ अपील मे और सबूत पेश करने की इजाजत मांगी। वह अर्जी हाई कोर्ट के 23 दिसंबर 2025 के उस आदेश के बाद आई है, जिसमे सेंगर की उम्रकैद को सस्पेंड कर दिया गया था।

पीड़िता ने कहा, वह कोर्ट के सामने जरूरी घटनाक्रम के साथ-साथ अपने परिवार को मिल रही धमकियों को दिखाने के लिए तथ्य और दस्तावेज पेश करना चाहती है। उन्नाव मे उसके स्कूल के दो अधिकारियों के और सबूत रेकॉर्ड करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है ताकि उसकी जन्म की तारीख को प्रमाणित किया जा सके। उसने आरोप लगाया कि सेंगर ने जांच को प्रभावित किया और ट्राइल में उसकी उम्र के बारे मे जाली और झूठे दस्तावेजों का इस्तेमाल किया, जिन पर अब अपील में भी भरोसा किया जा रहा है। कोर्ट ने कहा, अपील फाइनल स्टेज पर है। पीड़िता की अर्जी पर 25 फरवरी को विचार के लिए लग दिया। उन्होंने पीड़िता के वकील से 31 जनवरी तक अपनी अर्जी के साथ जरूरी दस्तावेज दाखिल करने को कहा।

हाई कोर्ट जंतर-मंतर है क्या: SC

ED ने कहा, TMC ने लोगों से अपील की थी, सब कोर्ट पहुंचें | I-PAC मामले में कलकत्ता HC में हुए हंगामे पर SC ने चिंता जताई | TMC की दलील, चुनाव से ठीक पहले छापे की क्या जरूरत थी

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को I-PAC दफ्तर में छापेमारी मामले में ईडी की याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान, कोर्ट ने पिछले हफ्ते कलकत्ता हाई कोर्ट में हुए हंगामे पर चिंता व्यक्त की, जिसकी वजह से सुनवाई नहीं हो पाई थी। इस दौरान, ईडी ने कहा कि 9 जनवरी को हाई कोर्ट में सुनवाई से पहले तृणमूल कांग्रेस की लीगल सेल ने वट्सऐप के जरिये अपने कार्यकर्ताओं को अदालत में जमा होने के लिए कहा था। ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, बड़ी संख्या में वकील और अन्य लोग कोर्टरूम में घुस आए और हंगामा किया। यही होता है जब लोकतंत्र की जगह भीड़तंत्र ले लेता है। उन्होंने बताया, लीगल सेल ने वहां जाने के निर्देश दिए थे, यह कहते हुए- 'सब लोग आओ'। इस पर जस्टिस मिश्रा ने कहा, 'सब लोग आओ? जैसे यह जंतर-मंतर हो!' मेहता ने कहा कि हाई कोर्ट को जंतर-मंतर में बदल दिया गया था। लोगों को लाने के लिए बसों की व्यवस्था थी।

मामले की अगली सुनवाई 3 फरवरी को होगी।

प. बंगाल मे चौंकाने वाला पैटर्न: ED

सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कोर्ट को बताया कि यह मामला एक 'चौंकाने वाला पैटर्न' दिखाता है। इससे पहले भी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्रीय एजेंसियों के काम में बाधा डाली है। जस्टिस पी.के. मिश्रा ने पूछा कि यह याचिका सुप्रीम कोर्ट में कैसे सुनवाई योग्य है। इस पर SG ने कहा कि एक याचिका ईडी और एक प्रभावित अधिकारी ने मिलकर दायर की है, जबकि दूसरी याचिका ईडी अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से दाखिल की है। SG ने बताया कि ईडी को साक्ष्य मिले थे कि एक कंपनी और एक व्यक्ति के कार्यालय में आपत्तिजनक सामग्री मौजूद है। PMLA की धारा 17 के तहत ईडी वहां पहुंची और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मुख्यमंत्री, डीजीपी और भारी पुलिस बल वहां पहुंचे, जब्त कार्यालय में घुसे और झाड़ुओं व डिवाइस ले गए। यह असराध है और PMLA की धारा 54 के तहत पुलिस ईडी की मदद करने के लिए बाध्य थी, लेकिन वहां ईडी को रोका गया। ईडी ने पुलिस अधिकारियों के निलंबन की मांग भी की है।



SG ने पहले के एक टकराव का जिक्र किया, जब सीबीआई अधिकारियों को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था और मुख्यमंत्री ने सीबीआई दफ्तर के बाहर धरना दिया था। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान हंगामा हुआ, जिसके चलते अदालत को सख्त निर्देश जारी करने पड़े। अगली सुनवाई 3 फरवरी को होगी।

ममता की ओर से आपत्ति जताई गई

ममता बनर्जी की ओर से पेश सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्हें इस मामले के विचार करने की योग्यता पर आपत्ति है। यह ऐसा मामला है, जिस पर हाई कोर्ट भी सुनवाई कर सकता है। जस्टिस मिश्रा ने कहा कि वह पिछले सप्ताह हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान हंगामे से इस बात से चिंतित है। हंगामे के बाद सिब्बल ने जवाब दिया कि कल हाई कोर्ट में सुनवाई हुई थी और यह मानने का कोई कारण नहीं है कि भविष्य मे सुनवाई नहीं होगी। सिब्बल ने दलील दी कि आई-पैक तृणमूल कांग्रेस का चुनावी सलाहकार है और इस उद्देश्य के लिए 2021 से उनके बीच एक समझौता है। इक्लिप टीएमसी का गोपनीय डेटा आई-पैक के कार्यालय में रखा जाता है। मुझे यकीन है कि ईडी को इसकी जानकारी है। आमे कहा, सबसे पहला सवाल यह उठता है कि चुनाव के बीच मे वहां जाने की जरूरत क्यों थी? कोयला घोटाले मे अंतिम बयान फरवरी 2024 मे दर्ज किया गया। वे 2024 और 2025 में क्या कर रहे थे, और 2026 के चुनावो के बीच उन्हें इतनी जल्दी क्यों है? इसी कारण ममता को वहां जाने का अधिकार है। यह पार्टी की संपत्ति है। सिब्बल ने ईडी के इस दावे को खारिज किया कि ममता बनर्जी सभी फाइलें और उपकरण अपने साथ ले गई।

NCERT को यूनिवर्सिटी का दर्जा जल्द, मिलेगी PhD तक की डिग्री

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : NCERT को जल्द ही डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा मिलने वाला है। अगले कुछ दिनों मे यूजीसी कमिशन की बैठक होगी, जिसमे अंतिम मुहर लगने के बाद शिक्षा मंत्रालय की ओर से जनवरी मे ही इस बाबत नोटिफिकेशन हो जाएगा। वर्ष 1961 मे इस स्वायत्त संगठन के रूप में अस्तित्व मे आने के NCERT अब यूनिवर्सिटी बनेगी और ग्रैजुएशन, पीजी और पीएचडी की डिग्री प्रदान कर सकेगी।

NCERT भी दूसरे देशों के शिक्षण संस्थानों से करेगा टाईअप

NCERT के डायरेक्टर प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी का कहना है कि जिस तरह IIT, CBSE जैसे संस्थान ग्लोबल लेवल पर मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं, उसी तरह NCERT भी दूसरे देशों के शिक्षण संस्थानों के साथ टाईअप कर स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम शुरू करेगी।

SAI हॉस्टल में 2 प्लेयर्स के शव मिले

■ पीटीआई, कोल्लमः केरल के कोल्लम स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAI) हॉस्टल मे गुरुवार को दो नाबालिग स्पोर्ट्स ट्रेनी के शव कमरे में फंदे से लटके मिले। पुलिस के मुताबिक, दोनों छात्राएं स्पोर्ट्स कोचिंग ले रही थी और हॉस्टल मे ही रह रही थी। मृत लड़कियों की पहचान कोझिकोड जिले की वैष्णा (17) और तिरुवनंतपुरम जिले की वैष्णवी (15) के रूप मे हुई है। वैष्णा एथलेटिक्स की ट्रेनी थी और 12वीं में पढ़ रही थी, जबकि वैष्णवी कबड्डी खिलाड़ी थी और कक्षा 10वीं की छात्रा थी। घटना से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि जब बार-बार दरवाजा खटखटाने पर भी कोई जवाब नहीं मिला तो छात्रावास के अधिकारियों ने दरवाजा तोड़ दिया।

आर्मी डे परेड में पहली बार भैरव बटैलियन की झलक

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : डिफेंस आर्मी डे पर जब अलग-अलग यूनिट्स को प्रशंसा पत्र दिया गया, तो ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मैन्य तैयारियों की झलक भी मिली। आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आर्मी की 5 अलग-अलग कमांड से 26 यूनिटों को प्रशंसा पत्र दिया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किए गए काम के हिसाब से अलग पैरामीटर बनाए गए थे। आर्मी डे पर आर्मी चीफ ने 49 यूनिट को यूनिट साइटेशन दिए। यूनिट साइटेशन के लिए जो पैरामीटर है, उसमे ज्यादातर कांटेंट इनसरजेंसी और कांटेंट टेररिजम ऑपरेशन में अच्छे काम के लिए मार्क्स दिए जाते हैं। जयपुर में हुए आर्मी डे परेड में पहली बार भैरव बटैलियन भी शामिल हुई, जो ऑपरेशन सिंदूर के बाद बनाई गई। आर्मी चीफ ने बटैलियन की तारीफ की।

आर्मी डे पर सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 49 यूनिट को साइटेशन दिए

PTI

जयपुर में हुए आर्मी डे परेड में 26 यूनिट को मिला प्रशंसा पत्र

अवॉर्ड की संख्या से पता चली तैयारी

ऑपरेशन सिंदूर में सेना की तैयारी का अंदाजा इसी से लग जाता है कि कुल सात कमांड में से पांच की अलग-अलग यूनिट को प्रशंसा पत्र मिला। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना ब्राउंड ऑपरेशन के लिए भी तैयार थी। एलओसी पर सिर्फ गोले नही दाग रही थी बल्कि पैदल सेना की यूनिट भी डायरेक्ट फायर कर रही थी।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 16-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMPJPP User: ajay.karekar Time: 01-15-2026 21:08 Color:

iPhone 16

Amazing performance. Durable design.

Go to IndiaiStore.com to find Apple Authorised Reseller stores near you.

Starting at an Exchange Effective Price of **₹40900*** with credit cards of

AXIS BANK | ICICI Bank

	iPhone 16 Plus	iPhone 16
MRP (Incl. of all taxes) (128GB, 1N)	₹79900.00	₹69900.00
Instant Store Discount	₹5000.00	₹5000.00
Bank Cashback (up to)	₹5000.00	₹3000.00
Exchange value of your old phone*	₹15000.00	₹15000.00
Exchange bonus (up to)	₹6000.00	₹6000.00
Exchange Effective Price*	**₹48900.00**	**₹40900.00**

*Limited period offer. Terms and conditions apply.
Please scan the QR Code for terms and conditions.

INDIA iSTORE

INGRAM | Redington

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 16-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMPJBP User: ajay.karekar Time: 01-15-2026 21:08 Color:

iPhone 17

Magichromatic.

Go to IndiaiStore.com to find Apple Authorised Reseller stores near you.

Buy Now with 24 Month No Cost EMI at ₹3454/month*
available on Consumer Loans with select leading Banks and NBFCs.

OR

Up to ₹4000 instant cashback on credit cards of
AXIS BANK | ICICI Bank

*Limited period offer. Terms and conditions apply.
Please scan the QR Code for terms and conditions.

INDIA iSTORE
INGRAM | Redington

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 16-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMPJK2 User: ajay.karekar Time: 01-15-2026 21:08 Color:

iPhone Air



Go to IndiaiStore.com to find Apple Authorised Reseller stores near you.

Starting at an Exchange Effective Price of **₹71900*** with credit cards of

AXIS BANK | ICICI Bank

	iPhone Air
MRP (Incl. of all taxes) (256GB, 1N)	₹119900.00
Instant Store Discount	₹18000.00
Bank Cashback (up to)	₹4000.00
Exchange value of your old phone*	₹20000.00
Exchange bonus (up to)	₹6000.00
Exchange Effective Price*	**₹71900.00**

*Terms and conditions apply.
Please scan the QR Code for terms and conditions.

INDIA iSTORE

INGRAM | Redington

महानगर > मुंबई > शुक्रवार, 16 जनवरी 2026 > पौष 27, शक संवत 1947, माघ कृष्ण त्रयोदशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 14 > मूल्य ₹6.00 > पेज 16 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

NBT
नवभारत टाइम्स

SL Shanth Kumar

लोकतंत्र की तस्वीर... जरीमरी एरिया में बीएमसी चुनाव के दौरान महिला मतदाताओं को चुनाव प्रक्रिया में मदद की शानदार तस्वीर।

न जोश, न रोष

मनपा चुनाव में वोटर्स का मिला-जुला रिस्पॉन्स

NBT टीम, मुंबई: राज्य की 29 महानगर पालिकाओं का चुनाव छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। 74000 करोड़ रुपये से अधिक के बजट के साथ एशिया की सबसे बड़ी मुंबई महानगरपालिका के लिए भी वोटिंग संपन्न हुई। चार साल देरी से हुए चुनाव में मुंबई के 24 वॉर्डों की 227 सीटों पर 1700 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। चुनाव में 46 से 50% तक के मतदान का अनुमान है। आधिकारिक आंकड़ा आना बाकी है। 2017 के चुनाव में 55%मतदान हुआ था। दोपहर 3:30 बजे तक 41.13% मतदान हुआ था। अन्य 28 महानगर पालिकाओं में 2869 सीटों पर 15908 उम्मीदवारों के लिए वोटिंग हुई। अब निगाह शुक्रवार को होनेवाली मतगणना पर है। दोपहर तक स्थिति साफ़ हो जाएगी कि जनता ने सत्ता की चाबी किसे सौंपी है।

Kaushik Naik

NBT सर्वे

अब तक सब ये कयास ही लगाते आए हैं कि निकाय चुनाव में वोटर किस मुद्दे पर सबसे ज्यादा वोट डालते हैं। किसी का मानना होता है कि विकास के मसले पर, तो कोई धर्म-जाति को बड़ा वोटिंग फैक्टर मानता है। एनबीटी ने इस बार इस तस्वीर को और साफ करने की कोशिश की है। हमारे 14 रिपोर्टर्स ने पूरी मुंबई और एमएमआर के वोटिंग बूथों पर वोटरों से सीधे बात की। वोट डालकर निकले इन मतदाताओं से पूछा गया कि उन्होंने किस मुद्दे पर वोट किया। नतीजे इस तरह रहे :



विकास के मुद्दे पर सबसे ज्यादा वोट

हमारे रिपोर्टर्स गुरुवार को वोटिंग के समय पोलिंग बूथों पर तैनात रहे। अलग-अलग बूथों पर 210 वोटरों से सीधे बात की गई। उनसे पूछा गया कि वह किस मुद्दे पर अपना वोट डालकर आए हैं। इस सर्वे के मुताबिक, इस बार के निकाय चुनाव में मुंबई-एमएमआर में सबसे बड़ा मुद्दा विकास का रहा। इस पर 35% लोगों ने वोट डाले। रोड और पानी इसमें मिला लें तो यह 64% हो जाता है। धर्म के आधार पर 8% और जाति के आधार पर 4% लोगों ने ही वोट डाले। 3% लोग ऐसे भी थे, जिन्होंने केवल वोट डाला। उनके दिमाग में ऐसा कोई मुद्दा था ही नहीं। जब आप यह पढ़ रहे होंगे, उसके कुछ ही घंटों बाद इन चुनावों के नतीजे आने शुरू हो जाएंगे। नतीजे जो भी रहेंगे, आपको और चुनकर आए नगरसेवकों को एक बेहतर राजदा मिलेगी कि जिसे भी चुना गया है, उनसे वोटरों को क्या-क्या उम्मीदें हैं।

एग्जिट पोल्स में महायुति का पलड़ा भारी

'एक्सिस माय इंडिया' और 'JVC' का एग्जिट पोल सर्वे	महायुति	131- 151
	ठाकरे बंधु	58- 68
	कांग्रेस गठबंधन	12-16
	अन्य दल	6-12
JVC Exit Poll में भी महायुति को दिखाई गई है बढ़त	महायुति	138
	ठाकरे बंधु	59
	कांग्रेस गठबंधन	23
	अन्य	7
डीवी रिसर्च का सर्वे	महायुति	107-122
	ठाकरे बंधु	68-83
	कांग्रेस गठबंधन	18-25
	अन्य	8-15

विपक्ष को नई स्क्रिप्ट लिखनी चाहिए। वे हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में हार गए, फिर भी पुरानी स्क्रिप्ट पर चल रहे हैं। मनपा चुनावों में हमारी जीत पक्की है। विपक्ष प्रैक्टिस कर रहा है कि हार के बाद क्या कहना है। - देवेंद्र फडणवीस, CM

वोटर लिस्ट में मतदाताओं के नाम गायब थे। राज्य चुनाव आयोग की वेबसाइट क्रैश हो रही थी। उंगली से स्याही आसानी से मिट रही थी। चुनाव आयोग उदासीन है, यह बेहद ही शर्मनाक है। - वर्षा गायकवाड, मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष

राज्य चुनाव आयोग लोकतंत्र की हत्या कर रहा है। सरकार चुनाव आयुक्त के साथ नौकर जैसा बर्ताव कर रही है। चुनाव में रुपये बांटे जा रहे थे। चुनाव आयोग को निलंबित कर देना चाहिए। - उद्धव ठाकरे, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख

महानगरपालिका के चुनाव में मतदाताओं ने विकास के लिए मतदान किया है। एग्जिट पोल्स ने इशारा कर दिया है कि क्या नतीजे आएंगे। महायुति की जीत तय है और मेयर महायुति का ही बनेगा। - राहुल शेवाले, महासचिव शिवसेना (शिंदे)

दुनिया की सबसे छोटी महिला ज्योति आमगे ने नागपुर में निकाय चुनाव के लिए वोट डाला।



बिजली के हाई-वोल्टेज करंट से दोनों हाथ कट जाने के बावजूद मुंब्रा में प्रभाग क्रमांक 26 में सलमान फिलकर ने अपने लोकतांत्रिक फर्ज को निभाया। परिवार के सदस्य की मदद से उन्होंने वोट डाला। उनके बाएं पैर के अंगूठे पर स्याही का निशान लगाया गया।

आज 10 बजे शुरू हो जाएगी वोटों की गिनती

शुक्रवार सुबह 10 बजे से बीएमसी के लिए डाले गए वोटों की काउंटिंग शुरू हो जाएगी। मुंबई की सीटों की गिनती के लिए 23 काउंटिंग केंद्र बनाए गए हैं। इसपर दो-दो प्रभागों की काउंटिंग एक साथ शुरू होगी। दो प्रभाग की गिनती पूरी होने के बाद अगले दो प्रभाग लिए जाएंगे। शाम तक मतगणना पूरी तरह संपन्न हो जाएगी। इसके बाद राज्य चुनाव आयोग आचार संहिता खत्म करने की घोषणा करेगा। नतीजों के आधार पर आगे सत्ता स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

चार खास बातों से समझें चुनाव का पूरा माहौल

1 MMR के 8 निकायों में ये हैं समीकरण

इन 8 महानगर पालिकाओं के परिणाम राज्य की राजनीति पर प्रभाव डालेंगे। कई जगह सत्ताधारी बीजेपी-शिंदे सेना आमने-सामने थी। ठाणे में 43.96%, कल्याण में 38.69%, नवी मुंबई में 45.51%, उल्हासनगर में 34.88%, भिवंडी में 38.21%, मीरा-भाईंदर में 38.34%, वसई-विरार में 45.71% और पनवेल में 44.04% वोटिंग हुई।

2 मतदाताओं को हुई दिक्कतें

बीएमसी करोड़ों रुपये खर्च कर भी लोगों की दिक्कतों को दूर नहीं कर पाई। लोकसभा चुनाव में दिक्कतों के बाद विधानसभा चुनाव में प्रभावी ढंग से प्रशासन सक्रिय रहा, लेकिन बीएमसी चुनाव में जगह-जगह दिक्कतें सामने आईं। इस बार बुजुर्गों के लिए घर पर मतदान की व्यवस्था नहीं थी। बीएमसी और चुनाव आयोग के ऐप पर भी लोगों को नाम नहीं मिल रहे थे।

3 पुलिस ने दो मामले दर्ज किए

मुंबई में कई इलाकों में छिटपुट घटनाएं हुईं, लेकिन पुलिस ने अब तक किसी मामले में FIR दर्ज नहीं की है। जॉइंट सीपी (कानून व्यवस्था) सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि कहीं कोई क्रॉस-FIR दर्ज नहीं हुई है। पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दो मामले दर्ज किए हैं। एक गैरकानूनी तरीके से भीड़ जुटाने, दूसरा किसी का रूप धारण करने (इम्पर्सोनेशन) से जुड़ा है।

4 लड़कर आज फिर हो जाएंगे एक

राज्य में सत्ताधारी बीजेपी-शिंदे सेना और अजित पवार की एनसीपी ने कई जगह एक-दूसरे के सामने चुनाव लड़ा है। शुक्रवार को नतीजों के बाद सभी फिर सत्ता में साझीदार हो जाएंगे। बीजेपी-शिंदे ने बीएमसी में साथ लड़ा जबकि अजित पवार अकेले मैदान में थे। वहीं मीरा-भाईंदर, नवी मुंबई और उल्हासनगर में दोनों आमने-सामने चुनाव लड़े।

महाराष्ट्र की प्रमुख महानगरपालिकाओं पर एक नजर

मुंबई और एमएमआर की महानगरपालिकाओं के साथ राज्य की प्रमुख अन्य महानगर पालिकाओं में नासिक में 39.64%, पुणे- 36.95%, पिंपरी-चिंचवड -40.05% , सोलापुर -40.39%, अमरावती- 40.62 और नागपुर में 41.23% वोटिंग हो चुकी थी। सबकी निगाह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के गृह जिले, नागपुर, उपमुख्यमंत्री अजित पवार के पुणे और पिंपरी-चिंचवड और ठाणे पर लगी है जिसे उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का गढ़ कहा जाता है। राज्य की 29 महानगर पालिकाओं में कुल 2869 सीटों पर चुनाव हुए और इसका चुनाव परिणाम शुक्रवार को आएगा। इनमें से कई महानगर पालिकाओं में सियासी समीकरण दिलचस्प है। एग्जिट पोल्स ने भी उलटफेर की ओर इशारा किया है। साम टीवी के 'एग्जिट पोल' के अनुसार, पुणे में BJP सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभर सकती है। उसे 70 सीटें मिलने की उम्मीद है। NCP को 55 सीटें मिल सकती हैं। NCP (SP) 10 और शिवसेना 12 सीट जीत सकती है। राज्य के दूसरे सबसे बड़े शहर में स्वतंत्र चुनाव लड़ने वाली शिवसेना (UBT) और मनसे के क्रमशः पांच और दो सीट जीतने की उम्मीद है, जबकि कांग्रेस को 8 सीटें मिल सकती हैं।

BMC चुनाव में स्याही से सुर्ख हुए सियासत के रंग

Neeraj.Tiwari@timesofindia.com



एक वोटर की तस्वीर जिसने सेनिटाइजर से स्याही मिटाई

मुंबई : BMC चुनाव के दौरान उंगली पर लगाने वाली स्याही पर विवाद खड़ा हो गया। परंपरागत स्याही के बजाय मार्कर से निशान लगाए जाने पर विपक्षी दलों ने तीखी आपत्ति दर्ज कराई। सोशल मीडिया पर ऐसे कई वीडियो वायरल हुए, जिनमें मतदाता उंगली से मार्कर के निशान आसानी से मिटाते दिखे।

परंपरागत इलेक्शन इंक नाखून और त्वचा पर कम से कम 10–15 दिन रहती थी। शिवसेना (UBT) नेता साईनाथ दुर्गे के अलावा महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने भी सरकार और प्रशासन पर निशाना साधा। उधर, सीएम देवेंद्र फडणवीस ने स्पष्ट कहा कि मार्कर में भी इंडेलिबल इंक ही इस्तेमाल की गई है, जो चुनाव आयोग के मानकों के अनुरूप है। राज्य चुनाव आयोग के कमिश्नर दिनेश वाघमारे ने भी कहा कि यह साधारण मार्कर नहीं है।

▸▸विस्तार से खबर पेज 9 पर

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 7, 9, 10, 12

अंतर्ज्ञान

प्रतिक्रिया आदत है, जबकि सोच-समझकर उत्तर देना जागरूकता। जब हम तुरंत बोलते हैं, तो उस क्षण में हमारे भीतर का अधूरा मन बोल रहा होता है। लेकिन जब बोलने से पहले एक पल रुकते हैं, भावनाओं को शांत होने देते हैं, तब आत्मा बोलती है। जवाब देना सीखना परिपक्वता है। प्रतिक्रिया में ऊर्जा बर्बाद होती है, सोच-समझकर उत्तर में ऊर्जा पैदा होती है। जीवन तब सुंदर होता है, जब आप प्रतिक्रियाओं से मुक्त होकर उत्तरों में जीने लगते हैं। यही आंतरिक स्थिरता की निशानी है। उत्तर देने की क्षमता ही मन का अनुशासन है। वही व्यक्ति मजबूत है, जो अपनी भावनाओं का स्वामी है, गुलाम नहीं, जो सोच-समझकर उत्तर देता है।

WPL आज के मैच

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु vs गुजरात जायंट्स
7:30pm से, नवी मुंबई में
टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

मौसम

कोलाबा	30.5	19.2
सांताक्रुज	30.6	16.4
सूर्यास्त शुक्रवार	6:22 बजे	
सूर्योदय शनिवार	7:15 बजे	

NBT नवभारत टाइम्स — सड़क व रेल परिवहन सेवा शुल्क 100 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगड जिले के बाहर।

'ईडी छापों में बाधा गंभीर' SC ने कहा- जांच करेंगे

बंगाल सरकार को नोटिस, जांच एजेंसी को राहत

Rajesh.Choudhary@timesofindia.com

नई दिल्ली: तृणमूल कांग्रेस की चुनावी रणनीति से जुड़ी संस्था 'I-PAC' के दफ्तर पर ईडी की छापेमारी के दौरान 'बाधा' डालने के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को प. बंगाल सरकार को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने कहा कि ईडी के आरोपों के मुताबिक मामला बेहद गंभीर है और हम इसका परीक्षण करेंगे। घटना 8 जनवरी की है। ईडी का आरोप है कि कोलकाता में I-PAC के ठिकानों पर रेड के दौरान सीएम ममता बनर्जी वहां बंगाल पुलिस के अफसरों के साथ पहुंचीं और अपने साथ सबूत लेकर चली गईं।

कोर्ट ने कहा कि इस मामले में कुछ बड़े सवाल हैं जिनका जवाब नहीं मिला तो स्थिति बिगड़ जाएगी। अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग दलों की सरकार होने से अराजकता फैल सकती है। केंद्रीय जांच एजेंसियों को किसी राजनीतिक दल के चुनावी काम में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। पर, अगर केंद्रीय एजेंसियां किसी गंभीर अपराध की जांच के लिए ईमानदारी से अपना काम कर रही हैं, तो क्या उन्हें राजनीतिक गतिविधियों की आड़ में काम करने से रोका जा सकता है? कोर्ट ने ईडी अफसरों पर बंगाल में दर्ज FIR पर रोक लगा दी और राज्य पुलिस से छापों से जुड़े सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि देश में कानून के शासन का पालन सुनिश्चित करने और प्रत्येक अंग को स्वतंत्र रूप से कार्य करने देने के लिए इस मुद्दे की जांच आवश्यक है, ताकि अपराधियों को किसी विशेष राज्य की कानून प्रवर्तन एजेंसियों की आड़ में संरक्षण न मिल सके।

▸▸पेज 12

जांच एजेंसी के आरोपों पर ममता बनर्जी ने कहा कि मैं I-PAC परिसर में मुख्यमंत्री के तौर पर नहीं, बल्कि तृणमूल प्रमुख के रूप में गई थी।

कुछ बड़े सवाल हैं, जिनके जवाब नहीं मिले, तो स्थिति बिगड़ जाएगी। अराजकता फैल सकती है। - सुप्रीम कोर्ट

झारखंड में भी विवाद: ED दफ्तर पहुंची पुलिस

CCTV फुटेज किए गए ज़ब्त

आईएएनएस, रांची: झारखंड के रांची स्थित ED दफ्तर पर राज्य पुलिस गुरुवार को जांच करने पहुंची, तो सियासत भी खूब हुई। दरअसल, ED के 2 अफसरों पर एक शख्स ने पूछताछ के नाम पर मारपीट का आरोप लगाया है। उसकी शिकायत के आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की और ईडी दफ्तर पहुंच कर सीसीटीवी जब्त की। ईडी ने सुरक्षा के लिए केंद्रीय पुलिस बल को भी बुला लिया।

बीजेपी ने पुलिस जांच को केंद्रीय जांच एजेंसी की स्वतंत्रता पर हमला करार दिया है। झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि पुलिस कार्रवाई की आड़ में ईडी दफ्तर में अहम सबूतों से छेड़छाड़ या उन्हें नष्ट करने की कोशिश की जा सकती है।

PTI



रांची के ईडी दफ्तर में सुरक्षा के लिए CISF जवान तैनात किए गए।

एयर इंडिया प्लेन के इंजन में घुसा कंटेनर, टला हादसा

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: आईजीआई एयरपोर्ट पर गुरुवार सुबह उस वक्त करीब 300 यात्रियों और क्रू मेंबर की जान बाल-बाल बची, जब दिल्ली से न्यू यॉर्क के लिए उड़ान भर चुकी एयर इंडिया की फ्लाइट AI-101 ईरानी एयर स्पेस बंद होने की वजह से वापस दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड की। तभी एक छोटा कार्गो कंटेनर एयरक्राफ्ट A-350 के पावरफुल इंजन की रेंज में आ गया और इंजन ने उस कंटेनर में से एक सामान को अपनी ओर खींच लिया। गनीमत रही कि इंजन में आग नहीं लगी। डीजीसीए ने जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, सिंगापुर जा रहा एयर इंडिया का एक विमान तकनीकी खराबी के कारण दिल्ली लौट आया। सूत्रों के मुताबिक विमान में करीब 190 लोग सवार थे।



ईरान से भारतीयों को निकालेगा केंद्र, दिल्ली की उड़ान का पहला बैच आज

4 घंटे से ज्यादा समय तक ईरान ने बंद रखा 'आसमान'

Alpyu.Singh@timesofindia.com

नई दिल्ली: अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने गुरुवार सुबह बिना कारण बताए अपने एयर स्पेस बंद कर दिया। यह बंद 4 घंटे से ज्यादा समय तक चला। भारत समेत कई देशों की अमेरिका और यूरोप जाने वाली अहम उड़ानों पर इसका असर पड़ा। एयर इंडिया और इंडिगो को कुछ उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। स्पाइसजेट को अडवाइजरी जारी करनी पड़ी।

ईरान में बिगड़ते हालात के बीच भारत उन सभी नागरिकों को वापस लाने की तैयारी में जुटी है, जो देश वापसी करना चाहते हैं। सूत्रों ने बताया, तेहरान से दिल्ली की पहली विशेष उड़ान शुक्रवार को रवाना हो सकती है। विदेश मंत्रालय वहां से सुरक्षित वापसी की तैयारी में जुटा है। ईरान में 10 हजार भारतीय मौजूद हैं।

ईरान में गुरुवार का दिन अमूमन शांत रहा। तेहरान में आम दिनों की तरह चहल-पहल रही। कुछ जगह मलबे के रूप में हिंसा के निशान जरूर दिखे।

डॉनल्ड ट्रंप का दावा, हत्याएं रुकीं



अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा, हमें बताया गया है कि ईरान में हत्याएं रुक गई हैं। वे अब ऐसा कुछ नहीं कर रहे हैं। जब उनसे सवाल हुआ कि क्या वह ईरान पर अब कार्रवाई करेंगे, तो ट्रंप ने कहा, कौन जानता है? हम नजर रखेंगे और देखेंगे कि प्रक्रिया क्या है।' खबरें ये भी हैं कि अमेरिकी नेवी ने अपने वॉरशिप USS अब्राहम लिंकन को मिडिल ईस्ट की ओर रवाना किया है। उधर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने जुबानी जंग कम करने का संकेत देते हुए कहा, युद्ध से बेहतर रास्ता कूटनीति है।

केंद्र ने डिजिटल अरेस्ट पर सुप्रीम कोर्ट में पेश की रिपोर्ट, बनाई हाई लेवल कमिटी

Rajesh.Choudhary@timesofindia.com

नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने डिजिटल अरेस्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर बताया है कि पीड़ित का नुकसान अगर बैंकों या टेलिकॉम कंपनियों की लापरवाही से हुआ हो, तो फिर उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। डिजिटल अरेस्ट के सभी पहलुओं की जांच करने के लिए गृह मंत्रालय ने एक हाई-लेवल इंटर-डिपार्टमेंटल कमिटी बनाई है। डिटेल रिपोर्ट पेश करने के लिए एक महीने का समय मांगा है।

केंद्र के मुताबिक, कमिटी की अध्यक्षता गृह मंत्रालय के विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) कर रहे हैं। कमिटी में RBI, CBI, NIA, दिल्ली पुलिस और इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के अधिकारी शामिल हैं। 29 दिसंबर को कमिटी की बैठक हुई है और कमिटी ने पीड़ित मुआवजे से संबंधित एमिकस की सिफारिशों पर भी विचार किया। समिति इस निष्कर्ष पर पहुंची कि जहां पीड़ितों को हुआ नुकसान संस्थाओं की लापरवाही, सेवा के कारण हुआ हो, वहां उनकी जवाबदेही तय होनी चाहिए।

हर दो हफ्ते में होगी कमिटी की बैठक

डिजिटल अरेस्ट मामले में कोर्ट को बताया गया कि कमिटी की बैठक हर 2 हफ्ते में होगी और अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि भी बैठकों में मौजूद रहेंगे। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने 1 दिसंबर 2025 को सीबीआई को निर्देश दिया था कि वह डिजिटल अरेस्ट मामलों की यूनिफाइड पैन इंडिया जांच करे व राज्यों से कहा कि वह इसके लिए सहमति प्रदान करें।

बीमार ऐस्ट्रोनॉट को लाने का पहला मिशन

- इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन से पहली बार अंतरिक्ष यात्रियों को इमरजेंसी की हालत में धरती पर लाना पड़ा। नासा ने स्पेसX के ड्रैगन कैप्सूल से यह मिशन पूरा किया।
- अमेरिका, रूस और जापान के ये चार ऐस्ट्रोनॉट गुरुवार को कैलिफोर्निया से लगे प्रशांत महासागर में उतरे। इनमें एक अंतरिक्ष यात्री बीमार था।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 16-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMCLAS User: cci Time: 01-15-2026 23:28 Color:

227 बीएमसी प्रभागों के नगरसेवकों का फैसला आज शाम तक होगा।

आए थे छोड़कर काम, ढूंढते रहे लिस्ट में नाम

सभी 6 लोकसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों से ग्राउंड रिपोर्ट

अपने समय से चार साल बाद हो रहे बीएमसी चुनाव में मतदान के दिन गुरुवार को NBT के 8 संवाददाताओं ने अधिक से अधिक मतदान केंद्रों का हाल जानने की कोशिश की। जहां एक ओर लोकतंत्र के इस उत्सव में शामिल होने का उत्साह नजर आया, वहीं दूसरी ओर कई लोगों में सूची में नाम न होने के चलते वोट न देने पाने की निराशा भी दिखी। बुजुर्ग और दिव्यांगों ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान मतदान केंद्रों पर कई अव्यवस्थाएं भी नजर आईं। जानते हैं कैसे रहे मौके पर हालात:

वे कह रहे हैं मेरा वोट कोई और डालकर चला गया

Suraj.Pandey@timesofindia.com

■ मुंबई: मतदाताओं की भीड़ सुबह से ही मतदान केंद्रों पर देखने को मिली, लेकिन कुछ मतदाता परेशान भी दिखे। किसी का सरनेम लिस्ट में अलग था, तो किसी का नाम रिकॉर्ड में नहीं था, तो किसी ने आरोप लगाया कि उसके नाम पर कोई और ने मतदान करके चला गया।

एस बाफना जूनियर कॉलेज में पोलिंग बूथ पर मतदान के लिए आई मुर्गेश और उनके पति पोलिंग बूथ के बाहर चिल्लाते हुए नजर आए। वहां मौजूद प्रत्याशी भूषण सोनवाने ने जब उनसे पूछा कि क्या हुआ? तो उन्होंने बताया कि मैंने अभी तक मतदान ही नहीं किया है और ये लोग बोल रहे हैं कि मेरे नाम से मतदान हो चुका है। जब इसकी पुष्टि करने के लिए बूथ के अंदर बैठे अधिकारी के पास उम्मीदवार गए, तो यह पाया कि महिला के नाम पर वोट दिया जा चुका था। इसके बाद वहां इलेक्शन ड्यूटी पर मौजूद अधिकारी से पूछा गया, तो उन्होंने महिला से उसका वोटिंग कार्ड मांगा। महिला ने कहा कि उसके पास आधार कार्ड है और मोबाइल में वोटिंग आईडी की फोटो है, जिस पर अधिकारी ने अनुरोध किया कि वे वोटिंग आईडी लेकर आएं। ऐसे कई और मामले भी देखने को मिले। किसी ने कहा कि उन्होंने लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मतदान किया, लेकिन बीएमसी चुनाव में उनका नाम लिस्ट में गायब मिला।

इस तरह मतदान केंद्र पर मतदाताओं की लंबी लाइन लगी हुई देखी गई।

मुर्गेश

'आपका नाम ही सही नहीं है'

○ **दहिसर पूर्व** के प्रभाग 6 में शैलेंद्र स्कूल के पोलिंग सेंटर में वोट डालने आई लीला बेन रसिका लाल दर्जी (73) परेशान दिखीं। उनके वोटर आईडी में सरनेम दर्जी लिखा था, लेकिन वोटर लिस्ट में जब अधिकारी ने चेक किया, तो चौहान दिखा रहा था, जिसके चलते अधिकारी ने नाम सही न होने का हवाला देते हुए उन्हें मतदान नहीं करने दिया। बुजुर्ग ने एनबीटी को बताया कि मेरे साथ पहले भी ऐसा हुआ है। मैंने कई बार इसको अपडेट करवाया है। विधानसभा चुनाव में मैंने मतदान किया था, लेकिन इस बार मना कर रहे हैं। प्रभाग 2 के आनंद नगर में वोट डालने पहुंची रीटा गोम्स (60) भी परेशान नजर आईं, क्योंकि उनका नाम ही रिकॉर्ड में नहीं था। रीटा ने बताया कि मैंने पिछली बार मतदान किया था, इस बार ये लोग बोल रहे हैं कि मेरा नाम ही इनके रिकॉर्ड में नहीं है। मैं 3 सेंटर पर जा चुकी हूं। पोलिंग अधिकारी ने कहा कि इनका नाम रिकॉर्ड में नहीं है।

लंबी कतारों ने बढ़ाई परेशानी

○ **दहिसर के शैलेंद्र** नगर और आनंद नगर के विद्यामंदिर स्कूल के मतदान केंद्र के कुछ पोलिंग बूथ पर लंबी कतारें दिखीं। मतदान करने आए सत्यनारायण विश्वकर्मा ने बताया कि पिछले आधे घंटे से कतार में खड़ा हूं, अब तक नंबर नहीं आया है। महिला और पुरुष की लाइन अलग नहीं की गई। सभी एक ही कतार में थे, इसके अलावा बुजुर्गों को भी छोड़ रहे हैं। इनकी व्यवस्था अलग करनी चाहिए। बूथ पर प्रक्रिया काफी धीमी है, जबकि अन्य बूथ पर लोग फटाफट वोट डाल कर निकल रहे हैं।

कोई गोवा से आया, तो कोई वॉकर की मदद से पहुंचा

Manish.Jha@timesofindia.com

■ **मुंबई: कांदिवली** में 68 वर्षीय कल्पना पवार करीब डेढ़ घंटे तक लाइन में खड़ी रहीं। उन्होंने वोट डालने के बाद ही नाश्ता किया। वे करीब एक किमी पैदल चलकर ठाकुर विलेज ग्रांड बूथ तक पहुंचीं। वोट डालने के बाद बोलीं कि अब जलपान कर रही हूं। पहले मतदान, फिर जलपान।

○ **गोवा से मुंबई आए मतदान के लिए**
गोवा में काम करने वाले संतोष सावंत वोट देने के लिए छुट्टी लेकर मुंबई पहुंचे। समता नगर विद्यालय बूथ पर मतदान किया। वोट डालने के बाद मामा-भांजा ने साईं बाबा का प्रसाद ग्रहण किया और लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था जताई।

○ **वोटर लिस्ट से नाम गायब, वोट से वंचित**
सालों से मतदान कर रहे बाबू भाऊ इस बार वोट नहीं डाल पाए। उनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं मिला। ऑनलाइन सर्च करने पर भी नाम नहीं दिखा। बाबू भाऊ ने बताया कि इस वजह से उन्हें मतदान से वंचित रहना पड़ा, जिससे वे बेहद निराश हैं। वहीं प्रभाग 26 निवासी झा दंपती अपने छोटे बच्चे को पड़ोसी के पास छोड़कर मतदान करने पहुंचे थे। वोट डालने के बाद लाल झा और उनकी पत्नी ने सेल्फी ली।

NSS के छात्रों ने चलने-फिरने में असमर्थ एक बुजुर्ग को मतदान केंद्र तक पहुंचाया।

परिजन बोले, वोट देने जाओ

○ **प्रभाग 46** के टी.एस.बाफना कॉलेज मतदान केंद्र पर एक सज्जन घरवालों के बार-बार कहने पर वोट डालने पहुंचे। उन्होंने बताया कि मन तो नहीं था, लेकिन परिवार के कहने पर मतदान किया। यह लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी का उदाहरण है।

वोटर आईडी है, नाम नहीं

○ **वोटर आईडी कार्ड** होने के बावजूद वोटर लिस्ट में नाम नहीं दिखने पर एक महिला नाराज नजर आई। उन्होंने उत्कर्ष मंदिर विद्यालय मतदान केंद्र पर मौजूद चुनाव आयोग के सदस्यों से बहस कर नाराजगी जताई। महिला का कहना था कि ऐसी लापरवाही से मतदान का अधिकार छीना जा रहा है।

चोट के बावजूद पहुंचे मतदान केंद्र तक

Krishna.Shukla@timesofindia.com

■ **मुंबई:** वोटिंग के लिए उत्साह से निकले कई लोगों को बिना वोट किए मायूस लौटना पड़ा। वहीं कुछ लोग पैर में चोट के बावजूद मतदान के लिए पहुंचे। घाटकोपर के पंतनगर स्थित प्रभाग 130 में यशवंत चांदने जब मतदान केंद्र में वोटिंग के लिए पहुंचे, तो मतदाता सूची में उनका नाम नहीं था। 38 वर्षीय चांदने ने बताया कि 6 महीने पहले उन्होंने मतदाता सूची में अपना नाम अपडेट कराया था, लेकिन अब मतदाता सूची से गायब मिला। निजी कंपनी में कार्यरत चांदने ने जब मतदान केंद्र में बैठे लोगों से बात की, तो वहां से उन्हें कोई मदद नहीं मिली। इसके चलते वे निराश होकर घर लौट गए। हालांकि कुछ जगह क्यूआर कोड की व्यवस्था होने से लोगों को मतदान केंद्र खोजने में आसानी हुई। वहीं इसी प्रभाग में 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला एक शख्स की मदद से मतदान के लिए पहुंचीं। उन्होंने कहा कि कई सालों बाद बीएमसी चुनाव हो रहा है, इसलिए वे वोटिंग के मौके को नहीं छोड़ना चाहतीं। पैर में चोट के बावजूद नरसिम्हा पाणिग्रही वोट करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि पैर की चोट तो कुछ दिन में ठीक हो जाएगी, मगर मतदान न करने की कसक सालों रहेगी। इसलिए जब पता चला कि कम भीड़ है, तो मैं घर से वोट के लिए निकला।

उल्वे से वोट करने मुंबई आए संभाजी झनकर।

नाम न कट जाए, इसलिए आया

○ **प्रभाग 132** में उल्वे से आए संभाजी झनकर वोट करने के लिए पहुंचे। वोटर लिस्ट से कहीं नाम न कट जाए, इसलिए वे वोट के लिए आए हैं। इसके अलावा विक्रोली में प्रशांत पवार ने कहा कि उन्होंने लोकसभा और विधानसभा में वोट किया था, लेकिन बीएमसी चुनाव की मतदाता सूची में उनका नाम नहीं था।

क्यूआर कोड फेल, मतदाता हुए परेशान

Akhilesh.Tiwari@Timesofindia.com

■ **मतदाताओं की** सुविधा के लिए लगाया गया बीएमसी का क्यूआर कोड फेल होता नजर आया। कई मतदान केंद्रों के बाहर लगे क्यूआर कोड को लोग मोबाइल कैमरे और गूगल लेंस से स्कैन करते दिखे, लेकिन जो मतदान केंद्र बताया जा रहा था, वहां की मतदाता सूची में नाम मैच नहीं हो रहा था। शिवाजी नगर स्कूल क्रमांक-1 के सामने पहुंचे महबूब अली ने बताया कि बाहर लगे क्यूआर कोड को स्कैन करने पर उनका पता दूसरी जगह का दिखा। उन्होंने कहा कि मतदाता एक पोलिंग बूथ से दूसरे बूथ तक भटकते रहे, लेकिन मदद के लिए न तो किसी पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे और न ही बीएमसी का कोई अधिकारी। वहीं सामने की बिल्डिंग में रहने वाली अजा कोकाराम चौधरी अपनी मां और छोटी बहन के साथ मतदान केंद्र पर पहुंची थीं। तीन अलग-अलग बूथों पर चक्कर लगाने के बाद भी उनकी छोटी बहन का नाम नहीं मिल पाया। अजा ने बताया कि क्यूआर कोड स्कैन करने की कोशिश करने पर भी नाम और सही स्थान की जानकारी नहीं मिल रही थी, जबकि उनकी मां पहले भी कई बार मतदान कर चुकी थीं।

क्यूआर कोड में दिक्कत आई।

अजा कोकाराम चौधरी

नाम मतदाता सूची से गायब हो गया

○ **ऐसी ही स्थिति** विक्रोली के प्रभाग 118 में प्रशांत पालकर और उनकी पत्नी प्राची के साथ भी सामने आई। उन्होंने बताया कि वे जन्म से विक्रोली के निवासी हैं और पहले कन्नमवार नगर क्रमांक-1 में रहते थे। बिल्डिंग रीडेवलपमेंट के चलते अस्थायी रूप से कन्नमवार नगर-2 में शिफ्ट हुए हैं, लेकिन उनका नाम इलेक्शन कार्ड के बावजूद सूची से गायब हो गया।

यहां वरिष्ठ नागरिक दिखे परेशान

Pankaj.Pandey@timesofindia.com

■ **मुंबई :** प्रशासन ने बीएमसी चुनाव के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था करने का वादा किया था। लेकिन वोटरों ने कई केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं नहीं होने का आरोप लगाया है। विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों ने केंद्रों में उनके लिए सुविधा उपलब्ध नहीं होने की बात कही। वहीं कुछ स्थानों पर केंद्र पर शेड की व्यवस्था नहीं होने के कारण वोटर धूप में खड़े अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। कुर्ला के बूथ 15 पर वोट डालने पहुंचीं 60 वर्षीय कमल तेलोर ने मतदान केंद्र पर वरिष्ठ नागरिकों के बैठने के लिए कुर्सी तक की व्यवस्था नहीं होने का आरोप लगाया। कमल के अनुसार, पैर दर्द की समस्या होने के बावजूद बहू का हाथ पकड़ मुश्किल से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने मतदान केंद्र तक पहुंचीं। लेकिन केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों के बैठने के लिए कुर्सी नहीं होने की वजह से केंद्र के बाहर खड़ा रहना पड़ा। कमल केंद्र में मौजूद अधिकारियों से आवश्यक इंतजाम नहीं होने की शिकायत दर्ज कराई।

धूप में खड़े रहकर वोटर्स ने बारी का इंतजार किया

कुर्ला के एक मैदान में मतदान के लिए बूथ 15 तैयार किया गया था। मैदान में मतदान केंद्र होने के बावजूद पूरे मैदान में शेड की व्यवस्था नहीं थी। इस वजह से वोटरों को धूप में खड़े रहना पड़ा। अन्य शिकायतें भी मतदाताओं ने कीं।

लिस्ट में नाम ढूंढते रहे लोग, लगी भीड़

Priya.Pandey@timesofindia.com

■ **मुंबई:** मतदान केंद्रों के बाहर सुबह से ही लंबी कतारें दिखीं, लेकिन यह भीड़ मतदान करने के उत्साह से ज्यादा गड़बड़ी के कारण निराश नजर आई। कई मतदाताओं ने शिकायत की कि उनका नाम मतदाता लिस्ट में मौजूद ही नहीं था, जबकि पिछले चुनावों में उन्होंने नियमित रूप से मतदान किया था। ऐसे मतदाता पोलिंग बूथ के बाहर अपने पहचान पत्र और पिछले वोटिंग रिकॉर्ड लेकर खड़े थे, लेकिन पोर्टल पर चेकिंग के बावजूद अधिकारियों को लिस्ट में उनका नाम नहीं मिला। कुछ स्थानों पर तो लोगों को घंटों इंतजार करने के बाद भी वापस लौटना पड़ा। कई बुजुर्ग और पहली बार वोट देने आए युवाओं ने नाराजगी जताते हुए कहा कि मतदान अधिकार से वंचित होना बेहद निराशजनक है। कुछ मतदाताओं ने आरोप लगाया कि लिस्ट अपडेट प्रक्रिया समय पर और सही तरीके से नहीं की गई, जिसकी वजह से वे भाग नहीं ले सके।

मतदाता सूची में अपना नाम देखने के लिए भीड़ लगी रही।

पति का नाम इधर, तो पत्नी का उधर

○ **चेंबूर के एक पोलिंग बूथ पर देखा गया कि जब एक बुजुर्ग पति-पत्नी पोलिंग स्टेशन पर पहुंचे और पर्चा चेक कराने गए, तब पति का पोलिंग बूथ वही था, लेकिन पत्नी का नाम नहीं था। पूछे जाने पर पता चला कि पत्नी का नाम पास वाले पोलिंग बूथ पर है। ऐसे कई मामले इस चुनाव में देखे गए।**

समय पूरा होते ही केंद्र पर बढ़ी वोटर्स की भीड़

Navin.Pandey@Timesofindia.Com

■ **मुंबई:** दक्षिण मुंबई के मतदान केंद्रों पर लोकतंत्र अपने पूरे रंग में दिखा। वर्ली, भायखला, मुंबादेवी, कोलाबा और मलबार हिल विधानसभा क्षेत्रों में फैले प्रभागों में सुबह से शाम तक मतदान चलता रहा, लेकिन इस दौरान मतदाताओं को कई छोटी-बड़ी समस्याओं से जूझना पड़ा। कहीं मतदाता सूची में नाम ढूंढने में समय लगा, कहीं कार्यकर्ताओं के बीच रणनीतिक चर्चाएं होती रहीं, तो कहीं अंतिम समय में अचानक उमड़ी भीड़ ने प्रशासन की परीक्षा ली।

○ **मतदाता सूची बनी चुनौती**
सुबह के समय वर्ली और भायखला के कई मतदान केंद्रों पर मतदाता शांत और अनुशासित नजर आए, लेकिन जैसे-जैसे समय बढ़ा, मतदाता सूची से जुड़ी समस्याएं सामने आने लगीं। कई वरिष्ठ नागरिक और पहली बार वोट डालने आए युवा मतदाता अपना नाम ढूंढने के लिए पूछताछ करते दिखे। कुछ केंद्रों पर समान नाम और उपनाम वाली प्रविष्टियों के कारण भ्रम की स्थिति बनी, जिससे मतदाताओं को भी इंतजार करना पड़ा।

इस तरह से आवाज लगाकर बताया गया कि समय समाप्त होने वाला है, अपना वोट जल्द करें।

अचानक बदले हालात

○ **कोलाबा और मुंबादेवी** क्षेत्र में राजनीतिक कार्यकर्ताओं की सक्रियता खास तौर पर देखने को मिली। मतदान केंद्रों से कुछ दूरी पर खड़े कार्यकर्ता मतदाताओं से बातचीत करते, मतदान की अहमियत समझाते और अधिक से अधिक वोटिंग के लिए प्रेरित करते नजर आए। वे चुनाव आचार संहिता के दायरे में रहते हुए किसी दल या प्रत्याशी का नाम लेने से बचते दिखे। भायखला के प्रभाग 212 में मतदान समाप्ति से ठीक पहले हालात अचानक बदल गए। अंतिम आधे घंटे में बड़ी संख्या में मतदाता मतदान केंद्र पर पहुंच गए, जिससे मतदान केंद्र पर कतार लग गई। प्रशासन ने गेट बंद करने की प्रक्रिया शुरू की।

जोश, होश और भागदौड़ के साथ हुआ मतदान

Neeraj.Tiwari@timesofindia.com

■ **मुंबई:** गुरुवार को कहीं मतदाताओं ने हिंदुत्व के मुद्दे पर वोटिंग के लिए जोश के साथ पोलिंग बूथ पर अपनी उपस्थिति दर्ज की, तो कहीं 83 वर्ष के नागरिक ने अपना मतदान कर समाज और लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का संदेश दिया। कोलीवाड़ा, माटुंगा और दादर में कुछ लोगों को अपने नाम खोजने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कुछ के नाम मिले, फिर भी अलग इलाके में बूथ पर मतदान के लिए जाना पड़ा। कुछ मतदाता ऐसे थे, जिनके नाम ही वोटिंग लिस्ट से काट दिए गए थे।

कोलीवाड़ा के प्रभाग 174 में बूथ पर पहुंचीं नाज़मा शेख (43) ने जब अपना वोटर आईडी देकर नाम की तलाश करवाई, तो लिस्ट से उनका नाम ही गायब था। उन्होंने बताया कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में उन्होंने इसी जगह पर वोट दिया था और इस बार नाम ही नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तरह की गड़बड़ी की जांच होनी चाहिए। आखिर किस मंशा से मेरा नाम मतदाता सूची से काटा गया।

पोलिंग बूथ के पास गुरुवार को मतदाताओं की कुछ ऐसी सरगर्मी नजर आई।

'हिंदुत्व पर वोट किया'

○ **माटुंगा विधानसभा क्षेत्र** के एक मतदान केंद्र पर वोट डालने पहुंचे हरीश खवारिया ने बेबाकी से अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि वह सिर्फ हिंदुत्व के मुद्दे पर ही वोट डालने आए हैं और इस बार भी उन्होंने उसी आधार पर मतदान किया है। हरीश का कहना था कि आज के दौर में जब ज्यादातर लोग हिंदुत्व जैसे मुद्दे पर खुलकर बोलने से बच रहे हैं, ऐसे समय में अगर कोई खास पार्टी या उम्मीदवार हिंदुओं के अधिकारों की बात कर रहा है, तो मेरा समर्थन उसी को मिलेगा। दाल 1000 रुपये किलो भी हो जाए, तब भी मैं अपने धर्म से समझौता नहीं करूंगा।

लोकतंत्र में सब एक समान

लोकतंत्र में चाहे कोई सेलिब्रिटी हो या आम आदमी, सबके वोट की कीमत समान है। चाहे जवान हो, बूढ़ा हो, हिंदी हो मुसलमान हो, पुरुष हो या औरत सब लोकतंत्र में एक छत के नीचे आ जाते हैं। गुरुवार को मनपा चुनाव के दौरान कुछ ऐसा ही नजारा मतदान केंद्रों पर नजर आया। मुंबईकरों ने घरों से निकलकर विषम हालात, तमाम व्यस्तता और असमर्थताओं के बावजूद अपने मतदान के अधिकार का उपयोग किया।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 16-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMMAH User: ajay.karekar Time: 01-15-2026 21:07 Color:

नमस्ते इंडिया!

मैं हूँ सेंटोरिनी - शानदार ग्रीस का एक अनमोल रत्न।

ग्रीस सिर्फ़ छुट्टियाँ मनाने की जगह नहीं है। ग्रीस वो धरती है, जहाँ दुनिया ने सोचना सीखा। सवाल पूछना सीखा। सपने देखना सीखा। देवताओं और दंतकथाओं का ये देश – सुकरात, प्लेटो, अरस्तू, आर्किमिडीज़ जैसे महान विचारकों की जन्मभूमि। गणित की शुरुआत, लोकतंत्र का बीज, पहला ओलंपिक – सब यहीं से शुरू हुआ। और फिर पार्थेनॉन, एक्रोपोलिस जैसे चमत्कार, जो आज भी वक्त को थाम लेते हैं। और फिर मैं हूँ। नीला एजियन सागर, सफेदी से सजे क्षितिज, और दिल छू लेने वाले सनसेट्स... इसलिए इंडिया, ग्रीस सिर्फ़ देखने की जगह नहीं, ग्रीस महसूस करने की जगह है।

चलो, बॅग भरो, निकल पडो... वीणा वर्ल्ड के साथ ग्रीस-यूरोप!

वीणा वर्ल्ड यूरोप

हर परिवार के लिए, परिवार के हर सदस्य के लिए!

यूरोप की आपकी पहली टूर हो या पाँचवीं, आपके लिए वीणा वर्ल्ड के पास है 'एक खास टूर'। 5 दिनों से लेकर 30 दिनों तक, डेढ़ लाख से लेकर सात लाख तक, फॅमिली टूर्स से लेकर सोलो एक्सप्लोरर्स तक, वूमन्स स्पेशल से लेकर सीनियर्स स्पेशल तक, कस्टमाइज़्ड हॉलिडेज़ से लेकर MICE कॉरपोरेट टूर्स तक...

चुनिए आपके पसंद की, आपके के लिए सुविधाजनक और आपके बजट में बैठनेवाली यूरोप टूर।

वेस्टर्न यूरोप, ईस्टर्न यूरोप, नॉर्दर्न यूरोप, सदर्न यूरोप, सेंट्रल यूरोप, मेडिटेरेनियन यूरोप, बॉल्टिक यूरोप, बाल्कन यूरोप... कन्फ्यूज़ हो गए ना? इतने सारे ऑप्शन्स हों तो ऐसा ही होता है। पर वीणा वर्ल्ड है ना! आप बस बताइए आपको कौनसा यूरोप चाहिए? हमने आपके लिए ऐसी कुछ शानदार टूर्स डिजाइन की हैं कि आप इस साल की ही नही बल्कि अगले 10 सालों के यूरोप टूर्स की प्लॅनिंग अभी से ही कर सकते हैं।

बनाइए आपका फॅमिली या फ्रेंड्स का एक्सक्लुसिव ग्रुप और चलिए वीणा वर्ल्ड के साथ यूरोप, बिंदास! टूर मॅनेजर है ना।

खुशियों भरी यादों का सरप्राईज़ **वीणा वर्ल्ड गिफ्ट कार्डस्!** veenaworld.com/gift-card

veenaworld.com

ऑल इंडिया वन प्राइस बेनिफिट मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, कोचीन, हैद्राबाद, चेन्नई, इंदौर, दिल्ली, अहमदाबाद, इन शहरों में से निकलनेवाली टूर्स की बुकिंग 31 जनवरी से पहले करने पर।

पिछले 12 सालों में **1,03,000+** पर्यटकों ने वीणा वर्ल्ड के साथ अपना यूरोप देखने का सपना पूरा किया। इनमें से पिछले साल अप्रैल से नवंबर के दौरान ही **14,500+** पर्यटक जाकर आए

वीणा वर्ल्ड यानि, **100%** ऑल इन्क्लुसिव **नो डिस्काउंट्स! नो 'फ्री' गिमीक्स! नो हिडन कॉस्टस्! नो ऑप्शनल्स!** टूर पर कोई भी अतिरीक्त खर्च नहीं। ब्रेकफास्ट-लंच-डिनर, ड्राईवर टिप्स, गाईड टिप्स, सब समाविष्ट।

अफोर्डेबल वेस्टर्न यूरोप या ईस्टर्न यूरोप starts from ₹ **1,50,000** सदर्न यूरोप **₹ 2,00,000** नॉर्दर्न यूरोप **₹ 2,50,000**

जल्दी निर्णय लीजिए। तुरंत बुकिंग कीजिए और विज़ा प्रोसेसिंग शुरू कीजिए। विज़ा कॉन्स्युलेट्स में भीड़ बढने से पहले विज़ा करवाकर लीजिए। वीणा वर्ल्ड की 118 की विज़ा टीम आपके लिए हमेशा तैयार है।

फुल पेमेंट बेनिफिट टूर के 3 से 12 महीने पहले पूरा पेमेंट करने पर मिले एक्स्ट्रा सेविंग! ₹ 3,000 से ₹ 15,000 प्रति व्यक्ति तक बचत

यूरो बढ़ रहा है टूर की कीमतें जल्द बदलेंगी। अभी सही समय है! **आज ही बुक करें,** भारतीय रुपयों में पेमेंट करें और अपना टूर प्राइस लॉक करें

फर्स्ट टाईम टू यूरोप? तो यूरोप ऐसा देखिए... 11 दिनों में 11 देश 10 दिनों में 10 देश 8 दिनों में 8 देश

वर्चुअल ट्रॅवल कॉन्फ्रेंस एक्सपर्टस् द्वारा शॉर्ट सेशन्स ताकि आपका निर्णय हो बिल्कुल सही! Call : 887 997 2223

Book Online 365 days 24x7 visit veenaworld.com

यूरोप के 120+ ऑल इन्क्लूसिव ग्रुप टूर्स के ऑप्शंस की पूरी जानकारी veenaworld.com पर उपलब्ध है।

मुंबई से शुरू होनेवाली (ex-Mumbai) टूर्स पर चलिए या भारत में या दुनिया में कहीं से भी जॉइनिंग लीविंग (J&L) टूर जॉइन कीजिए। निचे दिए हुए चार्ट में टूर का नाम, मुंबई से मुंबई टूर प्राइसेस ex-Mumbai (एअरफेअर, विज़ा, इन्शुरन्स* के साथ) और जॉइनिंग लीविंग टूर प्राइसेस J&L (एअरफेअर, विज़ा, इन्शुरन्स* के अलावा) दी गई हैं। सारी टूर प्राइसेस हजारों में हैं। J&L पर्यटकों को एअर टिकट्स, विज़ा और अन्य आवश्यक सर्विसेस के बारे में मार्गदर्शन करने के लिए वीणा वर्ल्ड सेल्स टीम उपलब्ध है।

वेस्टर्न यूरोप - इंग्लैंड से इटली

Tour Name	Ex-Mumbai	J&L
स्विस पॅरिस ऑस्ट्रिया जर्मनी (8D)	150K-200K	85K-115K
यूरोपीयन पॅनोरमा (8D)	250K-260K	180K-190K
यूरोपीयन स्प्लेंडर्स (10D)	275K-285K	205K-215K
लंडन पॅरिस स्विस इटली (9D)	285K-295K	205K-215K
यूरोपीयन हायलाइट्स (11D)	300K-310K	220K-230K
यूरोपीयन डिलाइट (13D)	365K-375K	285K-295K
यूरोपीयन ज्वेल्स (15D)	395K-410K	315K-330K
यूरोपीयन इसेन्स (15D)	400K-425K	330K-355K
मल्टी-कंट्री यूरोप (17D-27D)	450K-695K	370K-615K
एम्स्टर्डम ब्रसेल्स/स्विस पॅरिस (7/11D)	230K-345K	160K-275K
इंग्लैंड स्कॉटलैंड/आयरलैंड (10/15D)	315K-440K	245K-370K
स्विस पॅरिस/फ्रेंच रिव्हिएरा (8D/10D)	275K-310K	210K-240K
स्विस पॅरिस लंडन (11D)	375K-400K	290K-315K
स्विस पॅरिस इटली (11D)	310K-335K	230K-255K
स्विस ऑस्ट्रिया/इटली (8D/11D)	275K-335K	205K-265K
स्विस पॅरिस ऑस्ट्रिया (11D)	330K-340K	260K-270K
इटली (10D/15D)	295K-490K	230K-420K
स्विट्झर्लैंड (7D/10D)	275K-360K	210K-290K
बेस्ट ऑफ ऑस्ट्रिया (8D)	285K-295K	205K-215K
बेस्ट ऑफ फ्रान्स (11D)	300K-310K	230K-240K

नॉर्दन स्कॅंडिनेवियन यूरोप

Tour Name	Ex-Mumbai	J&L
हायलाइट्स ऑफ स्कॅंडिनेविया (7D)	250K-275K	175K-200K
बेस्ट ऑफ स्कॅंडिनेविया (10D)	335K-360K	250K-275K
ऑल ऑफ स्कॅंडिनेविया (15D)	475K-500K	385K-400K
स्कॅंडिनेविया आईसलैंड (15D)	565K-590K	475K-500K
स्कॅंडिनेविया+इस्टर्न यूरोप (17)	525K-550K	440K-465K
स्कॅंडिनेविया रशिया (17D)	435K-460K	365K-390K
स्कॅंडिनेविया मिडनाइट सन (16D)	515K-540K	435K-450K
स्कॅंडिनेविया मिडनाइट सन (9D)	375K-400K	295K-420K
स्कॅंडिनेविया आईसलैंड मिडनाइट सन (14D)	625K-650K	545K-570K
स्कॅंडिनेविया नॉर्दन लाइट्स (9D) Mar 16	400K-425K	310K-335K
आईसलैंड नॉर्दन लाइट्स (10D)	515K-545K	440K-465K
स्कॅंडिनेविया आईसलैंड नॉर्दन लाइट्स (14D) Mar 4	520K-545K	430K-455K
स्कॅंडिनेविया आईसलैंड नॉर्दन लाइट्स आईसब्रेकर क्रुज (8D)	575K-600K	480K-505K
बेस्ट ऑफ ग्रीनलैंड (9D)	675K-700K	585K-610K
बेस्ट ऑफ रशिया (7D)	175K-200K	115K-140K

सदर्न यूरोप, मेडिटेरेनीयन यूरोप, सेंट्रल यूरोप, ईस्टर्न यूरोप

Tour Name	Ex-Mumbai	J&L
हायलाइट्स ऑफ स्पेन (7D)	200K-225K	130K-155K
बेस्ट ऑफ स्पेन (10D/11D)	275K-300K	205K-230K
ऑल ऑफ स्पेन (15D)	375K-400K	305K-330K
स्पेन पुर्तगाल (13D)	335K-360K	260K-285K
स्पेन पुर्तगाल मोरक्को (16D)	375K-400K	295K-320K
ग्रीस एथेंस सेंटोरिनी (5D)	200K-225K	135K-160K
ग्रीस एथेंस सेंटोरिनी रोड्स मिकोनोस (7D)	250K-275K	185K-205K
ग्रीस एथेंस सेंटोरिनी रोड्स (9D)	315K-340K	250K-270K
ग्रीस एथेंस सेंटोरिनी रोड्स मिकोनोस (10D)	325K-350K	260K-285K
ऑल ऑफ ग्रीस (14D)	425K-450K	360K-385K
इजिप्ट ग्रीस टर्की (15D)	425K-450K	--
ग्रीस टर्की (12D)	350K-375K	270K-295K
टर्की (10D/15D)	225K-350K	155K-180K
बेस्ट ऑफ इजिप्ट (9D)	175K-200K	115K-140K
इजिप्ट ग्रीस साइप्रस (12D)	390K-415K	310K-330K
ग्रीस साइप्रस (9D)	325K-350K	245K-270K
इजिप्ट मोरक्को (8D)	240K-265K	170K-195K
इजिप्ट जॉर्डन (10D)	295K-320K	230K-255K
बेस्ट ऑफ जॉर्डन (7D)	200K-225K	135K-160K

Tour Name	Ex-Mumbai	J&L
व्हिएन्ना प्राग बुडापेस्ट (8D)	165K-175K	90K-110K
व्हिएन्ना प्राग बुडापेस्ट ब्रातिस्लावा (9D)	250K-275K	175K-200K
बर्लिन वॉर्सा क्राको (8D)	240K-265K	170K-195K
क्रोएशिया स्लोवेनिया स्लोवाकिया हंगेरी (12D)	325K-350K	250K-275K
सेंट्रल & ईस्टर्न यूरोप (17D)	400K-425K	325K-350K
उझबेकिस्तान कझाकस्तान किर्गिस्तान (9D)	225K-250K	170K-195K
ताश्कंद समरकंद (5D)	79K-89K	59K-69K
जॉर्जिया आर्मेनिया (8D)	175K-200K	125K-150K
जॉर्जिया (5D/6D)	99K-175K	49K-125K
बाकू (5D/6D)	109K-155K	--
बाल्टिक एस्टोनिया लॅटविया लिथुआनिया (8D)	250K-275K	180K-205K
बाल्टिक यूरोप-स्कॅंडिनेविया (15D)	500K-525K	420K-445K
बाल्टिक बर्लिन वॉर्सा क्राको (15D)	390K-415K	330K-355K
बाल्कन रोमानिया बल्गेरिया सर्बिया नॉर्थ मॅसेडोनिया (15D)	405K-430K	335K-360K
बेस्ट ऑफ मोरोक्को (8D)	225K-250K	155K-180K
ट्युनिशिया माल्टा सिसिली (10D)	375K-400K	295K-320K

जल्द ही आ रही हैं...

इंग्लैंड स्कॉटलैंड आयरलैंड आइसलैंड | ग्रीनलैंड आइसलैंड
ग्रीनलैंड आइसलैंड स्कॅंडिनेविया | कॅनडा अलास्का आइसलैंड

द अमेरीकाज़

टूर प्राइज़ 2,00,000 से 13,25,000

साउथ अमेरिका विथ रियो कार्निवल (21D) 20 Feb-12,90,000 (J&L) 9,85,000
अंटार्कटिका द 7th कॉन्टिनेंट (13D) 3 Feb 13,25,000 (J&L) 11,25,000
यूएसए ईस्ट कोस्ट (6D/7D/9D)
यूएसए वेस्ट कोस्ट (7 Days)
यूएसए ईस्ट & वेस्ट कोस्ट+शिकागो (13D)
यूएसए ईस्ट & वेस्ट कोस्ट +ऑर्लैंडो डिज़्नीलैंड & नासा (15D)
यूएसए ईस्ट & वेस्ट कोस्ट+शिकागो & डेथ वैली योसेमिटी (18 Days)
यूएसए ईस्ट & वेस्ट कोस्ट+ऑर्लैंडो & बहामास क्रूज़ (19 Days)
यूएसए ईस्ट & वेस्ट कोस्ट+शिकागो & नॅशनल पार्क्स (22 Days)
यूएसए कैलिफोर्निया कार्निवल+डेथ वैली & योसेमिटी (10 Days)
यूएसए ईस्ट कोस्ट विथ बॉस्टन & वेरमॉंट (ऑटम कलर्स) (11D) | अलास्का कॅनडा (18D)
बेस्ट ऑफ अलास्का(9D) | बेस्ट ऑफ कॅनडा (11D)
हवाई मेक्सिको (11 Days)
बेस्ट ऑफ हवाई मेक्सिको (7D)

मैं हूँ ना!

विविधता से सजा हुआ विशाल यूरोप पर्यटन के लिए वैसे थोड़ा मुश्किल कॉन्टिनेंट है। लेकिन जब वीणा वर्ल्ड का पॉप्युलर टूर मॅनेजर, अपने पॅशन और डेडिकेशन के साथ मुंबई से मुंबई पर्यटकों के साथ होता है, तब चिंता करने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं।

- ऑस्ट्रेलिया न्यूज़ीलैंड 12 ऑप्शन्स
- अफ्रीका मिडल ईस्ट श्रीलंका 26 ऑप्शन्स
- एग्ज़ॉटिक साउथ ईस्ट एशिया 35 ऑप्शन्स
- टाइमलेस फार ईस्ट एशिया 24 ऑप्शन्स
- अतुल्य भारत 130 ऑप्शन्स
- एंट्री फी के साथ ज्यादा-से-ज्यादा 'मस्ट सी' स्थलदर्शन
- डायरेक्ट जॉइनिंग लीविंग Ex-Destination टूर प्राइस उपलब्ध
- टूर के बाद 'पोस्ट टूर हॉलिडे' या जॉइनिंग लीविंग गेस्ट्स के लिए 'प्री & पोस्ट-टूर हॉलिडे' पॅकेजेस उपलब्ध
- विदेश यात्रा के लिए फॉरेन एक्सचेंज वीणा वर्ल्ड **फॉरेक्स** से लें
- व्यक्तिगत रूप से जाना हो तो, यूरोप हॉलिडे जैसा आप चाहें वैसा **कस्टमाईज़** करवाकर लें
- **MICE कॉर्पोरेट टूर्स** कॉन्फरन्सेस, इन्सेन्टिव टूर्स, ऑफसाईट्स के लिए आज ही संपर्क कीजिए।
- अप्रैल तक वीणा वर्ल्ड के सभी सेल्स ऑफिस **रविवार** को भी खुले रहेंगे।

Travel Now Pay Later! EMI options available (3 to 24 months) subject to EMI partner approval. T&C apply

ग्रुप टूर्स में रिटर्न एअरफेअर (ex-Mumbai), ट्रान्सपोर्ट, होटल स्टे, ब्रेकफास्ट-लंच-डीनर, एन्ट्री फीज के साथ स्थलदर्शन, ड्राईवर गाईड टिप्स, टूर मॅनेजर सर्विसेस, विज़ा फी (फ्री विज़ा देशों के अलावा), ट्रॅवल इन्शुरन्स* इत्यादि सेवाएँ समाविष्ट हैं। J&L टूर्स में एअरफेअर, विज़ा फी, इन्शुरन्स* समाविष्ट नहीं हैं। यूएसए टूर्स सिर्फ यूएसए विज़ा* धारकों के लिए हैं। फुल पेमेंट बेनिफिट लिमिटेड टाइम के लिए है और प्रमोशनल टूर्स EUGP, AMGP, ASPJ, ASSJ, ASZL... और इनकी स्पेशलिटि टूर्स पर लागू नहीं है।

veenaworld.com • Call: 1800 313 5555 • Mon-Sun 10 to 7 • travel@veenaworld.com

Dadar	887 997 2203	Vile Parle	887 997 2213	Borivali	887 997 2201	Ghatkopar	887 997 2226	Thane 1	887 997 2205	Pune	887 997 2300	Vashi	887 997 2207	Kolkata	887 997 2288
Girgaon	887 997 2215	Andheri	887 997 2216	Kandivali	887 997 7500	Chembur	887 997 2202	Thane 2	887 997 2204	Baner	887 997 9300	Ahmedabad	887 997 7200	Bengaluru Jayangr	887 997 2217
Bandra	887 997 2212	Versova	887 997 9100	Bhayandar	887 997 7400	Mulund	887 997 9600	Dombivali	887 997 2206	Chinchwad	887 997 2310	New Delhi	887 997 2700	Bengaluru Indirangr	887 997 9500
Matunga	887 997 2214	Malad	887 997 2219	Vasai	887 997 2209	Vidyavihar	887 997 2223	Airoli	887 997 9200	Hadapsar	887 997 7300	Noida	887 997 4100	Hyderabad	887 997 9700
										Book Online	887 997 2221	Gurugram	887 997 4300	Indore	887 997 9800

Veena World Sales Partners - Dubai: +971 542042072 • Oman: +968 95172049 • Australia: +61478496695 • USA: +7193521797 • Mumbai & Surrounds : Mumbai: Goregaon 7506643204 Thane: Ghodbunder Road 9619612222 • Borivali (West) 9920742999 • Kalyan 9324366699 • Mulund (West) 9819006916 • Bhandup 9768803232 • Virar 9890057727 • Ambernath 9320243824 Badlapur 7057428666 • Dombivali (West) 9833507321 • Boisar 9270479634 • Shahapur 8805550250 • Dombivali (E) 8097384222 • Navi Mumbai: Panvel 8080526826 • Kharghar 9594181777 New Panvel 9819188999 • Seawoods 8181937979 • Ghansoli 9869287118 • Kamothe 8108847979 • Uran 9833012565 • Raigad: Mahad 9822407792 • Alibaug 9923419366 • Pen 8007345658

All group tours are ex-Mumbai. Tour price is per person and on twin sharing basis. These tour prices are nett and no discount is applicable. At the time of booking, tour price to be paid in full INR by UPI/NEFT/RTGS/Cheque, in the name of 'Veena Patil Hospitality Pvt. Ltd.' No cash transactions at Veena World. Government taxes apply. Any increase in YQ taxes, airport taxes, VISA fees, surcharges (if any) will have to be borne by the travellers. T&C apply.

VEENA WORLD
Travel. Explore. Celebrate Life.

वोटर लिस्ट की गड़बड़ी ने उत्साह पर फेरा पानी

सूची समय पर न पहुंचने से सैकड़ों मतदाता वोटिंग से वंचित

निकाय चुनाव महा मुकाबला

अमित तिवारी, मीरा–भाईंदर

लगभग आठ वर्षों के अंतराल के बाद हो रहे मीरा-भाईंदर मनपा चुनाव को लेकर शहर में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। शुरुआती संकेतों से यह उम्मीद जताई जा रही थी कि इस बार वोटिंग पर्सेंटेज में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, लेकिन मतदाता सूची में गंभीर गड़बड़ियों और प्रशासनिक लापरवाही ने इन उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार, कई मतदान केंद्रों पर पूरक मतदाता सूची (सप्लिमेंट्री वोटर लिस्ट) समय पर नहीं पहुंची, जिसके चलते अनेक मतदाताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मतदाता सूची में नाम होने के बावजूद कई लोग मतदान किए बिना ही घर लौटने को मजबूर हुए।

प्रभाग-11 की मतदाता सोनम दुबे (शुक्ला) का नाम ऑनलाइन मतदाता सूची में स्पष्ट रूप से दर्ज था, लेकिन जब वे मतदान केंद्र पहुंचीं, तो वहां उपलब्ध सूची में उनका नाम नहीं मिला। काफी पूछताछ के बाद पता चला कि उनका नाम पूरक सूची में दर्ज है। बाद में पूरक सूची मिलने पर सोनम दुबे दोबारा मतदान केंद्र गईं और तब जाकर मतदान कर सकीं। इसी तरह नेसल पार्क निवासी छीतरमल गुप्ता को भी मतदाता सूची संबंधी गड़बड़ी के कारण लगभग दो घंटे तक मतदान केंद्र पर भटकना पड़ा, तब कहीं जाकर उन्हें मतदान का अधिकार मिल सका। कई वरिष्ठ नागरिकों को इस लापरवाही के कारण सबसे ज्यादा परेशानी हुई और वे एक मतदान केंद्र से दूसरे मतदान केंद्र भटकते नजर आए।



वोटिंग पर्सेंटेज पर पड़ा असर

खबर लिखे जाने तक मतदान प्रतिशत 50% से कम दर्ज किया गया। जानकारों का मानना है कि यदि मतदाता सूची से जुड़ी ये गड़बड़ियां नहीं होतीं, तो मतदान प्रतिशत में कम से कम 3 से 4% की वृद्धि संभव थी।

प्रभाग बदले, मतदाता भटके

मतदाता सूची की अव्यवस्था यहीं नहीं रुकी। कई के नाम उनके मूल प्रभाग से हटाकर दूरस्थ प्रभागों में स्थानांतरित कर दिए गए। प्रभाग 9 के निवासी सचिन ने बताया कि उनकी इमारत के करीब 200 मतदाताओं के नाम प्रभाग 19 में दर्ज कर दिए गए। मतदान केंद्र दूर होने के कारण बड़ी संख्या में लोग मतदान करने ही नहीं जा सके। इसी प्रकार प्रभाग 9 के कई लोगों के नाम प्रभाग 10 में चला गया था।

सूची से नाम गायब होने से हुई दिक्कत

NBT न्यूज, वसई : मनपा के प्रभाग क्रमांक-27 में कई मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से गायब होने पर उन्हें निराश लौटना पड़ा। यह स्थिति नायगांव के जुचंद्र स्थित कर्मवीर भाऊराव पाटील विद्यालय के मतदान केंद्र पर दिखी। मतदाताओं को जो पर्ची (स्लिप) दी गई थी, उस पर मतदान केंद्र का नाम तो दर्ज था, लेकिन जब वे केंद्र पर पहुंचे तो पता चला कि मतदाता सूची से उनके नाम गायब हैं। निराश मतदाताओं ने कहा कि चुनाव अधिकारियों द्वारा दिए गए क्रमांक और मतदान केंद्र पर उपलब्ध मतदाता सूची में अंतर पाए जाने से विचित्र स्थिति बन गई। इससे बुजुर्गों और महिलाओं को परेशानी झेलनी पड़ी। इस पर भूमिपुत्र संगठन के अध्यक्ष सुशांत पाटील ने कहा कि यह सीधे तौर पर मतदाताओं के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। चुनाव प्रशासन की लापरवाही के कारण आम जनता को मतदान से वंचित होना पड़ा है। इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

इलेक्शन ब्रीफ

विरार में फर्जी मतदान का मामला, जांच हुई शुरू

NBT न्यूज, विरार : विरार ईस्ट में एमजीवी वर्तक स्कूल स्थित मतदान केंद्र प्रभाग क्रमांक-3 पर गुरुवार को 11 बजे महेश शंकर राठौड़ (33) वोट देने पोलिंग बूथ पहुंचे, तो उन्हें बताया गया कि उनका वोट दिया जा चुका है। राठौड़ ने बीएलओ से पूछा, तो रिकॉर्ड जांचकर बताया गया कि उनके नाम से पहले ही आधार कार्ड दिखाकर कोई मतदान कर चुका है। शिकायत होने पर मतदान अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फर्जी मतदान करने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। चुनाव विभाग द्वारा सीसीटीवी फुटेज और रजिस्टर की जांच की जा रही है, ताकि पता लगाया जा सके कि फर्जी मतदाता कौन था और वह कैसे वोटिंग में सफल हुआ।

BJP के विधायक महेश चौघुले ने की आतिशबाजी

NBT न्यूज, भिवंडी : प्रभाग क्रमांक-1 पर पूर्व महापौर प्रतिभा विलास पाटील के बेटे ऐड. मयूरेश पाटील के खिलाफ BJP विधायक महेश चौघुले के बेटे मित चौघुले हैं। चुनौतीपूर्ण मुकाबले के बीच वोटिंग के दिन यहां तनाव का माहौल देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। इसी दौरान शाम 5:30 बजे विधायक पुत्र चौघुले के समर्थकों ने शिवाजी चौक पर आतिशबाजी की, जबकि नियमानुसार वोटिंग सेंटर के 100 मीटर के दायरे में केवल मतदाताओं को प्रवेश की अनुमति थी। यहां पुलिस की मूकदर्शक भूमिका क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी।

चुनाव आयोग व BJP की है मिलीभगत: हितेंद्र ठाकुर

NBT न्यूज, विरार : बहुजन विकास आघाडी के नेता व पूर्व विधायक हितेंद्र ठाकुर ने बीजेपी व चुनाव आयोग पर आपस में मिलीभगत का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जबसे मतदान केंद्र पर मोबाइल फोन ले जाने पर बैन लगा है, तबसे कई बिजी वोटर मतदान केंद्र पर पहुंचने के बाद बिना वोट दिए अपने काम और बिजनेस पर चले जाते हैं। मतदान केंद्र में आयोग का नियम सही है, लेकिन वहां मोबाइल फोन रखने का इंतजाम होना चाहिए। उन्होंने कई जगहों पर ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है।

मकर संक्रांति पर रहा उत्साह, पूजा-पाठ कर किया मतदान

NBT रिपोर्ट, मुंबई:

गुरुवार को मुंबई और सटे उपनगर में हिंदी भाषी समाज की ओर से मकर संक्रांति का पर्व विशेष उत्साह और आस्था के साथ मनाया गया। इस वर्ष मकर संक्रांति पर धार्मिक परंपराओं के साथ लोकतंत्र के उत्सव का सुंदर संगम देखने को मिला। पूजा-पाठ के बाद बड़ी संख्या में लोग वोट देने मतदान केंद्रों तक पहुंचे।

मंदिरों में विधिवत पूजा-अर्चना की गई

महानगर के विभिन्न इलाकों में हिंदी भाषी समाज के लोग सूर्योदय से पहले स्नान कर सूर्य देव की उपासना में जुट गए। श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर उत्तरायण सूर्य से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इसके बाद परेल, भायखला, दादर, गिरगांव, अंधेरी, कांदिवली और बोरीवली समेत शहर के मंदिरों में भगवान विष्णु और सूर्य नारायण की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी।

फोर्ट निवासी रंजीत सिंह ने कहा, 'मकर संक्रांति हमें सकारात्मकता और कर्तव्य का संदेश देती है। जैसे सूर्य अंधकार को दूर करता है, वैसे ही मतदान लोकतंत्र को मजबूत करता है।' वहीं, शशि सिंह ने बताया, 'हमने सुबह स्नान-पूजा के बाद कुलगुरु, चूड़ा और तिल-गुड़ खाया और परिवार संग मतदान करने गए। यह हमारे लिए धर्म और लोकतंत्र दोनों का पर्व बन गया।'

तिल-गुड़ की मिठास के साथ मतदान

युवा मतदाता आकाश पांडेय ने कहा, 'त्योहार के दिन वोट डालना मेरे लिए गर्व की बात है। तिल-गुड़ की मिठास के साथ मतदान करने से मेरे लिए यह दिन और भी यादगार बन गया।' दूसरी तरफ, मंदिर के पुजारी पंडित राजेंद्र शुक्ल ने कहा, 'मकर संक्रांति दान-पुण्य और सूर्य उपासना का पर्व है। यह पावन दिन है और इस दिन अपने मत के अधिकार का प्रयोग न केवल समाज और राष्ट्र के लिए जरूरी है बल्कि दोनों के लिए शुभ संकेत भी है।'

कौए को बचाने गए दमकल कर्मी ने गंवाई जान

NBT न्यूज, भिवंडी : हाई-वोल्टेज बिजली की तारों में पतंग के मांझे में फंसे कौए को बचाने गए दमकल कर्मचारी नितिन पष्टे (50) की करंट लगने से मौत हो गई। आसाराम आघाव गंभीर घायल हो गए। दमकल कर्मियों में नाराजगी है। शहर के एक निजी अस्पताल परिसर में मृतक दमकल कर्मी के परिजन ने गुस्से में मुख्य अग्निशमन अधिकारी राजेश पवार के साथ कथित रूप से मारपीट भी की। भादवड-टेमघर में शाम के समय हाई-वोल्टेज बिजली के तारों में एक कौआ पतंग के मांझे में फंस गया था। सूचना मिलने पर मनपा दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मी नितिन पष्टे ने फाइबर की छड़ी का उपयोग करके कौए को छुड़ाने की कोशिश शुरू की। इसी दौरान हाई-वोल्टेज लाइन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्हें बचाने को दौड़े साथी जवान आसाराम आघाव भी करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद नितिन पष्टे के शव को आईजीएम उपजिला अस्पताल ले जाया गया। घायल दमकल कर्मी को इलाज एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

करंट लगने से दमकल कर्मी की मौत, एक गंभीर घायल



मरीन ड्राइव देख टोरंटो की याद आ गई ऐथलीट ग्रासी को

7 बार के ओलिंपिक मेडलिस्ट आंद्रे मुंबई मैराथन के इवेंट ऐंबैसेडर

NBT रिपोर्ट, मुंबई

मुंबई मैराथन के ब्रांड ऐंबैसेडर और कनाडा के दिग्गज ऐथलीट आंद्रे दे ग्रेसी पहली बार मुंबई आकर बेहद खुश हैं। इस खुशी का इजहार उन्होंने टाइम्स ऑफ इंडिया के कार्यालय में बातचीत के दौरान किया। सात ओलिंपिक मेडल जीत चुके आंद्रे ने मुंबई शहर की खुलकर तारीफ की।

आंद्रे ने मुंबई शहर की खुलकर तारीफ की

उन्होंने कहा कि होटल के कमरे से दिखने वाला मरीन ड्राइव उन्हें खासा भाया और कनाडा में टोरंटो स्थित अपने घर की याद दिला गया। ऊंची इमारतों और फैलते शहर को देखकर उन्होंने कहा कि मुंबई वाकई बहुत बड़ी और खूबसूरत है। ओलिंपिक खेलों में 2 गोल्ड, 2 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके 31 वर्षीय ग्रासी अब लॉस एंजेलिस ओलिंपिक खेलों में भाग लेने की उम्मीद लगाए हुए हैं। उन्होंने इसे अपने लिए 'होम गेम' जैसा बताया, क्योंकि वे लॉस एंजेलिस के विश्वविद्यालय से जुड़े रहे हैं।

SL Shanth Kumar

'रेस फिनिश करो, खुद को चोट से बचाओ'



18 जनवरी को मुंबई मैराथन है, जिसमें 65,000 से अधिक रनर्स हिस्सा लेंगे। यह सिर्फ रेस नहीं, धैर्य, तैयारी और सही रणनीति की परीक्षा है। रनिंग के दौरान सही पेसिंग, पर्याप्त हाइड्रेशन और हल्का वार्म-अप प्रदर्शन को बेहतर बनाता है। रिकवरी उतनी ही जरूरी है। वरदान के सीनियर फंक्शनल मैनुअल थैरेपिस्ट प्रशांत वर्मा ने कहा कि सही तैयारी और सावधानी से न सिर्फ फिनिश टाइम सुधरता है, बल्कि शरीर को अनावश्यक चोट और थकान से भी बचाया जा सकता है।

1. पूरी दौड़ के दौरान एक जैसी गति बनाए रखने से फिनिशिंग टाइम बेहतर होता है और रेस के आखिरी चरण में अत्यधिक थकान से बचाव होता है।
2. प्यास लगने पर ही पानी पिएं, जरूरत से ज्यादा पानी पीने से बचें। पानी के साथ सोडियम (नमक/इलेक्ट्रोलाइट) लेना जरूरी है।
3. खड़े होकर हल्की स्ट्रेचिंग करें, जैसे क्वाड्रिसेप्स, हैमस्ट्रिंग और काफ (पिंडली) की स्ट्रेच। दौड़ में यही मांसपेशियां सबसे ज्यादा काम करती हैं।
4. रेस के बाद मांसपेशियों में दर्द और जकड़न होना तय है, इसलिए शरीर में खोए हुए तरल का लगभग 150% दोबारा लेना चाहिए।

NBT स्मृति यादों के चिराग

सोलहवीं पुण्यतिथी



श्री. प्रेम द्विवेदी
१३-०२-१९५५ * १६-०१-२०१०
एक ऐसे कर्मयोगी जो सदैव हमारे प्रेरणा स्त्रोत रहे और हमेशा रहेंगे
सप्रेम स्मरण
* नवभारत शिपिंग इंडिया लिमिटेड
* वाउचर इंडिया
एवम समस्त द्विवेदी परिवार

प्रार्थना सभा

शोक सभा

अत्यंत दुःख के साथ सूचित कर रहे हैं कि मेरी पत्नी श्रीमती लता कन्हैयालाल अग्रवाल का स्वर्गवास दिनांक 14/01/2026 को हो गया है। हरि इच्छा प्रबल है। उनकी आत्मा की शांति के लिए बैठक 16/01/2026 शुक्रवार को शाम 04:30 बजे से 06:00 तक निम्न स्थान पर रखी गई है।
स्थान : क्रियान चैम्बर, 2 रा माला, ए. पी. शाह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, टाइगर सिटी मॉल के सामने, कासारवडवली, ठाणे (पश्चिम)
शोकाकुल
पति : कन्हैयालाल
पुत्र व पुत्रवधू : अखिल व मोनिका
पौत्र : वरियांश
पुत्री व दामाद : अमी व पंकजजी
दोहिता व दोहिती : आयुष व वरी
एवं समस्त चिड़ावाला परिवार
पीहर पक्ष : काबड़ी परिवार
9920518573

पुण्यतिथि

सोलहवीं पुण्यतिथि

स्व. शंकरलालजी गोयनका
दिनांक १६-१-१९४६ से १६-१-२०१०
मिठी मधुर आपकी मुस्कान कभी न मिट पाएगी।
आपका स्वभाव, आपकी प्रेरणा, सदैव याद आएगी
आपके संस्कारों की पूंजी हमें प्रेरणा बन राह दिखाएगी।
आपको शत शत प्रणाम।
श्रद्धा सुमन
पुत्र: आलोक गोयनका, मोहित गोयनका
एवं समस्त गोयनका परिवार

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TIMES interact — To book your ad — Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

TO ADVERTISE IN THIS SECTION CALL JITESH DOMINIC: 9867407521

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

अकादमिक

शिक्षक

URGENTLY required 01 PT Teacher & 01 Clerk with Tally Exp. for Primary & Secondary School at Kisan NGR, Thane (W). For details pl. Contact no. 9022319262

रिक्त पद

फोरमैन व कारपेन्टर फर्नीचर बनाने/ मरम्मत करने के लिए चाहिए, अनुभव: 8 से 10 साल. संपर्क: 9819944191/ 40020800

बिजनेस

BUSINESS OFFERS

"ALL types of Title Clear Property Buy & Sale, Flat/ Shop Rental, Document Search, Fencing, Survey, NA Work, and Legal Assistance - All Services Under One Roof, at Your Doorstep!" Mumbai Panvel Thane Igatpuri, Vadhvan port VISHAL Estate 7770003618 / 7770009609

सेवाएं

फिल्म से संबंधित

MFI Film & TV Studio
MFI Bollywood audition & training-web series Stop Crime Strangers. Freshers Actor, Singer welcome 9136034519, 9324754587

प्रॉपर्टी

फार्म हाउस

ALIBAUG-NAGAON, Main Road, Ultra-Exclusive Signature Coconut Mango Farm, 31 Gunthe, Beach 1 km, Bluechip Locality, Water, Electricity, Clear Title Report Ready. Owner 7039454636

मुंबई प्रॉपर्टीज

अंधेरी पश्चिम

3BHK for sale at Gundecha Symphony higher flr well done up with all amenities price 3.41cr, More options available Vastu Realtors 9930770979

दहिसर

DAHISAR (E)-1BHK (68Lakh), 2BHK (1.30Cr), 3BHK (1.80Cr), 3.5BHK (2.40Cr)- Near Rly. Stn- Metro- Mkt. for Photos- Videos Broker- 9322231578 / 9320131578

गोरेगांव पूर्व

GOREGAON East for sale Aary view 3 BHK - 1069' carpet fully furnished 2 parkings higher floor in Yash Orion Sunil 8909261111

SION

JODI (2BHK + 2BHK Adjoining) Flat for Sale in Dosti Elite, Sion. Contact Owner : Desai 8446694449 No Brokers.

प्रॉपर्टी ऐन्सलेरीज

वाणिज्यिक परिसर (अचल संपत्ति)

DENTAL-CLINIC for SALE at KHAR (WEST) (10 yrs. running), 300sq.ft. area approx., fully functional, 2 Dental chairs with complete setup, equipment & material. Call: 9833495377 / 87 (9am-12pm)

SHOPS - Godown on sale/ rent Tembi Pada Road, Pandav Kunj Building, Bhandup (W) Lg 4&5 Area 665' ideal for Mnc's, retail shop owner 022- 66346404- 9930647494- 9821936787

NAVI-MUMBAI International Airport 2 km. Vadghar-Karanjade, 200 Sq.Ft. Prime location shop on Rent for Bank ATM, Call- 9394139000

औद्योगिक परिसर

ON Rent 5500 sq ft Pillarless shed. 2nd Floor, Andheri Kurla Road, Saki Naka. 16 ft clear height on sides & 35 feet centre height with energy saving PUFF roof. Suitable for Padel Sports Turf, Garment, Pharma, Showroom, Experience Centre, Light Industries etc. Contact owner 9619806812

THANE INDUSTRIAL GALA FOR SALE Area 512 sq.ft. with 2 Loft (140 sq.ft each) at WAGLE ESTATE, MULUND Checknaka. Mob. 99875 18783

टेंडर और नोटिस

निविदाएं (टेंडर्स)

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
प्रापण विभाग,
यूनियन बैंक भवन, प्रथम तल, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400 021
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा कर्मचारी सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत 3 वर्षों के लिए वर्चुअल / फिजिकल डॉक्टर / टेली परामर्श सेवाएं प्रदान करने के लिए सेवा प्रदाता की नियुक्ति हेतु आरएफपी.
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा कर्मचारी सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत 3 वर्षों के लिए वर्चुअल/फिजिकल डॉक्टर/टेली परामर्श सेवाएँ प्रदान करने हेतु सेवा प्रदाता की नियुक्ति के लिए जीईएम (GeM) पोर्टल (जीईएम बोली संदर्भ संख्या - GEM/ 2026/B/7106982) के माध्यम से दो-बोली प्रणाली में प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं. विस्तृत जानकारी बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.bank.in पर उपलब्ध है. निर्धारित प्रारूप में प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि 06.02.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक है. बैंक कोई भी / सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार कर सकता है.
सहायक महाप्रबंधक

TENDER NOTICE FOR CIVIL AND PAINTING WORK
NEPTUNE FLYING KITE C.H.S. LIMITED, Neptune Living Point, Lal Bahadur Shastri Marg, Bhandup (West), Mumbai - 400078.
Sealed Tenders are invited from qualified & reputed contractors who have executed repairs to quote for - Structural Retrofitting, Plastering, Crack Filling, Painting & Allied Civil work.
Tender form available at Society office from 16th January 2026 to 24th January 2026 between 11 am to 6 pm.
Tender Submission Last Date: 25th January 2026 before 9 pm
Tender Cost : Rs. 5,000 by Cash / Demand Draft (Non Refundable).
Project Management Consultant : Techno Consulting Engineers
Contact: 8788922190
E-mail : techcem@gmail.com

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I, A Vijaya Sarathi Son of Arunachalam G N r/o Nagakuppam, Myladumparai, R.K Pet, Tiruvallur, T.N-631302 have changed my name from A Vijaya Sarathi to Vijayasarathi A vide aff. No. UP42547442403264Y dt. 09/01/2026 at Prayagraj

I, SUVARNA Sanjay Khamkar Wife of Khamkar Sanjay Parmeshwar r/o Mu Anandwadi, Osmanabad, M.H-413505 have changed my name from Suvarna Sanjay Khamkar to Suwarna Sanjay Khamkar vide aff. No. 59AB865717 dt.14/01/2026 at Nashik

I, G Nagarajan Father of Arunachalam G N r/o Nagakuppam, Myladumparai, R.K Pet, Tiruvallur, T.N-631302 have changed my name from G Nagarajan to Nagarajan G vide aff. No. UP40635374644172Y dt. 08/01/2026 at Prayagraj

I, NEETA Kumari Wife of Nitin Kumar Kashyap r/o Vazidpur, Baghpat, U.P-250611 have changed my name from Neeta Kumari to KM Neeta Kumari vide aff. No. 59AB865716 dt.14/01/2026 at Nashik

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

BOOK YOUR PROPERTY ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Asif Faridi 9594 343 468
Jitesh Dominic 9867 407 521
To Book Online Log on To Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

BOOK YOUR VEHICLES ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Datta Khandbhor 9594 058 122
Jitesh Dominic 9867 407 521
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 16-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMDEVI User: cci Time: 01-15-2026 23:39 Color:

दिग्गजों ने निभाई नागरिक जिम्मेदारी

तस्वीरों में मतदान

NBT रिपोर्ट, मुंबई: महाराष्ट्र की सभी 29 महानगरपालिकाओं के लिए गुरुवार को मतदान किया गया। लोकतंत्र के इस पर्व पर राजनीतिक हस्तियों ने अपने-अपने मतदान क्षेत्र में मतदान किया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर और उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ठाणे में मतदान किया। इसके अलावा कई अन्य राजनीतिक हस्तियों और आला प्रशासनिक अधिकारियों ने बीएमसी चुनाव के लिए वोटिंग की।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने परिवार के साथ मतदान किया।

उद्धव ठाकरे ने पूरे परिवार के साथ मताधिकार का इस्तेमाल किया।

मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा पत्नी मंजू के साथ।

BMC कमिश्नर भूषण गगरानी।

DCM शिंदे ने पिता, सांसद बेटे श्रीकांत शिंदे और परिजनों के साथ वोट दिया।

MNS प्रमुख राज ठाकरे वोट डालते हुए।

प्रताप सरनाईक ने किया मतदान।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल पत्नी के साथ।

IAS मिलिंद, मनीषा म्हैसकर।


NCP SP विधायक जितेंद्र आव्हाड ने नौपाडा स्थित सेंटर पर किया मतदान।

शिंदेसेना के सांसद नरेश म्हस्के ने कोपरी में किया मतदान।

BJP विधायक संजय केलकर ने पत्नी के साथ तीन हात नाका में मतदान किया।


बीजेपी विधायक नरेंद्र मेहता ने परिवार के साथ वोट दिया।

मुंबई पुलिस कमिश्नर देवेन भारती ने पत्नी के साथ मतदान किया।

सिद्धिविनायक मंदिर के कोषाध्यक्ष पवन त्रिपाठी।

गड़बड़ी से मिली जीत को अमान्य करा सकते हैं कैंडिडेट

Krishna.Shukla@timesofindia.com

मुंबई: चुनाव सबको बराबरी का मौका देता है, लेकिन यदि इस अवसर को कोई अनुचित ढंग से प्रभावित करता है, तो इलेक्शन पेटिशन चुनावी गड़बड़ियों से लड़ने का कारगर विकल्प बनती है। चुनावी निष्पक्षता के मानक स्थापित करने के लिए कई बार यह पिटीशन कैंडिडेट की जीत को अमान्य घोषित कर देती है। कोर्ट में यदि चुनावी धांधली साबित हो जाती है, तो चुनाव को रद्द कर दिया जाता है और दूसरे नंबर पर रहने वाले प्रत्याशी को विजेता घोषित कर दिया जाता है। कैंडिडेट के अलावा मतदाता को भी ऐसी याचिका दायर करने का अधिकार है। चुनावी याचिका में मुख्य रूप से कानून से जुड़े पहलू और तथ्यों की प्रामाणिकता को परखा जाता है। नियमानुसार, चुनावी नतीजों के 45 दिनों के भीतर चुनावी याचिका बॉम्बे हाई कोर्ट में दायर करनी होती है। जनप्रतिनिधित्व कानून में 6 महीने के भीतर चुनावी याचिका के निपटारे का प्रावधान है। मिली जानकारी के मुताबिक, बॉम्बे हाईकोर्ट में साल 2008 से 2019 के बीच 121 याचिकाएं दायर की गई थीं। इसमें से 108 याचिकाओं का निपटारा हुआ था। ऐडवोकेट शंभू झा को कहना है कि चुनाव से जुड़े मामले को सुलझाने के लिए इलेक्शन ट्रिब्यूनल की जरूरत है।

रिजल्ट के 45 दिनों में दायर हो सकती है पेटिशन

चुनावी याचिका के आधार

- यदि चुनाव जीतने वाला उम्मीदवार चुनाव में खड़े होने के योग्य न हो।
- चुनाव के दौरान यदि जीते कैंडिडेट का भ्रष्ट आचरण सामने आता है।
- मतगणना के दौरान गड़बड़ी सामने आने पर।
- चुनाव के दौरान जीते प्रत्याशी का नामांकन अनुचित तरीके से स्वीकार किया जाना।
- चुनाव के समय कैंडिडेट का गैरकानूनी तरीकों का इस्तेमाल करना।
- जीते कैंडिडेट द्वारा खुद से जुड़े सही दस्तावेज न देना।

इलेक्शन पेटिशन चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता का मजबूत विकल्प है। कानूनी उल्लंघन को आधार बनाकर कैंडिडेट अदालत जा सकते हैं।
ऐडवोकेट अटल दुबे

चुनावी याचिका का स्कोप सीमित होता है। इसमें मुख्य रूप से चुनावी प्रक्रिया को परखा जाता है। इसके लिए ठोस सबूतों का होना जरूरी होता है।
ऐडवोकेट घनश्याम उपाध्याय

अस्पताल से मतदान करने के लिए पहुंचे ये लोग...

अजीत मराठे

छोटेलाल यादव

NBT रिपोर्ट, मुंबई: ठाकुर विलेज स्थित ठाकुर कॉलेज ग्राउंड में आठों ये एक बुजुर्ग छोटेलाल यादव अपनी बेटी के साथ वोट देने पहुंचे। उनके हाथ में ड्रिपी लगी हुई थी। सिंह इन्टेट के रहनेवाले छोटेलाल की बेटी ने बताया कि इन्हें तेज बुखार, खांसी और सांस लेने में दिक्कत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुधवार को चलने की ताकत भी नहीं थी। लेकिन आज थोड़ा आराम मिलते ही, उन्होंने कहा कि मुझे मतदान करना है। अस्पताल से कुछ समय की छुट्टी लेकर आए हैं।

पार्किंसन के बावजूद पहुंचे वोट देने: दहिसर के विद्यामंदिर स्कूल स्थित पोलिंग बूथ पर व्हील चेयर के सहारे 66 वर्षीय अनीत मराठे मतदान करने के लिए पहुंचे। परिवार ने बताया कि इन्हें पार्किंसन है, लेकिन ये हर चुनाव में मतदान करते हैं। इस बार भी उन्होंने अपना मत दिया।



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 16-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTM6 User: cci Time: 01-15-2026 23:48 Color:

649 कैंडिडेट की जीत आज ठाणे के EVM से बाहर निकलेगी

इलेक्शन ब्रीफ

बीमार वोटर को पिलाया पानी

NBT न्यूज, भिवंडी : अपने नागरिक कर्तव्य के चलते बीमारी से जूझ रही एक महिला मतदान करने असारी एसे ब्राउड स्थित वोटिंग सेंटर पहुंची। वहां पहुंचने पर उन्हें चक्कर आया, तो मौजूद महिला पुलिसकर्मी ने उन्हें कुर्सी पर बिठाकर पानी पिलाया। नागरिक कर्तव्य और सेवा कर्तव्य दोनों की चर्चा रही।

वोटिंगः उम्र मायने नही रखती

NBT न्यूज, ठाणेः मुंब्रा में 85 वर्षीय वृद्ध महिला वनिता गोविंद जेठपाल को उनके परिजन गोद में उठाकर मतदान केंद्र पर ले जाए। वोटिंग के बाद उन्होंने अपने अधिकार पर खुशी जाहिर की।

पहले मतदान, फिर जलपान

NBT न्यूज, ठाणेः वर्तकनगर स्थित विवलाहन पार्क निवासी इस परिवार के सदस्यों ने पहले मतदान, इसके

बाद जलपान किया। परिवार के मुखिया राजू तावड़िया ने कहा कि हमने पहले ही तय कर रखा था कि वोट देने के बाद ही नाश्ता और चायपान करेंगे।

नही मिली वीलचेयर, कुर्सी पर लाए गए बुजुर्ग ने दिया वोट

NBT न्यूज, भिवंडी : मनपा ने दिव्यांग मतदाताओं के लिए वीलचेयर की व्यवस्था का दावा किया था। लेकिन, प्रभाग-8 स्थित कामतलाव में पोलिंग बूथ की हकीकत कुछ और रही। वहां वीलचेयर नहीं मिलने से एक बुजुर्ग मतदाता को प्लास्टिक की कुर्सी पर बैठाकर लाना पड़ा। हालांकि, वोटिंग के बाद वह खुश दिखे।

वोटर्स के नाम जानबूझकर गायब करने का आरोप

NBT न्यूज, विरार : वसई विरार में कई वोटर्स के नाम न होने की वजह से उन्हें वोट देने से रोक दिया गया है। वसई के पूर्व MLA हितेंद्र ठाकुर ने आरोप लगाया है कि ऐसे नाम जान बूझकर गायब किए गए हैं। उन्होंने पोलिंग बूथ पर मतदाताओं की परेशानी और कई जगहों पर मशीनें बंद होने की वजह से इलेक्शन कमीशन के काम करने के तरीके पर सवाल उठाए हैं।

> पूर्व MLA ने साधा निशाना, 'डुप्लिकेट और मौजूदा वोटर लिस्ट में फर्क'

बविआ पूर्व MLA हितेंद्र ठाकुर और पूर्व क्षितिज ठाकुर ने अपने परिवार के साथ वोट देने के अधिकार का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि वोटिंग प्रोसेस के दौरान कई जगहों पर अफरा-तफरी मची रही। ठाकुर ने आरोप लगाया है कि वसई वेस्ट के मर्सेस में 500 वोटर्स के नाम गायब हैं। उन्होंने कहा कि जब वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी हुआ था, तब ये 500 नाम थे, लेकिन अब गायब हैं। विरार खैरपाड़ा में यह EVM मशीन सुबह एक घंटे के लिए बंद कर दी गई थी। ठाकुर ने आरोप लगाया कि हमारे उम्मीदवारों को वोट देने से रोकने के लिए जानबूझकर ऐसा किया जा रहा है। इसी नालासोपारा पूर्व गाला नगर में ईवीएम मशीन को लेकर लोगों ने जमकर हंगामा किया। मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन ने लोगों को शांत किया।

MMR में कई जगह EVM में आई दिक्कत

बहुप्रतीक्षित मनपा चुनावों में वोटिंग के दिन लोगों में जहां उत्साह था, वहीं अधूरी तैयारियों और तकनीकी खामियों ने 'दाल में कंकर' सा काम किया। MMR क्षेत्र में कई जगहों पर EVM में गड़बड़ी की शिकायतें आईं। लोग वोट देने के लिए एक पोलिंग बूथ से दूसरे पोलिंग बूथ भटकते मिले। तमाम तैयारियों के बाद भी छोटी-छोटी अड़चनों के चलते मतदाताओं को परेशानी हुई।

भिवंडी में दो घंटे तक रुका मतदान

NBT न्यूज, भिवंडी : शहर के नवी बस्ती इलाके में प्रभाग क्रमांक 15 के मराठी स्कूल में बने बूथ संख्या 17 पर ईवीएम मशीन खराब होने से करीब दो घंटे तक मतदान बंद रहा। अचानक मशीन बंद होने से मतदान केंद्र पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मतदाताओं को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। बूथ अधिकारियों ने खराब ईवीएम को बदलकर मतदान दोबारा शुरू कराया, लेकिन तब तक इस बूथ पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। महिलाएं और बुजुर्ग मतदाता लंबे समय तक इंतजार करते नजर आए।

> पैसे बांटने के आरोप भी लगे

उधर, शहर के खान कंपाउंड स्थित अल-फलक स्कूल मतदान केंद्र पर स्थानीय नागरिकों ने उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों पर मतदान केंद्र के अंदर पैसे बांटने का आरोप लगाया है। वहीं प्रभाग क्रमांक 21 के पटेल कंपाउंड इलाके में भी पैसे बांटे जाने का आरोप सामने आया है। शिवसेना उम्मीदवार संदीप मोईर ने पुलिस पर शिकायत के बावजूद कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है।

टिटवाला में दोबारा मतदान की मांग

NBT न्यूज, कल्याण : कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका क्षेत्र के टिटवाला इलाके में ईवीएम में कथित गड़बड़ी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। चुनाव अधिकारियों की लापरवाही के आरोपों के बीच इस घटना ने चुनावी पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह मामला टिटवाला के पैनल नंबर 3 का है, जहां राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के उम्मीदवार एडवोकेट शेखर अप्पाराव वकोडे का नाम ईवीएम में गलत तरीके से प्रदर्शित होने का आरोप है। उनके अनुसार, ईवीएम पर उनका नाम 'Shekhar Apparao Vakode' की जगह 'Sheikh Apparao Vakode' दिखाया गया, जिससे मतदाताओं के भ्रमित होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि यह गड़बड़ी उन्हें मतदाताओं द्वारा सूचित किए जाने के बाद सामने आई। इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए उन्होंने चुनाव अधिकारियों से शिकायत की और सभी ईवीएम में नाम सुधारने की मांग की।

कई जगहों पर ईवीएम बंद, मतदाताओं में नाराजगी

NBT न्यूज, वसई : वसई-विरार में मतदान के दौरान कई केंद्रों पर ईवीएम मशीनों के बंद पड़ने से मतदाताओं में भारी नाराजगी देखी गई। कई जगहों पर लोगों को लंबी कतारों में खड़े रहना पड़ा। बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी हुई। प्रभाग 26 के नायगांव-उमेलमान स्थित जिला परिषद स्कूल में करीब तीन घंटे तक ईवीएम बंद रही, जिससे कई मतदाता बिना वोट डाले लौट गए। विरार पूर्व के शिरगांव सरकारी स्कूल और नालासोपारा के पेल्हार क्षेत्र में भी ईवीएम की खराबी से मतदाता परेशान हुए। संत लीला स्कूल में चुनाव चिन्ह का बटन नहीं दबने पर उम्मीदवारों ने आपत्ति जताई।

कई जगह वोटर्स को लगाने पड़े पोलिंग बूथ के चक्कर

नवी मुंबईः कई केंद्रों पर गड़बड़ी, कई जगह देर से लगी टेबल

पुरुषोत्तम कनौजिया, नवी मुंबईः नवी मुंबई मनपा चुनाव के लिए गुरुवार को मतदान संपन्न हुआ, लेकिन सुबह से ही शहर के अनेक मतदान केंद्रों पर बड़े पैमाने पर गड़बड़ी देखने को मिली। तुर्भे, वाशी, कोपरखैरने और सीबीडी बेलापुर के मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग की तरफ से मतदान प्रक्रिया शुरू कर दी गई। हालांकि, समय से पहले पोलिंग बूथ के अंदर चुनाव आयोग की टेबलें नहीं लग पाई थीं। इसके चलते मतदाताओं ने पहले मतदान के लिए लाइन लगाई, फिर अंदर जाने पर उन्हें लौटा दिया गया। ऐसे में, लोगों को दो-दो बार लाइन लगानी पड़ी।

मिली जानकारी के अनुसार कई लोगों के नाम पोलिंग एजेंट्स की लिस्ट और अंदर की मतदाता सूची में अलग थे। इसके चलते लोगों को एक कमरे से दूसरे कमरे के चक्कर लगाने पड़े। सुबह कई ऐसे मतदाता मिले, जिन्हें मतदान केंद्र पर जाने के बाद पता चला कि उनका मतदान केंद्र ही बदल गया है। ऑनलाइन मोबाइल ऐप पर नाम अलग लिस्ट में दिख रहा था और बीएलओ की लिस्ट में नाम अलग लिस्ट में दिख रहा था।

गुरुवार की सुबह के समय मतदान धीमी गति से चला और बाद में मतदान केंद्रों पर लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। कई लोगों ने धूप में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया। हालांकि, गड़बड़ी को देखते हुए कई लोग यह कहकर लौट गए कि शाम तक स्थिति ठीक होगी, तब दोबारा मतदान करने के लिए आएंगे।

प्रभाग-12 में मशीन काम नहीं कर रही थी

प्रभाग क्रमांक 12 के यशवंत राव चौहान विद्यालय में कई मतदाताओं ने शिकायत की कि वहां से निर्दलीय चुनाव लड़ रही वैशाली वालुंजकर के चुनाव चिन्ह (कप-प्लेट) के सामने वाला बटन तीन कमरों में दब ही नहीं रहा था। लोगों को मजबूरी में दूसरी पार्टी को मतदान करना पड़ रहा था। हालांकि, बाद में शिकायत के बाद पालिका अधिकारियों ने मशीनें बदल दीं और वोटिंग सुचारू रूप से होने लगी। वैशाली वालुंजकर ने कहा कि सुबह से बटन नहीं दब रहा था, दोपहर को मशीन ठीक की गई, तब तक अनेक लोग मतदान करके जा चुके थे।

वन मंत्री नाईक भी भटके

महाराष्ट्र के वन मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता गणेश नाईक ने बताया कि पिछले कई वर्षों से उनका और उनके परिवार का मतदान केंद्र रामा नाईक विद्यालय था। लेकिन, इस बार पता चला कि मेरा मतदान केंद्र सेंट मेरी स्कूल कर दिया है। जब मैं वहां गया, तो उन्होंने कहा कि आपका मतदान केंद्र रामा नाईक विद्यालय में है। रामा नाईक के अधिकारियों ने बताया कि मतदान केंद्र सेंट मेरी में है। आखिरकार, उन्होंने सेंट मेरी स्कूल में जाकर मतदान किया।

> **मैं जबसे दिव्यांग हुई हूं, कई बार मतदान कर चुकी हूं। लेकिन, हमेशा रिक्शे से उतरते ही सरकारी अधिकारी वीलचेयर लेकर आ जाते थे। इस बार मुझे मेरी बहू का सहारा लेकर अंदर तक जाना पड़ा, फिर वीलचेयर मिली।**
> -विनीता चौहान, वोटर

> **मैं मतदान के लिए सिंगापुर से आज रात को 3 बजे आया था और सुबह सबसे पहले यहां वोट डालने के लिए पहुंचा लेकिन इतने चक्कर लगाने पड़े कि एक घंटे बाद वोट डालने का अवसर मिला।**
> - सुजीत पाटील, वोटर

649 कैंडिडेट की किस्मत आज EVM खोलेगी

अनिल कुमार शुक्ल, ठाणे : ठाणे महानगरपालिका के 33 प्रभागों में हुए चुनाव का फैसला आज सामने आएगा। चुनाव मैदान में उतरे कुल 649 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम मशीनों में बंद है, जिसका फैसला मतगणना के बाद होगा। इनमें से 6 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं, जबकि शेष सीटों के लिए 125 नगरसेवकों का चयन किया जाना है। समाचार लिखे जाने तक मतदान का अंतिम प्रतिशत नहीं आया था। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में सामने आई खामियां इस बार मनपा चुनाव में भी दोहराई गईं। कई मतदाताओं के नाम उनके घर या सोसायटी के नजदीकी मतदान केंद्र के बजाय दूर के केंद्रों पर पाए गए। कई परिवारों के सदस्यों के नाम अलग-अलग मतदान केंद्रों पर दर्ज होने से मतदाताओं में नाराजगी देखी गई। कुछ झोपड़पट्टी इलाकों में रहने वाले मतदाताओं के नाम भी पास के केंद्र के बजाय दूर इमारतों में बने मतदान केंद्रों पर पाए गए।

शहर के वर्तक नगर और नौपाड़ा में EVM बंद होने की शिकायतें सामने आईं। इससे मतदाताओं को घंटों इंतजार करना पड़ा। सीनियर सिटीजन परेशान हुए और कुछ लोग बिना मतदान लौट गए। दो घंटे की छुट्टी लेकर आए कर्मचारी भी वोट नहीं डाल पाए।

AI Image

प्रजातंत्र मरणासन्न दौर मेंः जितेंद्र आव्हाड

एनसीपी (एसपी) के विधायक और पूर्व मंत्री जितेंद्र आव्हाड ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में प्रजातंत्र अपनी आखिरी सांस गिन रहा है। आव्हाड ने कहा कि चुनाव निर्णय अधिकारी उर्वशी पाटिल के खिलाफ खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

स्याही जल्द मिटने का आरोपः आम चुनाव में मतदान के बाद कई हफ्तों तक उंगली पर लगी इंक (स्याही) वैसे ही रहती है। लेकिन गुरुवार को हुए मतदान के दौरान वोट डालने के कुछ देर बाद ही स्याही मिटने की शिकायत कई लोगों ने की। इस बार मार्कर के उपयोग को लेकर मतदाताओं सहित उम्मीदवारों ने शिकायत की और संदेह जताया।

नवी मुंबईः पिछले मनपा चुनाव से बेहतर वोटिंग

AI Image

NBT न्यूज, नवी मुंबई : नवी मुंबई मनपा चुनाव में साल 2015 के मुकाबले गुरुवार को ज्यादा वोटिंग देखी गई। नवी मुंबई के 191 स्थानों पर स्थित कुल 1,148 मतदान केंद्रों पर वोट डाले गए। गुरुवार सुबह वोटिंग की रफ्तार धीमी रही। साढ़े 7 बजे मतदान शुरू हुआ और साढ़े 9 बजे तक 8% वोट पड़े। इसके बाद 11:30 बजे तक 19.68%, दोपहर डेढ़ बजे तक 33.26% और शाम साढ़े 3 बजे तक 45.51% मतदान दर्ज किया गया। वर्ष 2015 के महानगरपालिका चुनाव में कुल मतदान प्रतिशत 48.35 रहा था।

> 2015 में पड़े थे 48.35% वोट, इस साल साढ़े 3 बजे ही 45.51% वोटिंग

मनपा आयुक्त कैलाश शिंदे ने बेलापुर से दिघा तक विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने नेरुल स्थित रायन इंटरनैशनल स्कूल के मतदान केंद्र पर स्वयं भी मतदान किया। प्रशासन द्वारा मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं। कुछ स्थानों पर तकनीकी समस्याएं सामने आने पर तुरंत नई मशीनें उपलब्ध कराई गईं। अब आज यानी शुक्रवार की सुबह 10 बजे से आठों चुनाव निर्णय अधिकारी कार्यालयों में मतगणना की प्रक्रिया शुरू होगी।

वोटिंग सेंटर में हुआ पुलिस लाठीचार्ज, कार्रवाई की मांग

वसई के वसंत नगरी परिसर में शाम साढ़े 5 बजे के बाद मतदाताओं को पोलिंग बूथ में अंदर लेने को लेकर चुनाव कर्मियों और लोगों में बहस हो गई। मामला बढ़ा और लाठी चार्ज की नौबत आ गई।

NBT न्यूज, वसई : वसई विरार में गुरुवार को मतदान के दौरान कई अजीबो-गरीब घटना देखने को मिली। कहीं ईवीएम मशीन बंद होने से मतदाता भड़के, तो कहीं मतदान करने के समय के बाद साढ़े पांच बजे मतदाताओं को अंदर लेने को लेकर हंगामा हुआ।

मामला वसई पूर्व वसंत नगरी सेंट विद्या मंदिर स्कूल में हुआ जब मतदान के खत्म होने के समय साढ़े पांच बजे के बाद मतदाताओं को अंदर लेने को लेकर बविआ व बीजेपी के कार्यकर्ताओं में झड़प हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि मजबूरन पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इस मामले को लेकर सांसद डॉ. हेमंत सावरा ने आरोप लगाया कि बविआ के कार्यकर्ता जबरन अंदर घुस गए और वोटिंग करने लगे। जब हमारे कार्यकर्ताओं ने इसका विरोध किया, तो उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया, उल्टा पुलिस ने हमारे कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया है। सावरा ने चुनाव कमिश्नर व पुलिस कमिश्नर से मांग की है कि इस पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। घटना के बाद इलाके में स्थिति तनावपूर्ण हो गई। हालांकि, पुलिस की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

कल्याण-डोंबिवली में छिटपुट घटनाएं छोड़ शांतिपूर्ण मतदान

NBT न्यूज, कल्याण : कल्याण-डोंबिवली मनपा (केडीएमसी) के लिए हुए मतदान की प्रक्रिया कुछेक छोटी घटनाओं को छोड़कर अधिकांश जगहों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मतदाताओं को असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए थे। स्कूलों के साथ-साथ निजी हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के पार्किंग एरिया में भी मतदान केंद्र बनाए गए, जिससे बूथों की संख्या बढ़ी और लंबी कतारों से लोगों को राहत मिली।

केडीएमसी के 122 सीटों के लिए मतदान अधिकतर मतदान केंद्रों पर सुचारू रूप से हुआ। दोपहर 3:30 बजे तक करीब 40% वोटिंग हुई थी, जो पिछले चुनावों की अपेक्षा कमोबेश समान रही। वर्ष 2015 में हुए केडीएमसी चुनाव में कुल 47% मतदान हुआ था। पैनल नंबर 29 पर विशेष नजर रखी गई, जहां बीजेपी और शिवसेना के उम्मीदवार आमने-सामने चुनाव लड़ रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़पों और हिंसक घटनाओं के बाद यहां कड़ी पुलिस सुरक्षा तैनात की गई थी। वहीं, डोंबिवली में एक मतदाता ने आरोप लगाया कि उनके मतदान के जगह पहले ही किसी और ने मतदान कर दिया। यहां बदलापुर की ओर से गाड़ियों के आने की सूचना के बाद पुलिस ने बाहर से आने वाले वाहनों को रोककर उन्हें वापस भेजते हुए देखा गया, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

वसई-विरार मनपा की 115 सीटों पर 55% मतदान!

NBT न्यूज, वसई : वसई-विरार मनपा की 115 सीटों पर गुरुवार को मतदान छुटपुट घटनाओं के साथ संपन्न हुआ। पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। देर शाम तक चले मतदान प्रक्रिया के बाद लगभग मनपा ने बताया कि लगभग 55% मतदान हुआ है। सुबह 7 बजे से मतदान केंद्रों में भीड़ लगने शुरू हो गई थी, जो देर शाम तक रही। शहर में कुल 1,335 घोषित मतदान केंद्रों पर मतदान किया गया इस महत्वपूर्ण चुनाव के लिए करीब दस हजार अधिक कर्मचारी-अधिकारी तैनात किए गए थे। वसई-विरार में 2015 के बाद चुनाव हुआ है। दस साल बाद हुए इस चुनाव में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। कुल 547 उम्मीदवार थे और 11 लाख 26 हजार 400 वोटर इन उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला शुक्रवार करेंगे।

चुनावी ड्यूटीः 350 रुपये मिले, आशा कार्यकर्ताओं में रोष

NBT न्यूज, भिवंडी : मनपा चुनाव के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर कर्मचारी के रूप में शहर के स्वास्थ्य केंद्रों की 343 आशा कार्यकर्ताओं को नियुक्त किया गया था। ये आशा कार्यकर्ता सुबह सात बजे से ही शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों पर अपनी ड्यूटी के लिए उपस्थित हो गई थीं। शाम 6 बजे मतदान समाप्त होने के बाद इन आशा कार्यकर्ताओं को दिन भर का भत्ता लेने के लिए मनपा मुख्यालय बुलाया गया। जब उन्हें भत्ते के रूप में मात्र 350 रुपये दिए गए, तो वे बेहद नाराज और आक्रोशित हो गईं। आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि दिन भर काम के दौरान उनके खाने-पीने की भी असुविधा रही और अंत में शाम को हाथ में केवल 350 रुपये थमा देना हमारे काम का मजाक उड़ाने जैसा है। इस घटना को लेकर वहां मौजूद आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रशासन के प्रति भारी नाराजगी जताई है।

कड़ी धूप में लगीं लंबी कतारें, भिवंडी के वोटरों ने दिक्कतों के बावजूद दिए वोट

मतदाता सूची में नाम नहीं मिलने की कई जगहों से शिकायतें

विजयकुमार सिंह, भिवंडी : छिटपुट घटनाओं को छोड़कर भिवंडी महानगरपालिका का आम चुनाव भारी पुलिस बंदोबस्त के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। हालांकि दिनभर कई मतदान केंद्रों पर अव्यवस्थाओं के कारण मतदाताओं को परेशानी झेलनी पड़ी। बीएलओ द्वारा मतदाता सूची न दिए जाने तथा सूची में नाम न मिलने की शिकायतें सामने आईं। प्रभाग क्रमांक एक के कोंबड़पाड़ा मतदान केंद्र पर मंडप की व्यवस्था नहीं होने से मतदाताओं को कड़ी धूप में कतार में खड़े रहकर मतदान करना पड़ा।

भारी पुलिस बंदोबस्त, ड्रोन और CCtv से निगरानीः चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ा पुलिस बंदोबस्त किया गया था। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के मार्गदर्शन में कुल 2694 पुलिस कर्मी तैनात रहे, जिनमें 1 डीसीपी, 8 एसीपी, 25 पीआई, 60 पीएसआई, 1550 पुलिस कॉन्स्टेबल और 1050 होमगार्ड शामिल थे। इसके साथ ही एसआरपीएफ की तीन कंपनियां भी तैनात की गई थीं। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर 25 ड्रोन कैमरों और शहरभर में लगे 1700 सीसीटीवी से नजर रखी गई। मनपा आयुक्त अनमोल सागर और डीसीपी शशिकांत बोराटे ने कई मतदान केंद्रों का दौरा किया।

ईवीएम खराबी से मतदान प्रभावितः प्रभाग क्रमांक 15 में ईवीएम खराब होने से करीब ढाई घंटे तक मतदान बंद रहा, जिससे सैकड़ों मतदाता कतार में खड़े रहे। इसी तरह मतदान केंद्र क्रमांक 18, खंडूपाड़ा स्थित सिराजुलउलूम हाईस्कूल में लगभग एक घंटे तक मतदान रुका रहा। सपा उम्मीदवार आसिम अंसारी की शिकायत के बाद ईवीएम बदली गई, तब जाकर मतदान शुरू हो सका। अन्य केंद्रों पर भी ईवीएम गड़बड़ी की सूचनाएं मिलीं।

बूथ बदले जाने से मतदाताओं को दिक्कतः कई मतदान केंद्र बदले जाने से लोगों में भ्रम रहा। रावजीनगर का बूथ खान कंपाउंड स्थित कैसर बेगम स्कूल और खान कंपाउंड का बूथ गणेश सोसायटी स्थित विवेकानंद स्कूल में किया गया। प्रभाग क्रमांक 9 के कई मतदाताओं का नाम प्रभाग 13 में दर्ज होने की शिकायत भी सामने आई।

पैसे, फर्जी मतदान और झड़पों की खूब रही चर्चा

रातभर वोट के बदले नोट बांटने के आरोप लगे। पुलिस ने कई जगह भीड़ तितर-बितर की। भंडारी चौक के पास एक मेडिकल स्टोर से स्याही मिटाने वाले केमिकल की बिक्री की सूचना मिली। टेमघर में फर्जी मतदाता पकड़े जाने का वीडियो वायरल हुआ। प्रभाग 19 के फकीह इंग्लिश स्कूल में सपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प में पूर्व नगरसेवक नोमान खान घायल हुए। वहीं प्रभाग एक में बीजेपी और केवीए कार्यकर्ताओं के बीच मारामारी हुई, जिसमें कई लोग घायल हुए।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 16-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTM7 User: cci Time: 01-15-2026 23:14 Color:

EVM और काउंटिंग रिपोर्ट मिलाकर होगी मतगणना

काउंटिंग के लिए रिजर्व दिन न रखने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनावों में आमतौर पर मतदान और मतगणना के बीच कई दिनों का अंतर होता है, लेकिन इस बार राज्य चुनाव आयोग ने बीएमसी सहित 29 महानगर पालिकाओं में वोटिंग के अगले ही दिन मतगणना कराने का फैसला किया है। जबकि चुनाव आयोग अक्सर वोटिंग के बाद देर रात या अगले दिन फाइनल मतदान प्रतिशत घोषित करता है।

इस पर राज्य चुनाव आयोग के सचिव सुरेश काकानी ने स्पष्ट किया कि इसमें किसी तरह की समस्या नहीं है। जब तक सभी महानगर पालिकाओं से मतदान का पूरा डाटा नहीं आ जाता, तब तक फाइनल वोटिंग प्रतिशत जारी नहीं किया जाएगा। काकानी के अनुसार, वोटिंग बूथ पर रिटर्निंग ऑफिसर फॉर्म 16A की कॉपी उम्मीदवार को देता है, जिसमें कुल मतदान का विवरण दर्ज रहता है।

मतगणना शुरू करने से पहले ईवीएम में दर्ज वोटों की संख्या का मिलान उम्मीदवार के काउंटिंग एजेंट की रिपोर्ट से की जाती है। इसके बाद ही काउंटिंग प्रक्रिया शुरू होती है। ऐसे में रिजर्व दिन रखने या न रखने से कोई फर्क नहीं पड़ता।

उन्होंने बताया कि मुंबई में एक प्रभाग में एक ही वोट देने का प्रावधान है, जबकि अन्य 28 महानगर पालिकाओं में एक प्रभाग में 3 से 5 वोट देने का प्रावधान था। इस दौरान कई जगह भ्रम की स्थिति बनी। कुछ मतदाताओं ने एक ही पार्टी के सभी उम्मीदवारों को वोट दे दिए, तो कुछ को उम्मीदवारों के चयन में समस्या हुई। इस समस्या को देखते हुए हर पोलिंग बूथ पर विशेष टीम तैनात की गई थी, जो जरूरत पड़ने पर मतदाताओं की मदद कर रही थी।

मतगणना के दौरान अतिरिक्त सतर्कता

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

मतदान के अगले ही दिन मतगणना कराना चुनाव आयोग के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है, खासकर तब जब मतदान के दिन फाइनल प्रतिशत में घोषित नहीं हो पाया हो। बीएमसी चुनाव में भी ईवीएम, हक और डोरों के नाम गायब होने के आरोप में चुनाव आयोग पर लगे हैं। ऐसे में शुक्रवार को मतगणना पर सवाल न उठे, इसके लिए आयोग अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है।

आज सुबह 10 बजे से शुरू होगी मतों की गिनती

■ NBT, रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी चुनाव के मतों की गणना शुक्रवार सुबह 10 बजे शुरू की जाएगी। गिनती के बाद 1700 उम्मीदवारों की जीत-हार का फैसला होगा। गुरुवार को मतदान के बाद EVM को कड़ी सुरक्षा में बीएमसी के विक्रोली, कांजुरमार्ग स्थित गोदाम में पहुंचा दिया गया है। काउंटिंग के लिए 23 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं, जहां एक साथ दो-दो प्रभागों के मतों की गिनती शुरू की जाएगी। इसके 23 रिटर्निंग ऑफिसरों की नियुक्ति की गई है।

EVM में बंद 1700 उम्मीदवारों की किस्मत

बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी ने गुरुवार शाम को काउंटिंग की तैयारियों का इंस्पेक्शन किया। उन्होंने बताया कि 2,299 अधिकारियों-कर्मचारियों की तैनाती की गई है। मतगणना केंद्रों के आसपास ट्रैफिक कंट्रोल, पार्किंग और मीडिया के लिए अलग प्रेस कक्ष भी बनाए गए हैं। BMC ने बताया कि मतगणना के दौरान सुरक्षा, बातचीत और कानून-व्यवस्था पर विशेष नजर रखी जाएगी। हर मतगणना केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, वहीं सीसीटीवी कैमरों से चौबीसों घंटे निगरानी होगी। इसके अलावा फायर ब्रिगेड और मेडिकल टीमों को भी तैनात रखा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

बीमार इलेक्शन अधिकारी करेंगे वोटों की गिनती!

Pankaj.Pandey@Timesofindia.com

■ मुंबई : बीएमसी चुनाव में तैनात कई कर्मियों के बीमार होने का मामला सामने आया है। बीमार इलेक्शन अधिकारियों में से कई की ड्यूटी शुक्रवार को मतगणना के लिए भी लगी है। गुरुवार को एनबीटी की टीम चेंबूर कॉलोनी के बीएमसी स्कूल पहुंची। इसे मतदान सुविधा केंद्र के रूप में रखा गया है। स्कूल में ही चिकित्सा मदद कक्ष पर तैनात कर्मी बेहद व्यस्त थे। मतदान के दिन 200 से अधिक कर्मचारी अपनी स्वास्थ्य जांच के लिए केंद्रों पर पहुंचे थे। 200 में से 50 से अधिक कर्मचारियों का शुगर-बीपी असामान्य था। प्राथमिक जांच के बाद इनमें से कई को जांच कराने की सलाह भी दी गई।

200 में से 50 अधिकारियों का बीपी, शुगर बढ़ा

तकलीफों के बावजूद भी वोट देने पहुंचे मतदाता

Akhilesh.Tiwari@Timesofindia.com

■ मुंबई : भले ही मतदान प्रतिशत कम रहा हो, लेकिन कुछ ऐसे लोग भी थे जो तमाम परेशानियों के बावजूद वोट डालने मतदान केंद्र तक पहुंचे। किसी का पैर टूटा हुआ था, कोई आंखों से देख नहीं पा रहा था। ड्राइवर मोहम्मद जावेद अपनी सेज से छुट्टी लेकर शिवाजी नगर स्कूल के मतदान केंद्र पहुंचे थे, लेकिन महज एक मिनट देर से पहुंचने पर वे मतदान नहीं कर सके। वहीं, आंखों की रोशनी खो चुके सोलंबा कुमार आढ़ाव ने दोस्त बलराम की मदद से वोट डाला। उधर कामरान बेग पैर में प्लास्टर लगे होने के बावजूद शिवाजी नगर स्कूल क्रमांक-1 स्थित मतदान केंद्र पहुंचे।





ANAND RATHI SHARE AND STOCK BROKERS LIMITED

Registered and Corporate Office: Express Zone, A Wing, 10th Floor, Western Express Highway, Goregaon (E), Mumbai - 400 063, Maharashtra, India

CIN: L67120MH1991PLC064106 | **Website:** www.anandrathi.com | **Email:** secretarial@rathi.com

YoY REVENUE 21.5% ↑ | YoY EBITDA 31.5% ↑ | YoY PAT 71.8% ↑

EXTRACT OF THE STATEMENT OF THE UNAUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2025

(In Rs. Millions, except earnings per share)

Sr. No.	Particulars	Quarter Ended			Nine Months Ended		Year Ended
		31-Dec-2025 (Unaudited)	30-Sep-2025 (Unaudited)	31-Dec-2024 (Unaudited)	31-Dec-2025 (Unaudited)	31-Dec-2024 (Unaudited)	31-Mar-2025 (Audited)
I	Total revenue from operations	2,481.99	2,272.02	2,043.55	6,765.07	6,460.74	8,456.98
II	Profit before tax	497.57	375.33	286.85	1,177.88	1,147.64	1,403.78
III	Profit for the period	370.04	279.01	215.43	877.19	852.01	1,036.06
IV	Total comprehensive income for the period	371.89	282.18	211.75	883.78	839.65	1,021.57
V	Equity Share Capital	313.63	313.63	221.78	313.63	221.78	221.78
VI	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year	NA	NA	NA	NA	NA	4,815.79
VII	Basic EPS*	7.54	6.27	4.86	17.87	19.21	23.36
VIII	Diluted EPS*	7.29	6.05	4.67	17.29	18.46	22.46

*EPS for the stub periods have not been annualised

EXTRACT OF THE STATEMENT OF THE UNAUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2025

(In Rs. Millions, except earnings per share)

Sr. No.	Particulars	Quarter Ended			Nine Months Ended		Year Ended
		31-Dec-2025 (Unaudited)	30-Sep-2025 (Unaudited)	31-Dec-2024 (Unaudited)	31-Dec-2025 (Unaudited)	31-Dec-2024 (Unaudited)	31-Mar-2025 (Audited)
I	Total revenue from operations	2,481.02	2,270.85	2,035.42	6,762.04	6,445.13	8,435.74
II	Profit before tax	506.26	382.19	284.33	1,198.99	1,147.31	1,405.92
III	Profit for the period	378.73	285.87	212.91	898.30	851.68	1,038.20
IV	Total comprehensive income for the period	380.14	287.28	208.49	902.51	838.42	1,022.66
V	Equity Share Capital	313.63	313.63	221.78	313.63	221.78	221.78
VI	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year	NA	NA	NA	NA	NA	4,843.51
VII	Basic EPS*	7.71	6.43	4.80	18.19	19.20	23.41
VIII	Diluted EPS*	7.47	6.20	4.61	17.71	18.45	22.51

*EPS for the stub periods have not been annualised

Notes:

The above are extracts of the detailed format of unaudited (consolidated and standalone) financial results for the quarter and the nine months period ended December 31, 2025, which have been reviewed by the Audit Committee and thereafter approved by the Board of Directors at their respective meetings held on January 14, 2026, subjected to review by the statutory auditors, and filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 and 52 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended. The full format of the aforesaid financial results are available on the websites of the Stock Exchanges (i.e., www.bseindia.com and www.nseindia.com) and also on the website of the Company (www.anandrathi.com).

The same can also be accessed by scanning the following Quick Response (QR) Code from compatible devices:

For **ANAND RATHI SHARE AND STOCK BROKERS LIMITED**
Sd/-
Pradeep Gupta
Chairman and Managing Director
DIN: 00040117

Date: January 16, 2026
Place: Mumbai

Thank You!

Today, we take this opportunity to Thank all our Clients, Investors and our Employees for being a part of our success journey.

www.anandrathi.com

ANANDRATHI

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in